राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 53, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 09 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

दबंगों ने घर में घुसकर हथौड़े से की तोड़फोड़, मकान पर कब्जा करने के लिए किया हमला .... पेज 03

दाम्पत्य विवादों को सुलझाने में भी लोक अदालतें निभा रहीं सकारात्मक भूमिका .... पेज 05

आईसीसी ने की पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा .... पेज 07

## पंजाब में जी 20 के विरोध में सड़कों पर उतरे किसान

### केंद्र की नीतियों के खिलाफ 16 किसान संगठनों ने 90 जगहों पर फूंके पीएम के पुतले

जालंधर। पंजाब के किसान-मजदूर दिल्ली में होने जा रहे त-20 शिखर सम्मेलन के विरोध में आज प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों का गुस्सा केंद्र सरकार के खिलाफ है।

किसान नेताओं का कहना है कि केंद्र सरकार की देश विरोधी नीतियां देश को गुलामी की तरफ ले जा रही हैं। पंजाब में 90 स्थानों पर पुतले फूंके जा रहे हैं।

किसानों का कहना है कि जो राष्ट्र इस सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं जिनका दुनिया के 75 प्रतिशत आर्थिक स्रोतों पर कब्जा है, वह भारत में भी हवाई मार्ग से लेकर समुद्री मार्ग, पानी, खनन इत्यादि पर कब्जा करना चाहते हैं। दूरसंचार, रेलवे तो पहले ही बिक चुके हैं। उन्होंने कहा यह सब की केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की वजह से होने जा रहा है।



#### 16 किसान जत्थेबंदियों का प्रदर्शन

किसानों नेताओं का कहना है कि पंजाब के 13 जिलों में 16 किसान जत्थेबंदियों द्वारा रोष प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शन 13 जिलों को सभी जोनों में हो रहा है। किसान-मजदूर इकट्ठा होकर अपने-अपने जोन में केंद्र सरकार का पुतला फूंक कर प्रदर्शन कर रहे हैं। बता दें कि किसानों के यह वही संगठन हैं जिन्होंने पिछले दिनों 21 अगस्त को चंडीगढ़ के लिए कूच भी किया था। पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए जहां कई जगह लाठीचार्ज किया था। वहीं पर कई किसानों को घरों में ही नजरबंद कर दिया था कई किसान गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिए थे।

## मोदी ने बिडेन के साथ की द्विपक्षीय बैठक

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार शाम यहां अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ बिडेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की जिसमें दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने करने के संबंध में तमाम मुद्दों पर चर्चा की। बिडेन कल शाम यहां पहुंचे। पालम वायुसैनिक हवाई अड्डे पर केन्द्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल वी के सिंह ने उनकी अगवानी की। बिडेन इसके बाद 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास पहुंचे जहां मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पहले दोनों नेताओं के बीच एकांत में अनौपचारिक रूप से बात हुई।

**जी20 इवेंट**



नई दिल्ली के प्रगति मैदान में जी20 शिखर सम्मेलन की तैयारी के लिए भारत मंडपम में जी 20-थीम वाला इंस्टालेशन लगाया गया।

# जी20 समिट के लिए कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष दिल्ली पहुंचे

### दो दिन में 15 लीडर्स से मिलेंगे मोदी

नई दिल्ली। नई दिल्ली में 9 से 10 सितंबर को होने वाली जी 20 समिट की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। जी 20 मेंबर्स के मेहमानों के आने का सिलसिला जारी है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जियो मेलोनी के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ नई दिल्ली पहुंचे। इसके अलावा कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और तुर्किये के राष्ट्रपति रिसेप तैयप एर्दोगन भी भारत पहुंच चुके हैं। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भी पत्नी के साथ दिल्ली पहुंचे हैं। जी 20 समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 15 वर्ल्ड लीडर्स से बाइलेट्रल बातचीत करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें से 3 द्विपक्षीय वार्ता उनके आवास पर होंगी। शुक्रवार शाम मोदी ने मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ से मुलाकात की। इसके बाद वो बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मिले। दोनों के बीच करीब 27 मिनट बातचीत हुई।



#### हमें चुनौतीपूर्ण समय में अध्यक्षता मिली

समिट शुरू होने से एक दिन पहले जी 20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा- भारत को इस संगठन की अध्यक्षता चुनौतीपूर्ण समय में मिली है। दुनिया आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रही है। कांत ने आगे कहा- भारत ने महसूस किया कि हमें अपनी अध्यक्षता वसुधैव कुटुंबकम- दुनिया एक परिवार है की थीम के साथ शुरू करनी चाहिए।

## पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा दिल्ली में जी 20 रात्रिभोज में शामिल नहीं होंगे

बेंगलुरु। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने शुक्रवार को कहा कि वह स्वास्थ्य कारणों से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से शनिवार को आयोजित जी20 रात्रिभोज में शामिल नहीं होंगे। देवेगौड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर कहा, मैं स्वास्थ्य कारणों से नौ सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी की ओर से आयोजित जी20 रात्रिभोज में शामिल नहीं हो सकूंगा। मैंने पहले ही सरकार को इस बारे में सूचित कर दिया है। मैं जी20 शिखर सम्मेलन की शानदार सफलता की कामना करता हूं। कर्नाटक में 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए जद(एस) और भाजपा के बीच सहमति बनने की खबर आने के कुछ घंटों बाद देवेगौड़ा ने दिल्ली में जी20 रात्रिभोज में अपनी अनुपलब्धता का खुलासा किया। इस डिनर पार्टी में शामिल होने के लिए पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को भी न्योता भेजा गया है।

# 'जी-20 का नयी दिल्ली घोषणापत्र आम सहमति से जारी होने की उम्मीद'

नयी दिल्ली। भारतीय अध्यक्षता में जी- 20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को सरकार ने उम्मीद जतायी कि शिखर सम्मेलन में आम सहमति से नयी दिल्ली घोषणापत्र जारी होगा जिसमें ग्लोबल साउथ के हित, प्राथमिकताएं और चिंताएं प्रतिबिंबित होंगी और सतत विकास के लक्ष्यों को गति मिलेगी।

प्रगति मैदान में भारत मंडपम में जी - 20 की तैयारियों के बीच भारतीय शेरपा अमिताभ कांत, विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा, वित्त सचिव अजय सेठ और जी -20 के मुख्य समन्वयक हर्षवर्धन श्रृंगला ने राष्ट्रीय - अंतरराष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए यह उम्मीद जताई।



कांत ने कहा कि पिछले साल जब भारत ने जी - 20 की अध्यक्षता ग्रहण की थी तब विश्व में आर्थिक वृद्धि और उत्पादन की दर बहुत धीमी थी। ऋण का संकट था, सतत विकास के लक्ष्य विपरीत दिशा में चल रहे थे और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए जा रहे थे।

कांत ने कहा, भारत ने जी - 20 की अध्यक्षता संभालने के बाद तय किया कि हम समावेशी की भावना और वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र को लेकर चलेंगे। हमने पाया कि एक तिहाई विश्व मंदी की चपेट में है। हमने तय किया कि एक टिकाऊ आर्थिक वृद्धि की शुरुआत करनी है। सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में तेजी से बढ़ना है। विश्व में प्रदूषण एवं कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए ग्रीन पहल करनी है और इसके लिए ग्लोबल साउथ के विकासशील देशों वित्तीय सहायता उपलब्ध करानी है।

हमने बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार करने, तकनीक आधारित सार्वजनिक आधारभूत ढांचा तैयार करने तथा महिला नीत विकास पर ध्यान केंद्रित किया।

# मणिपुर में फिर हिंसा 2 की मौत, 50 घायल

### तेंगनौपाल जिले में 2 जगह फायरिंग, भीड़ ने सुरक्षाबलों का रास्ता रोका, तनाव बरकरार

इंफाल। मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के पैलेल में फायरिंग की दो अलग-अलग घटनाओं में गुरुवार को दो लोगों की मौत हो गई, 50 अन्य घायल हो गए। घायलों में सेना का एक मेजर भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि पैलेल के मोलनोई गांव में सुबह करीब 6 बजे हथियार लेकर आए लोगों के समूह और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे तुरंत ककचिंग के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं गोली लगने से घायल एक और व्यक्ति को इंफाल क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) ले जाया गया। फिलहाल उसकी हालत गंभीर है।

#### पैलेल में आंसू गैस के गोले दागे

जैसे ही फायरिंग की खबर फैली, कमांडो वर्दी पहने मीरा पैबिस और अरामबाई तेंगगोल मिलिशियामेन सहित मैतेई समुदाय लोगों की भीड़ ने सुरक्षा चौकियों को तोड़ने और पैलेल की ओर बढ़ने की कोशिश की।

लेकिन असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें रोक लिया।रोके जाने पर, भीड़ में शामिल कुछ हथियारबंद लोगों ने, जो पुलिस की वर्दी पहने हुए थे, फायरिंग शुरू कर दी। इसमें सेना का एक मेजर गोली लगने से घायल हो गया। घटना में तीन अन्य पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। क्रास फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घायल मेजर को बाद में हेलिकॉप्टर से लीमाखोंग के सैनिक अस्पताल में ले जाया गया। हालात काबू करने के लिए असम राइफल्स के जवानों ने आंसू गैस के गोले दागे। इसमें करीब 45 महिलाएं और कुछ जवान घायल हो गए। दूसरी तरफ भीड़ को काबू करने के लिए इंफाल से पैलेल जा रहे RAF कर्मियों के दल को स्थानीय लोगों और मीरा पैबिस के लोगों ने थौबल में रोक दिया।

#### पांच जिलों में कर्फ्यू जारी

बुधवार को हजारों प्रदर्शनकारी बिष्णुपुर जिले के फौगाकचाओ इखाई में इकट्ठा हुए थे। वे सभी तोरबुंग में अपने सूने पड़े घरों तक पहुंचने के लिए सेना के बैरिकेड्स को तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि भीड़ आदिवासियों पर हमला करने के अलावा उनके घरों में तोड़फोड़ करना चाहती थी। इसके बाद एहतियात के तौर पर मणिपुर के सभी पांच घाटी जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया था।



## आतंकवादियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में दो अलग-अलग अभियानों में एक 'हाइब्रिड' आतंकवादी, उसका सहयोगी और आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के पाखरपोरा इलाके में सेना की 53 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस ने मिलकर एक 'हाइब्रिड' आतंकवादी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 'हाइब्रिड' आतंकवादी की पहचान तनवीर अहमद भट के रूप में की है और उसका सहयोगी यावर मकबूल गनई है और दोनों कारापोरा चरार-शरीफ के निवासी हैं। पुलिस ने कहा कि दोनों द रेजिस्टेंस फ्रंट के साथ जुड़े हुए थे, जिसे लश्कर-ए-तैयबा का एक छद्म समूह माना जाता है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकवादी पाखेरपोरा इलाके में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ) के बैनर तले काम कर रहे थे।

# भाजपा ने त्रिपुरा की 2, उत्तराखंड की एक सीट जीती

### झारखंड में जेएमएम, बंगाल में टीएमसी, केरल में कांग्रेस और यूपी में सपा की जीत

**एजेंसी**

नई दिल्ली। देश के 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों के नतीजे आ गए हैं। इनमें त्रिपुरा की दो और उत्तराखंड की एक सीट पर बीजेपी ने जीत दर्ज की। केरल की पुथुप्पली सीट कांग्रेस के खाते में गई। वहीं, बंगाल की एक सीट पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत हासिल की।

झारखंड में इंडिया अलायंस की ओर से जेएमएम ने जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश की घोषी सीट समाजवादी पार्टी के सुधारक सिंह के खाते में गई। सभी सीटों पर 5 सितंबर को उपचुनाव हुए थे।

इनमें से 5 सीट- घोसी (यूपी), बागेश्वर (उत्तराखंड), डुमरी (झारखंड), बॉक्सानगर और धनपुर (त्रिपुरा) पर इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने एकसाथ चुनाव लड़ा। धुपगुड़ी (बंगाल) और पुथुपल्ली (केरल) सीट पर विपक्षी पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में थीं।

#### यूपी की घोसी सीट

यहां इंडिया गठबंधन की ओर से समाजवादी पार्टी के सुधाकर सिंह ने जीत दर्ज की। सुधाकर ने बीजेपी के दारा सिंह को 42672 वोटों से हराया। जीत के बाद सपा नेता शिवपाल यादव ने एक्स (जो पहले ट्विटर था) पर लिखा- समाजवादी पार्टी जिंदाबाद, अखिलेश यादव जिंदाबाद।



#### झारखंड की डुमरी सीट

डुमरी सीट पर इंडिया गठबंधन से झारखंड मुक्ति मोर्चा की बेबी देवी जीतीं। उन्होंने एनडीए की ओर से आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी को 13000 वोटों से हराया।

#### उत्तराखंड की बागेश्वर सीट

उत्तराखंड की बागेश्वर सीट से बीजेपी की पार्वती दास ने जीत हासिल की। उन्होंने कांग्रेस के बसंत कुमार को हराया। बीजेपी ने विधायक चंदन राम दास के निधन के बाद उनकी पत्नी पार्वती दास को इस सीट पर उम्मीदवार बनाया था।

#### त्रिपुरा की बॉक्सानगर और धनपुर सीट

त्रिपुरा की दोनों विधानसभा सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की। धनपुर से बीजेपी प्रत्याशी बिंदु देबनाथ ने सीपीआई (एम) प्रत्याशी कौशिक चंदा को 18,871 वोटों से हराया। वहीं, बॉक्सानगर सीट से भाजपा के तफज्जल हुसैन ने सीपीआई (एम) के मिजान हुसैन को 30,237 वोटों से हरा दिया।

#### केरल की पुथुप्पली सीट

कांग्रेस के चांडी ऑमान ने 37,000 से ज्यादा वोटों के अंतर से CPI (M) के जैक सी थॉमस को पुथुपल्ली सीट से हरा दिया। कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के निधन के बाद यह सीट खाली हुई थी।

#### पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी सीट

बंगाल के धुपगुड़ी सीट पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत हासिल की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्विटर पर इसकी जानकारी दी। टीएमसी कैंडिडेट निर्मल चंद्र रॉय और बीजेपी की तापसी रॉय के बीच काउटिंग शुरू होने से खत्म होने तक कांटे की टक्कर देखने को मिली। टीएमसी ने करीब 4000 वोटों से बीजेपी को मात दी।

**हत्या**

### पत्नी को मैसेज किया-आपके पति को खुदा के पास भेज दिया, पाकिस्तान जिंदाबाद

# अंबाला में यूपी के फौजी की लाश रेलवे ट्रैक पर मिली

कानपुर देहात। कानपुर के रहने वाले सेना के जवान की अंबाला में रेलवे ट्रैक पर लाश मिली है। उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। इसके पीछे की वजह उसकी पत्नी के वॉट्सऐप पर आया मैसेज है। इसमें लिखा है, मैंने आपके पति को खुदा के पास भेज दिया है, पाकिस्तान जिंदाबाद। इंडियन आर्मी अपने सैनिक को बचा सकती है, तो बचा ले।

अंबाला कैंट में सेना की 40 एडी एसआर यूनिट में 3 साल से तैनात पवन पत्नी और दो बेटियों के साथ रह रहा था। परिजनों की मानें, तो बुधवार शाम पवन शंकर मंदिर जाने की बात कहकर अपने घर से निकला था। इसके बाद वह नहीं लौटा। देर रात तक पत्नी ने फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। जबकि पवन के मोबाइल से ही वॉट्सऐप पर मैसेज किया गया।

#### दर्ज किया गया था गुमशुदगी का केस

हवलदार पवन शंकर 6 सितंबर की शाम 7.50 बजे से लापता था। पड़ाव थाना पुलिस ने लांस हवलदार की यूनिट के सूबेदार की शिकायत पर गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। बुधवार रात 11.39 बजे पवन शंकर के नंबर से उसकी पत्नी के पास मैसेज आया था। इसके बाद रात 11.42 बजे पवन के वॉट्सऐप पर लास्ट सीन दिखाई दिया।



#### मैसेज मिलने के बाद तेज हुई कार्रवाई, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

इस मैसेज के बाद पत्नी पुलिस के पास पहुंची। साथ ही सेना से संपर्क साधा गया। इसके बाद पंकज की तलाश तेज कर दी गई।

गुरुवार सुबह उसका शव अंबाला-दुखेड़ी रेलमार्ग पर पड़ा मिला। पहले तो जीआरपी शव को अज्ञात मान रही थी। लेकिन जब सेना के जवानों ने जीआरपी से संपर्क किया, तब शव की पहचान हो पाई।

#### सेना के अधिकारी ने दी जानकारी

राजकुमार सचान ने कहा, पवन की एक बहन है अंजू। उसकी यहीं कानपुर देहात में शादी हुई है। उसका कल मेरे पास फोन आया। बिटिया ने बताया कि भैया लापता हैं, मिल नहीं रहे हैं। हमने पूछा कि किसने ऐसा कहा है, तो बोली फोन आया है। इसके बाद मैंने बिटिया से वो नंबर लिया।

मैंने उस नंबर पर कॉल की, तो पता चला कि वो सेना के किसी अधिकारी का नंबर है। उन्होंने मुझसे कहा कि हवलदार पवन शंकर की मौत हो गई है। उसके शव की पहचान पत्नी रागिनी ने की है। बस इस तरह हम लोगों को जानकारी हुई। अब खबर में भी चल रहा है।

पवन की पत्नी रागिनी, उसके दो बच्चे प्रनी (8) और आरोही (4) कानपुर शहर में नौबस्ता स्थित किराए के मकान में रहते थे।

## झारखंड में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत

रांची। झारखंड के हजारीबाग जिले के चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत चरही घाटी का यूपी मोड़ के पास आज तड़के सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चरही घाटी के यूपी मोड के बिहार से झारखंड के रामगढ़ के रजरप्पा मंदिर पूजा करने के लिए जा रहे एक स्कॉर्पियो के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कॉर्पियो गाड़ी के डिवाइडर से टकरा जाने के कारण यह दुर्घटना हुई।इस दुर्घटना में गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। ऐसे में पुलिस को गाड़ी में से मृत लोगों के शव को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# कोर्ट ने एएसआई को ज्ञानवापी सर्वे के लिए चार हफ्ते दिए

**एजेंसी**

वाराणसी। ज्ञानवापी सर्वे को लेकर जिला कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने एएसआई टीम को 4 हफ्ते में सर्वे करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट में सर्वे की रिपोर्ट 6 अक्तूबर तक पेश करने का आदेश दिया।

वहीं शुक्रवार सुबह अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने आज 35वें दिन एएसआई टीम को परिसर में जाने से रोका था। अंजुमन कमेटी ने कोर्ट के आदेश के बाद ही टीम को सर्वे के लिए अंदर जाने की बात कही थी। वहीं, गुरुवार को भी सर्वे शुरू होने के बाद मुस्लिम पक्ष ने विरोध जताया था, जिसके चलते सर्वे रोका गया था।

अंजुमन कमेटी का कहना था कि कोर्ट के आदेश आने के बाद ही सर्वे की कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा। अधिकारियों ने,स्छ्व की टीम और मसाजिद कमेटी के पदाधिकारियों से बात की, लेकिन सहमति नहीं बन सकी थी। मसाजिद कमेटी का कहना है कि जिला जज की अदालत ने सर्वे और उसकी रिपोर्ट जमा करने के लिए 2 सितंबर तक की इजाजत दी थी। सर्वे रिपोर्ट नहीं जमा की गई और जिला जज की अदालत ने 8 सप्ताह का समय और मांगा गया। आज सुनवाई के बाद ही फैसले के आधार पर आगे की कार्रवाई के लिए टीम को प्रवेश करने देंगे। एएसआई की 30 सदस्यीय टीम ज्ञानवापी परिसर में ही मौजूद रही।

## मोदी 14 को आएंगे मध्यप्रदेश, करोड़ों के निवेश कार्यों का करेंगे भूमिपूजन



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 14 सितंबर को मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान करोड़ों के निवेश कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। चौहान ने बयान जारी करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री 14 सितंबर को मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड आ रहे हैं। यहां बीना रिफाईनरी में पेट्रो केमिकल उत्पाद के कॉम्प्लेक्स में लगभग 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश आएगा। इससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। मोदी उसका भूमि पूजन करने आ रहे हैं।

# शार्ट न्यूज

## रुद्रप्रयाग में अभी भी नौ मार्ग अवरुद्ध

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में हुई भारी बारिश के कारण अभी भी नौ सड़क मार्ग अवरुद्ध हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने आज यहां बताया कि भारी बारिश के कारण उनमें नगरासू-डांडाखाल-धनपुर मोटर मार्ग, विजयनगर-तैला मार्ग, गैठाणा-सिरवाड़ी मार्ग बंद है इन पर 10 सितंबर तक यातायात बहाल होने के आसार है। वह रैंतोली-जसोली-नगरासू मार्ग किमी 09 पर पूर्णरूप से बंद हो गया है जिसका प्राक्कलन धनराशि रु. 46.63 लाख का गठित कर स्वीकृति हेतु शासन स्तर को प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि जाबरी-जयकंडी मार्ग, नगरासू-डांडाखाल मार्ग के किमी 14 पर मोला उरोली खरकोटा मोटर मार्ग में वर्तमान में प्रारंभिक विन्दु पर मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है। उक्त स्थान पर वाहनों की आवाजाही किया जाना संभव नहीं है। मार्ग के अंतिम सिरे से समस्त वसावटों को यातायात की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने अवगत कराया है कि उक्त बंद मार्गों को यातायात हेतु सुचारू करने के लिए संबंधित विभागों द्वारा त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है।

## दो परिवारों के बीच झगड़े में एक महिला की मौत

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर में जुरहरा थाना क्षेत्र के गांव पाई में मौसेरे भाईयो के बच्चों के झगड़े में एक महिला की मौत हो तथा एक अन्य के गंभीर रूप से घायल हो जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला मृतक महिला की बहन बताई गई है जिसे भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में भर्ती किया गया है। मृतक महिला का नाम 27 वर्षीया राजवती बताया गया है जिसके शव का शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौप दिया गया। घायल 32 वर्षीया गीता की हालत अस्पताल में गंभीर बताई गई है। बताया गया कि बच्चों में कहासुनी के बाद एक पक्ष ने दूसरे के घर में घुसकर धारदार हथियारों से हमला किया। मामले में 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बताया गया कि हमलावरो के बीच घिरे भतीजे 15 वर्षीय ध्रूव एवं ध्रूव की माँ घायल गीता को बचाने के लिए मृतका राजवती हमलाबरो से भिड़ गई जिसमे उसे सिर में गहरी चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। झगड़े में शामिल शिशुपाल और लोकेश कलाल पक्ष मौसेरे भाई हैं।

## डुमरी उपचुनाव परिणाम हेमंत सरकार की हार और तुष्टिकरण की जीत है : बाबूलाल मरांडी

रांची। भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डुमरी उपचुनाव के परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया दी। मरांडी नेआज डुमरी के मतदाताओं का एन डी ए गठबंधन को बढ़ चढ़कर समर्थन देने केलिए आभार प्रकट किया ।उन्होंने कहा कि एन डी ए चुनाव हारा है लेकिन मैदान नहीं। उन्होंने कहा कि डुमरी उपचुनाव के नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि जनता हेमंत सरकार के खिलाफ गोलबंद हो चुकी है ।उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि यह हेमंत सरकार की पराजय और तुष्टिकरण की जीत है। मरांडी ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके परिश्रम और प्रयास के कारण ही एन डीए प्रत्याशी को 2019 के चुनाव से ज्यादा वोट प्राप्त हुए। वोट प्रतिशत भी बढ़ा है ।कहा कि हेमंत सरकार की पूरी मशीनरी मतदाताओं को डराने धमकाने में जुटी रही। कार्यकर्ताओं का अपहरण किया गया। घरों में छापामारी की गई ।धनबल का भरपूर प्रयोग हुआ फिर भी जनता ने राज्य सरकार की नाकामियों पर कड़ा प्रहार किया है।

## सेंधवा शहर में अंधाधुंध गोली चालन करने के मामले में दो के विरुद्ध रासुका

बड़वानी। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के सेंधवा शहर में अंधाधुंध गोली चालन करने के मामले में जिला दंडाधिकारी ने आज दो युवकों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत कार्रवाई की है। सेंधवा शहर थाना प्रभारी सौरभ बाथम ने बताया कि तीन सितंबर की रात्रि दीपक चौधरी और अर्पित शर्मा ने कस्बे के संवेदनशील इलाके में अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत का माहौल पैदा कर दिया था। सेंधवा कस्बे में चार सितंबर को शिव डोला का कार्यक्रम होने के चलते अप्रिय स्थिति निर्मित होने की आशंका के मद्देनजर दोनों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर जिला दंडाधिकारी ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल इंदौर भेजा जा रहा है। दोनों आरोपियों को 3 सितंबर की रात्रि तेज वाहन चलाने के आरोप में पुलिस द्वारा पीछा कर रोका गया था। इसके बावजूद वे खलवाड़ी मोहल्ले में चले गए और उन्होंने वहां 6 राउंड फायर किये थे।

## जन आक्रोश यात्रा को लेकर कांग्रेस की मीडिया टीम ने बनाए प्रभारी

**भोपाल।** कांग्रेस की प्रस्तावित 'जन आक्रोश यात्रा' को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के पदाधिकारियों और प्रवक्तागणों को मीडिया से समन्वय स्थापित कर यात्रा के प्रचार-प्रसार के दायित्व का निर्वहन करने के लिए प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने कांग्रेस की ओर से आज यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि ये प्रभारीगण अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में यात्रा के दौरान पूरे समय वहां उपस्थित रहकर यात्रा के व्यवस्थित संचालन और प्रचार-प्रसार का जिम्मा संभालेंगे। उन्होंने बताया कि भोपाल संभाग में मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अब्बास हफीज और प्रवक्ता स्वदेश शर्मा, मालवा निमाड़ क्षेत्र-मीडिया उपाध्यक्ष संतोष सिंह गौतम, प्रवक्ताद्वय अमीनुल खान सूरी और अमित चौरसिया, ग्वालियर संभाग-मीडिया उपाध्यक्ष आर.पी. सिंह और प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह चंबल संभाग-प्रवक्ताद्वय अजीत सिंह भदौरिया और कुंदन पंजाबी, महाकौशल क्षेत्र-प्रवक्ताद्वय महेन्द्र अमूले और रोहित यादव,उज्जैन संभाग-प्रवक्ताद्वय विवेक गुप्ता और नीलाभ शुक्ला को कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित जन आक्रोश यात्रा का प्रभारी बनाया गया है।

## वाहक और बीमार व्यक्ति को काउंसलिंग कार्ड तत्काल मिले : राज्यपाल मंगुभाई पटेल

भोपाल। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल जाँच के बाद वाहक अथवा बीमार व्यक्ति को काउंसलिंग कार्ड निश्चित समय में मिलने की व्यवस्था बनाई जाये। उन्होंने कहा कि सिकल सेल जाँच कार्य की गति के लिए संवेदनशील क्षेत्रों और समुदायों को चिन्हित कर जाँच का कार्य कराया जाये। पटेल सिकल सेल एवं टी बी उन्मूलन कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक को आज यहां राजभवन में संबोधित कर रहे थे। बैठक में जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर, अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मोहम्मद सुलेमान और राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी पी आहूजा भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा है कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की चुनौतियों का पूरी ताकत और संवेदनशीलता के साथ किये जाये। निर्वाचन कार्यों से स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गति रुके नहीं, इसकी अग्रिम कार्य-योजना बनाई जाये। श्री पटेल ने कहा कि जनजाति बहुल क्षेत्रों के बड़े अस्पतालों में सिकल सेल के इलाज के लिए एक अलग विशेष वार्ड बनाया जाना चाहिए। वार्ड में सिकल सेल की जाँच और उपचार की एकीकृत व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## मध्यप्रदेश के खरगोन, बड़वानी, इंदौर व देवास जिले में भारी वर्षा के आसार

भोपाल। मध्यप्रदेश में कई स्थानों पर हुई हल्की वषा के बीच अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर तेज वर्षा के आसार हैं। प्रदेश के बैतूल, मलाजखंड, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, इंदौर, भोपाल, पचमढ़ी, सतना, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, मंडला, उज्जैन, सिवनी, सागर, खंडवा, खरगोन व धार जिले में बीते चौबीस घंटों के दौरान हल्की वर्षा दर्ज की गई। दूसरे स्थानों की तुलना में सबसे ज्यादा वर्षा बैतूल में 70 मिमि दर्ज की गई। भोपाल मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक पीके साहा ने बताया कि प्रदेश के खगरगोन, बड़वानी, इंदौर व देवास में भारी वर्षा की संभावना है। अनुमान है कि इन स्थानों पर कहीं-कहीं गरज चमक के साथ 115.6 से 160 मिमि के बीच वर्षा हो सकती है।

# मनमोहन ने रूस-यूक्रेन युद्ध में मोदी की भूमिका को सराहा

**नयी दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने रूस-यूक्रेन युद्ध के माहौल में भारत की भूमिका को उचित बताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों मुल्कों से शांति की अपील करते हुए अपने हितों को पहले स्थान पर रखकर सही काम किया है।



डॉ. सिंह ने एक अंग्रेजी दैनिक को दिए साक्षात्कार में कहा कि जब दो या उससे ज्यादा देशों के बीच तनाव होता है तो अन्य देशों पर किसी एक देश का चुनाव करने का अक्सर दबाव बन जाता है। यह स्थिति बहुत कठिन होती है लेकिन श्री मोदी ने इस जटिल स्थिति में अपने देश को ज्यादा महत्व देने का विकल्प चुनकर अपनी संप्रभुता की रक्षा की है और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी यह भूमिका सही थी।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शांति की अपील करकेभारत ने बेहतर तरीके से अपने संप्रभु और आर्थिक हितों को प्रथम स्थान देकर सही काम किया है। रूस-यूक्रेन संघर्ष और चीन एवं पश्चिमी देशों के बीच तनाव के कारण विश्व व्यवस्था में बहुत बदलाव आ चुका है और इस माहौल में भारत ने अहम भूमिका निभाई है। मोदी ने देशहित में कठिन माहौल के बीच जो कदम उठाए हैं उसकी वजह से वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ी है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर नयी विश्व व्यवस्था को संचालित करने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है और इस संघर्ष के बीच अपने हितों को महत्व देते हुए भारत ने शांति की अपील कर सही काम किया है। पूर्व प्रधानमंत्री ने हिदायत देते हुए कहा, अभी नए तरह के व्यापारिक प्रतिबंधों की बात हो रही है। इससे मौजूदा व्यवस्था बदलेगी और विश्व की सप्लाई चेन में भारत के लिए नए रास्ते खुल सकते हैं। इन सब परिस्थितियों के दौर में भारत का आर्थिक हित इसी बात में है कि वह किसी के संघर्षों में ना उलझे और दूसरे देशों के साथ व्यापारिक संबंधों का संतुलन बनाए रखते हुए आगे बढे।

भारत में जी-20 के आयोजन से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा, मुझे ख़ुशी है कि रोटेशन के तहत जी-20 में भारत को अध्यक्षता करने का मौक़ा मिला और मेरे लिए ज्यादा खुशी इस बात की है कि मैं भारत को जी-20 की अध्यक्षता करते हुए देख रहा हूं। विदेश नीति हमेशा से भारत के शासकीय ढांचे का अहम हिस्सा रही है लेकिन पहले की तुलना में अब विदेश नीति देश की राजनीति में ज़्यादा अहम और प्रासंगिक हो गई है।

## पी.एस.पी.सी.एल. का जेई पांच हजार रु रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने शुक्रवार को पंजाब स्टेट पावर कार्पोशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के एक जूनियर इंजीनियर (जे.ई.) अमरजीत सिंह को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त कर्मचारी को रणजीत सिंह निवासी खेड़ी, सब डिवीजन धूरी की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने सतर्कता ब्यूरो से संपर्क किया है और आरोप लगाया है कि उक्त कर्मचारी उसके कृषि फार्म में एक पुराने ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए पांच हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद पटियाला रेंज की विजिलेंस टीम ने जाल बिछाकर इस पी.एस.पी.सी.एल. कर्मचारी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए मौके पर ही को गिरफ्तार कर लिया।

# तृणमूल कांग्रेस ने धूपगुड़ी (सु) सीट भाजपा से छीनी

एजेंसी

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने धूपगुड़ी विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराकर उससे यह सीट छीन ली।

तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार प्रोफेसर निर्मल चंद्र रॉय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी तापसी रॉय को 4500 से अधिक वोटों से हराया। कांग्रेस समर्थित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के उम्मीदवार ईश्वर चंद्र रॉय तीसरे स्थान पर रहे।

गत 25 जुलाई को भाजपा विधायक बिशु पदा रे के असामयिक निधन के बाद जलपाईगुड़ी जिले की धुपगुड़ी सीट रिक्त थी और पांच सितम्बर को यहां उपचुनाव कराये गये थे।

आज मतगणना के शुरूआत में बढ़त लेने वाली भाजपा अंतत: सत्तारूढ़ दल से सीट हार गई, जो 2009 से चुनाव जीत रही है और 2011 के विधानसभा




चुनाव में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले एलएफ को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया।

तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी राय धूपगुड़ी गर्ल्स कॉलेज में प्रोफेसर हैं और राजबंशी समुदाय से हैं और भाजपा ने 2021 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले में मारे गए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जवान की विधवा तापसी रॉय को मैदान में उतारा था।

माकपा ने लोक गायक ईश्वर चंद्र रॉय को मैदान में उतारा था और कांग्रेस ने उनका समर्थन किया था।

## पंजाब पुलिस ने राज्य भर में गैंगस्टरों के साथ जुड़े 822 ठिकानों पर की छापेमारी

चंडीगढ़। पंजाब में गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ के विरुद्ध बड़े स्तर पर कार्यवाही करते हुए पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को राज्य भर में गैंगस्टरों के सहयोगियों/सरगर्म समर्थकों के 822 संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के निर्देशों पर सुबह सात से 11 बजे तक एक ही समय पर की गई। इस दौरान राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में गैंगस्टरों के साथियों, रिश्तेदारों और दोस्तों के आवासों और अन्य ठिकानों की बारीकी से तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन में पंजाब पुलिस की 350 से अधिक पार्टियाँ, जिनमें दो हजार पुलिस कर्मचारी शामिल थे, द्वारा अलग-अलग गैंगस्टरों के साथियों, रिश्तेदारों और दोस्तों के 822 ठिकानों पर छापेमारी की गई। विशेष डीजीपी लॉ एंड ऑर्डर अर्पित शुक्ला ने बताया कि सभी सीपीज़/एसएसपीज़ को निर्देश दिए गए थे कि वह इस ऑपरेशन, जिसका उद्देश्य आतंकवादियों, गैंगस्टरों और भारत एवं विदेशों में स्थित नशा तस्करों के आपसी गठजोड़ को तोड़ना था, को सफल बनाने के लिए इंस्पेक्टरों/सब-इंस्पेक्टरों के नेतृत्व में मज़बूत पुलिस पार्टियाँ तैनात करें। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों को संदिग्ध व्यक्तियों को काबू करने के लिए भी कहा गया था।

# मुझे भारत- इंडिया में कोई फर्क दिखाई नहीं देता: फारूख

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूख अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें भारत और इंडिया में कोई फर्क दिखाई नहीं देता है।

गौरतलब है कि देश में चर्चा है कि केंद्र सरकार इंडिया का नाम बदलकर भारत करने पर विचार कर रही है। इस चर्चा में जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भेजे गए निमंत्रण के बाद तेजी आई।

अब्दुल्ला ने अपने पिता एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला की पुण्य तिथि के मौके पर आयोजित कार्यक्रम से इतर श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा, यदि आप भारत के संविधान को देखें तो वहां स्पष्ट रूप से भारत और इंडिया लिखा



हुआ है।

उन्होंने कहा, यदि आप प्रधानमंत्री के विमान को देखें, तो उस पर दोनों नाम लिखे हुए हैं। मुझे 'भारत' और 'इंडिया' में कोई अंतर नहीं दिखता...जो लोग अंतर महसूस करते हैं..वे इसे जानते हैं। मुझे दोनों नामों में कोई अंतर नहीं दिखता।

उन्होंने कहा, भारत नाम गलत नहीं है, जब भारत आज़ाद हुआ और संविधान में 'भारत' और 'इंडिया' का उल्लेख एक ही है.. तो आप लोग (मीडिया) ही चीजों को विवादास्पद बना रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, मीडिया हमेशा चीजों को विवादास्पद बनाने की कोशिश करता है। आपने कभी अच्छी चीजें नहीं लिखीं...यह आपकी अच्छाई है। जब उनसे सवाल किया गया कि क्या आपको जी-20 रात्रिभोज लिए निमंत्रण आया है, तो इसके जवाब में उन्होंने कहा, मुझे समझ नहीं आता कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को मुझे क्यों आमंत्रित करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जी-20 संयुक्त राष्ट्र से बेहतर मंच है जहां इतने सारे देश हैं। उन्होंने कहा, ये सिर्फ 20 देश हैं, जो अपनी शिकायतों का निवारण चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जी-20 एक सामान्य मंच है और इसकी अध्यक्षता कोई दूसरा देश कर सकता है। उन्होंने कहा, जी20 एक अच्छा मंच है जहां सभी 20 देश अपनी जरूरतों के निवारण के लिए खुद को एक साथ और मंच के सामने रखते हैं।

लद्दाख हिल डेवलपमेंट काउंसिल (एलएचडीसी) चुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि अधिसूचना जारी हो चुकी है और अक्टूबर में वहां चुनाव होंगे। एक राष्ट्र एक वोट के संबंध में अब्दुल्ला ने कहा, उन्हें इसे संसद में रखने दीजिए, हम देखेंगे कि हम क्या करेंगे।

# जी-20 बैठक के दौरान राष्ट्रपति के रात्रिभोज निमंत्रण में शामिल होंगी ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रात्रिभोज निमंत्रण में शामिल होंगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बनर्जी शुक्रवार दोपहर नयी दिल्ली के लिए रवाना होंगी। वह शिखर सम्मेलन से बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात कर सकती हैं ,जिनके साथ उनके बहुत सौहार्दपूर्ण संबंध हैं। वह रविवार को कोलकाता वापस लौटेंगी और फिर 12 सितंबर को स्पेन यात्रा पर जायेंगी,जहां वह उद्योग जगत के कई दिग्गजों के साथ



वह पश्चिम बंगाल को निवेश के लिए अनुकूल राज्य के रूप में पेश करने के लिए रोड शो करेंगी।

उन्होंने बताया कि बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट का 7वां संस्करण आगामी 21-22 को कोलकाता में आयेजित किया जायेगा। यह राज्य भौगोलिक लाभ, सक्रिय सरकारी नीतियों, कुशल मानव संसाधनों और जीवंत कारोबारी माहौल के संयोजन के साथ देश की आर्थिक विकास की कहानी में एक अहम किरदार के रूप में उभरा है।

पश्चिम बंगाल देश के 12 प्रतिशत चमड़े और 10 प्रतिशत लोहे और इस्पात निर्यात के साथ अग्रणी निर्यातकों में से एक है। एमएसएमई औद्योगिक पिरामिड का महत्वपूर्ण आधार है और राज्य में देश की दूसरी सबसे बड़ी एमएसएमई (लगभग 90 लाख इकाइयां) हैं, जो भारत के एमएसएमई का 14 प्रतिशत है।

## गिरीश गौतम ने 18 संविदा कंप्यूटर ऑपरेटरों को किया नियमित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय में विगत लगभग 13 वर्षों से संविदा पर कार्यरत 18 तृतीय श्रेणी कंप्यूटर ऑपरेटर/डाटा एंट्री ऑपरेटरों को आज विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने नियमित करने के आदेश अपने हाथ से प्रदाय किये। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इसके पूर्व 17 अगस्त 2023 को गौतम ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए विधानसभा सचिवालय में 25-30 वर्षों से कार्यभारित सेवा में कार्यरत वाहन चालक एवं चतुर्थ श्रेणी के 97 कर्मचारियों को नियमितीकरण के आदेश प्रदान किए थे।

## बिक्रम सिंह मजीठिया ने नौकरी की मांग कर रहे युवाओं पर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की

**अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल ने भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार से नौकरियों की मांग को लेकर धरना दे रहे युवाओं पर बार-बार किए जा रहे लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की और कहा कि यह सरकार युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के बजाय उन्हें लाठीचार्ज का उपहार दे रही है। वरिष्ठ शिअद नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया ने शुक्रवार को कहा कि 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान भगवंत मान ने युवाओं से वादा किया था कि राज्य में आप की सरकार बनने पर उन्हें नियमित सरकारी नौकरियां दी जाएंगी, अनुबंध पर कर्मचारी रखे जाएंगे। नियमित किया जाएगा और कभी किसी पर लाठीचार्ज नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने उन युवाओं से वादा किया था जिन्होंने उन पर विश्वास किया और यह मानकर आप को वोट दिया कि यह पार्टी नियमित सरकारी नौकरियां देकर उनकी बेरोजगारी दूर कर देगी। मजीठिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने युवाओं को आश्वासन दिया था कि राज्य में उनकी सरकार बनने के बाद किसी को धरना देने की जरूरत नहीं पड़ेगी और किसी पर लाठीचार्ज नहीं किया जाएगा क्योंकि वह युवाओं और कर्मचारियों की समस्याओं को जानते हैं क्योंकि वह खुद एक शिक्षक के पुत्र हैं। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में अपना वादा निभाने की बजाय पूरे पंजाब ने देखा है कि कैसे संगरूर में भगवंत मान के आवास के बाहर नौकरी मांगने वालों पर लाठियां बरसाई गईं।

# तीर्थयात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं देने के लिए सरकार प्रयासरत : नीतीश

**गया।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कहा कि तीर्थयात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं देने के लिए सरकार प्रयासरत है। कुमार ने शुक्रवार को यहां सीताकुंड पिंडवेदी का दर्शन करने के बाद सीताकुंड के समीप बने मां सीता पथ का विधिवत उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने पौधारोपण किया। उन्होंने रबर डैम का अवलोकन भी किया, साथ ही फल्गु नदी में बहते जल को देखा और अधिकारियों से कई अहम जानकारियां ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थयात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं देने के लिए उनकी सरकार लगातार प्रयासरत है। जो कुछ काम बच गया है, वह तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। वह चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा तीर्थयात्री गयाजी आएं। देश के कोने-कोने से तीर्थ यात्री आते हैं और यहां पिंडदान करते हैं। उन्हें हरसंभव सुविधाएं दी जाएंगी। इसके लिए हमलोग लगातार प्रयासरत हैं।

# उपचुनाव की जीत केन्द्र व राज्य सरकार के कार्यों पर जनता की मुहर

नैनीताल/देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर उप चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत भाजपा सरकार पर मातृशक्ति, युवा शक्ति और वरिष्ठ जनों की अटूट विश्वास का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि उपचुनाव में बाबा बागनाथ की पवित्र भूमि बागेश्वर की देवतुल्य जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनहितैषी कार्यों पर अपनी मुहर लगाई है। बागेश्वर की जनता का एक बार फिर



भाजपा पर विश्ववास जताने के लिये हृदयतल से आभार।

उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रवाद, लोक कल्याण एवं सुशासन को समर्पित यह ऐतिहासिक जीत बागेश्वर के चहुंमुखी विकास का नया अध्याय लिखेगी। अंत में उन्होंने बागेश्वर विधानसभा से नव निर्वाचित विधायक पार्वती दास के उज्ज्वल भविष्य और कार्यकाल की कामना की है।

दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी के उप चुनाव में जीत पर बागेश्वर में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी व्याप्त है। उन्होंने जुलूस निकाल कर अपनी खुशी का इजहार किया। भाजपा ने पांचवीं बार बागेश्वर विधानसभा से अपना परचम लहराया है।

विजयी प्रत्याशी पार्वती दास ने भी जीत पर कार्यकर्ताओं और बागेश्वर की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत बागेश्वर की जनता का पूर्व केबिनेट मंत्री और उनके पति चंदन राम के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बागेश्वर के विकास के लिये पूरी मेहनत से काम करेंगी। उन्होंने कहा कि वह अपने पति के अधूरे कार्यों को भी आगे बढ़ायेंगी। गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास के असामयिक निधन के बाद बागेश्वर विधानसभा सीट रिक्त हो गयी थी। भाजपा ने उपचुनाव में श्री दास की पत्नी पार्वती दास को उम्मीदवार घोषित किया था।

# गैंगस्टर सोनू खत्री के तीन शूटर तीन पिस्तौलों सहित गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय में चलाए गए एक अखिल भारतीय अभियान में शुक्रवार को आतंकवादी हरविंदर रिंदा के करीबी कुख्यात गैंगस्टर सोनू खत्री के तीन प्रमुख शूटरों को गिरफ्तार कर लिया।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने गिरफ्तार शूटरों की पहचान जालंधर के न्यू देयोल नगर के सुखमनजोत सिंह उर्फ सुखमन बराड़, एसबीएस नगर के गांव लोधीपुर के जसकरण सिंह उर्फ जस्सी लोधीपुर और जालंधर के गांव फोलरीवाल के जोगराज सिंह उर्फ जोगा के रूप में की है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से .32 बोर की तीन विदेशी निर्मित अत्याधुनिक पिस्तौलें भी बरामद की हैं।

श्री यादव ने कहा कि एक खुफिया नेतृत्व वाले ऑपरेशन में, एडीजीपी प्रोमोद बान की समग्र निगरानी में एजीटीएफ पंजाब की पुलिस टीमों ने आरोपी सुखमन बराड़ को भारत-नेपाल सीमा से पकड़ा है, जब वह नेपाल भागने की कोशिश कर रहा था, और अन्य दो को गुरुग्राम, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार तीनों शूटर काठमांडू, नेपाल से विदेश भागने के लिए फर्जी पासपोर्ट तैयार करने की योजना बना रहे थे।

उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए सभी व्यक्ति मार्च 2022 में नवांशहर में हुए माखन हत्याकांड सहित कम से कम पांच हत्या के मामलों में शामिल हैं, इसके अलावा हत्या के प्रयास, शस्त्र अधिनियम, कारजैकिंग और जबरन वसूली सहित अन्य जघन्य अपराधों के पांच मामले शामिल हैं।

## भीलवाड़ा में अज्ञात युवक का शव बरामद

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाडा शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र में पंचमुखी मोक्षधाम क्षेत्र में नाले के पास आज अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, पंचमुखी मोक्षधाम क्षेत्र में नाले के पास लोगों ने शुक्रवार को एक अज्ञात युवक की लाश देखी। मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी मिले। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर थाना प्रभारी आशुतोष पांडेय मय जाब्ता मौके पर पहुंचे, जहां सीमेंटेड फर्श पर युवक का शव पड़ा था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। खून भी निकला था। छानबीन करने पर मृतक के दाहिने हाथ पर राजू और बाजू पर ओम गुदा है। मृतक की उम्र 35 से 40 साल है और वह मैरुन टीशर्ट और काली पेंट पहने हैं।

## गहलोत ने दी 19 जिलों में 139 सड़क निर्माण कार्यों सहित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 19 जिलों में सड़क निर्माण के 139 कार्यों के लिए 232.10 करोड़, कोटा जिले में चम्बल नदी पर हाई-लेवल ब्रिज के निर्माण के लिए 256.46 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति एवं बूंदी एवं जोधपुर में पैनोरमा निर्माण सहित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी है। गहलोत ने 19 जिलों में सडक् निर्माण कार्यो के लिए स्वीकृत इस राशि से बाड़मेर, जयपुर एवं भरतपुर में 21-21, जैसलमेर में 20, नागौर में 12, झुन्झुनूं, चूरू, जोधपुर एवं हनुमानगढ़ में 6-6, चित्तौड़गढ़ में पांच, कोटा में चार, पाली में तीन, अलवर में दो तथा टोंक, सीकर, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, धौलपुर एवं अजमेर जिले में एक-एक सड़क का निर्माण होगा। गहलोत की इस स्वीकृति से प्रदेश में सड़क तंत्र मजबूत होगा और आमजन का आवागमन सुगम होगा। मुख्यमंत्री ने कोटा जिले में चम्बल नदी पर हाई-लेवल ब्रिज के निर्माण के लिए 256.46 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस पुल का निर्माण राज्य राजमार्ग संख्या-120 पर स्थित गोठड़ा कलां गांव में किया जाएगा। गहलोत ने पूर्व में इस कार्य के लिए 165 करोड़ रुपये की बजट घोषणा की थी, जिसके विरुद्ध अब 256.46 करोड़ रुपये की बढ़ी हुई वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस हाई-लेवल ब्रिज का निर्माण होने से आमजन को आवागमन में सुविधा होगी तथा उन्हें अपने गंतव्य के लिए कम दूरी तय करनी पड़ेगी। इसी तरह राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में स्टार्टअप्स को निरंतर प्रोत्साहन दे रही है।

नई दिल्ली
शनिवार 09 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### राजधानी की सुरक्षा चाक-चौबंद

नयी दिल्ली । जी20 शिखर सम्मेलन के मद्देनज़र राजधानी में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों को तैनात कर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लुटियंस जोन ही नहीं पूरी दिल्ली इस वक्त हाई अलर्ट पर है। जमीन से लेकर ड्रोन तक से दिल्ली के कई इलाकों की निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही जिन 16 होटलों में विदेशी मेहमानों को ठहरने की व्यवस्था की गई है उन होटलों की निगरानी के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल प्रगति मैदान की सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारी कमान संभाल रहे हैं जबकि पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी होटलों में कैंप कमांडर के रूप में काम तैनात हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर आवश्यक उपाय किए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से दिल्ली में 50 हजार पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के लिए खास वर्दी तैयार की गई है। इसके साथ ही एंटी टेरर स्क्वॉड भी तैनात की गई है। शिखर सम्मेलन का सुरक्षित और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में रणनीतिक स्थानों पर त्वरित प्रतिक्रिया टीमों (क्यूआरटी), एम्बुलेंस और अग्निशमन रोबोट जैसे उन्नत अग्निशमन तंत्र की तैनाती सहित सुरक्षा उपायों को लागू किया गया है। होटल और कार्यक्रम स्थलों की सुरक्षा के साथ-साथ आतंकी व शरारती तत्वों की वारदात को रोकने के लिए भी व्यापक कदम उठाये गये है।

### अंतर्राज्यीय तार चोर-गिरोह के 6-बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मोदीनगर।** मोदीनगर के स्वाट टीम व भोजपुर पुलिस ने अंतर्राज्यीय तार चोर गिरोह का खुलासा कर छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जबकि पांच बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। बदमाश गाजियाबाद, मोदीनगर व आसपास के क्षेत्रों में जंगल में जा रही एचटी व हाईटेंशन लाइन से बिजली के तार चोरी करते थे। वह एचटी व हाईटेंशन लाइन में करंट है या नहीं आवाज सुन पहचान लेते थे। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है। गत 30 अगस्त की रात को भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव हदयपुर भंडौला में बदमाश तार चोरी करने के लिए आए थे। बदमाशों व ग्रामीणों के बीच मारपीट हो गई थी। अपने को घिरता देखकर बदमाश अपने वाहन छोड़कर फरार हो गए थे। वाहन को कब्जे में लेकर बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की पांच टीमों का गठन किया था। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि बदमाश जो वाहन छोड़कर गए थे। वह सलमान निवासी मलिक नगर कॉलोनी मुरादनगर के नाम से पंजीकृत था। जब सलमान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो खुलासा हो गया। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि गिरोह का सरगना जगत उर्फ मामा उर्फ चिंदी तुलसी विहार कॉलोनी दादरी गौतमबुद्ध नगर कॉलोनी है। पिछले दिनों मेरठ पुलिस से हुई मुठभेड़ में जगत घायल हो गया था। जमानत से बाहर आकर वह फिर से तार चोरी करने लगा।

### दबंगों ने घर में घुसकर हथौड़े से की तोड़फोड़, मकान पर कब्जा करने के लिए किया हमला

गाजियाबाद। गाजियाबाद के नंदग्राम के संगम विहार में तीन सितंबर को आदेश तोमर, अनुज तोमर व उसके 20 से 25 लोगों ने शालू के मकान में घुसकर हमला कर दिया। आरोप है कि मकान पर कब्जा करने के लिए दोनों ने मिलकर घर में घुसकर हथौड़े तोड़फोड़ की और सामान सड़क पर फेंक दिया। इसका वीडियो उनके पास है। पूरा मकान क्षतिग्रस्त होने के कारण उन्हें मकान खाली करके किराये के मकान में जाना पड़ा। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। शालू का कहना है कि वह मां, भाई, भाभी और छोटी बहन के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि वह परिवार के साथ इस मकान में 12 साल से रह रही है। दो साल पहले उनके भाई ने मकान मालिक को करीब चार लाख रुपये देकर मकान खरीदने को कहा। आरोप है कि रुपये लेने के बाद मकान मालिक ने 15 लाख रुपये में अनुज तोमर व आदेश तोमर को बेच दिया। उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने विरोध किया और कोर्ट में केस दाखिल किया। इसके बाद कोर्ट से उन्हें मकान में रहने की अनुमति मिल गई। साथ ही मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसके बावजूद अनुज और आदेश आए दिन धमकी देते हैं।

### अप्पूघर मामले के आरोपियों को थाने से जमानत, निवेशकों में रोष

गुरुग्राम। अप्पू घर प्रकरण में पुलिस स्पेशल इनवेस्टिगेटिव टास्क फोर्स (एसआईटी) ने जांच बाद सभी आरोपियों को थाने पर ही जमानत देकर रिहा कर दिया है। इससे अप्पू घर प्रोजेक्ट के निवेशकों में रोष है। निवेशकों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दे रखा है कि गंभीर आर्थिक सामाजिक अपराध करने वालों को जमानत का लाभ दिया जाना उचित नहीं है। अप्पू घर प्रोजेक्ट में 1242 लोगों ने 1500 करोड़ रुपये का निवेश कर रखा है। निवेशकों ने अप्पू घर के मॉल और मल्टीप्लेक्स प्रोजेक्ट में दुकानें 10 साल पहले खरीदी थीं, लेकिन आज तक न तो प्रोजेक्ट पूरा हुआ है न ही खरीदारों के पैसा लौटाए गए। इसको लेकर निवेशकों की ओर सेक्टर-29 पुलिस थाना में अप्पू घर के तीनों निदेशकों के खिलाफ 40 से अधिक एफआईआर दर्ज करा रखी है। पुलिस ने धारा 409, 420, 467, 468, 471 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर रखा है। इस धोखाधड़ी की जांच एसआईटी कर रही थी। अब एसआईटी ने आरोपियों को जमानत दे दी है। निवेशकों का कहना है कि आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने पर निवेशकों की ओर से कई बार प्रदर्शन किए गए। इसके बाद भी गिरफ्तारी नहीं हुई। सेक्टर-29 थाने की पुलिस ने धोखाधड़ी मामले में तीन निदेशकों से पूछताछ कर छोड़ दिया था।

### घर बनाने का सपना पूरा करने का झांसा देकर महिला से ठगी

ग्रेटर नोएडा। जेपी ग्रीन सोसाइटी में घरेलू सहायिका का काम करने वाली महिला के साथ ठगी का मामला सामने आया। बाइक सवार ने महिला को घर बनाने का सपना पूरा करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। आरोपी महिला के सोने के कुंडल और मोबाइल ठग कर ले गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस के मुताबिक नवादा गांव निवासी विधवा महिला लक्ष्मी चौहान जेपी ग्रीन सोसाइटी में घरेलू सहायिका का काम करती है। वह रोजाना की तरह गुरुवार की सुबह अपने घर से सोसाइटी जा रही थी। शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम के समीप एक बाइक सवार ने महिला को रोक लिया। आरोपी ने महिला को झांसे में दिया कि उसका घर बनाने का सपना जल्द पूरा हो जाएगा। आरोपी ने महिला के कुंडल और मोबाइल लेकर हाथ में मिट्टी दी और कहा कि इसे कुछ आगे फेंकना और पीछे मुड़कर मत देखना। कुछ देर बाद महिला ने पीछे मुड़कर देखा तो आरोपी वहां से रफू चक्कर हो गया। महिला ने उसे इधर-उधर काफी तलाश किया, लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़िता ने अरोपी के खिलाफ बीटा दो कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द गिरफ्तार का घटना का खुलासा किया जाएगा।

### दाखिला दिलाने के नाम पर महिला से ठगी

ग्रेटर नोएडा। नामी कोचिंग सेंटर में दाखिला दिलाने के नाम पर महिला से 60 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। महिला के दो बच्चों का दाखिला दिलाने के नाम पर ठगी की गई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।ग्रेटर नोएडा की पार्श्वनाथ प्लैटिनम सोसाइटी में वर्तिका सिंह अपने दो बच्चों के साथ रहती हैं। वर्तिका सिंह ने न्यायालय को बताया कि वह अपने दोनों बच्चों की मेडिकल की पढ़ाई के लिए किसी अच्छे इंस्टीट्यूट में दाखिले दिलाने का प्रयास कर रही थीं। इस बीच एक व्यक्ति ने उनसे फोन पर संपर्क किया और खुद को एक नामी कोचिंग सेंटर का एडमिशन काउंसलर बताया। इसके बाद आरोपी ने दोनों बच्चों को दाखिला कराने का झांसा दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उनके घर आया और पूरी जानकारी दी और 60 हजार रुपये ले लिए, लेकिन महिला के बच्चों का एडमिशन नहीं हुआ। महिला ने इस बारे में आरोपी से संपर्क किया तो वह टरकाता रहा। इसके बाद महिला उस कोचिंग सेंटर में पहुंची, जिसके बारे में आरोपी ने बताया था।

# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर हुआ कम

## दो दिन हल्की बारिश के कारण प्रदूषण स्तर में कुछ और गिरावट होने की उम्मीद

नई दिल्ली। जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान मौसम अनुकूल रहने और सड़कों पर कम हुए वाहनों के कारण दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर शुक्रवार को सितंबर माह में सबसे निचले स्तर पर रहा। शनिवार और रविवार को तेज हवाएं और हल्की बारिश के कारण प्रदूषण स्तर में कुछ और गिरावट होने की उम्मीद है। शुक्रवार को दिल्ली और गाजियाबाद का प्रदूषण स्तर एनसीआर में सबसे कम दर्ज किया गया।



जबकि गुरुग्राम का प्रदूषण स्तर सबसे ज्यादा मध्यम स्तर पर दर्ज किया गया। इससे पहले कोरोना महामारी के दौरान भी दिल्ली की सड़कों से कम हुए वाहनों के कारण प्रदूषण स्तर में गिरावट दर्ज हुई थी। शुक्रवार को भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिली। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली का प्रदूषण स्तर 83 सूचकांक दर्ज किया गया जो बृहस्पतिवार के मुकाबले 21 सूचकांक कम है।

वहीं इससे पहले एक सितंबर को दिल्ली का प्रदूषण सूचकांक 140 दर्ज किया गया। उसके बाद से प्रदूषण स्तर में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। बृहस्पतिवार को यह स्तर घटकर 104 तक पहुंच गया था। वहीं एनसीआर की बात करें तो शुक्रवार को फरीदाबाद का प्रदूषण स्तर 91, गाजियाबाद का 79, ग्रेटर नोएडा का 114, गुरुग्राम का 118 और नोएडा का 88 सूचकांक दर्ज किया गया।

प्रदूषण स्तर में गिरावट का रुख दिल्ली के साथ एनसीआर क्षेत्र में भी दर्ज किया जा रहा है। विभाग की माने तो आने वाले दिनों में मौसम अनुकूल बने रहने के संभावना है। ऐसे में उम्मीद है कि 10 सितंबर तक दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर संतोषजनक स्तर में ही बना रह सकता है। एनसीआर में भी प्रदूषण स्तर मध्यम से संतोषजनक श्रेणी में बने रहने की संभावना है।

### दिल्ली में अगले दो दिन चलेंगी हवाएं, होगी हल्की बारिश

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली में हवाओं की दिशा दक्षिण पूर्व-उत्तरपश्चिम से बदलकर पूर्व व दक्षिण-पूर्व हो गई। वहीं दिन में 15 किमी की गति से मध्यम स्तर की हवाएं चली। दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी दर्ज की गई। जिससे प्रदूषण स्तर में गिरावट दर्ज हुई है। इसके अलावा सड़कों पर कम हुए वाहन से भी प्रदूषण स्तर में सुधार देखा गया है। दिल्ली में अगले दो दिनों तक हवाओं की दिशा पूर्व और दक्षिण-पूर्व बनी रहने की उम्मीद है। दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। हवाओं की गति भी बढ़ने की उम्मीद है।

# नोएडा में 3 जालसाज अरेस्ट

**नोएडा।** जिन लोगों का बैंक सिबिल स्कोर खराब होता है उनको फर्जी आधार और पैर कार्ड के जरिए लो दिलाने वाले तीन आरोपियों को सेक्टर-63 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक फर्जी आधार कार्ड बनाने के लिए ये लोग 5 से 10 रुपए लेते थे। पुलिस इनके द्वारा खोले गए अकाउंट की डिटेल निकलवा रही है।

इनकी पहचान संजीत, जितेंद्र और आकाश हुई है। इनके पास से 6 लैपटॉप, 11 टैबलेट , 1 वेब कैम कैमरा, 2 आई स्कैनर मशीन, दो बायो मैट्रिक मशीन, दो दो बार बने हुए 6 आधार कार्ड अलग अलग नाम से, 1 सिलिकोन का अंगूठा निशान व भारी मात्रा में आधार कार्ड व पैन कार्ड बनाने के प्लास्टिक स्मार्ट कार्ड मिले है।

एसीपी राम कृष्ण तिवारी ने बताया कि ये लोग एक व्यक्ति के दो -दो आधार कार्ड बनाते थे। उन फर्जी आधार कार्ड से नए नाम के पैन कार्ड भी बनाये जाते थे। किसी अन्य व्यक्ति की आंखों के रैटिना लेकर नाम में या पिता के नाम में बदलाव कर नया दूसरा आधार कार्ड बना देते थे।

इसके बाद डिमांड के मुताबिक ये तैयार किए हुए आधार कार्ड उन लोगों तक पहुंचाते थे जिनका सि बिल स्कोर खराब होता था या किसी प्रकार की लोन की आवश्यकता होती थी। जिससे वे लोग दोबारा से बैंकों से लोन आदि प्राप्त कर सकते है। इस तरह करके ये फर्जी खाता खुलवाकर लोगों से पैसा लेते थे साथ ही बैंकों को भी चूना लगाते थे।

### फर्जी आधार कार्ड के रखते थे सिलिकोन का अंगूठा

ये लोग किसी दूसरे व्यक्ति के आंखों का रैटिना लेकर अपने पास रखे सिलिकोन अंगूठे के जरिए फर्जी आधार और पैन कार्ड बनाते थे। जिससे लोन लेने वाला व्यक्ति यदि लोग लेकर फरार भी हो जाए तो उसकी पहचान करना मुश्किल होता था। पुलिस इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है।

# कबाड़ की दुकान चलाने वाले से 1लाख की अवैध वसूली

## रुपए मांगने के आरोप में सिपाही को पुलिस कमिश्नर ने किया बर्खास्त

**जेवर।** रबूपुरा कोतवाली एरिया के भाईपुर गांव में कबाड़ की दुकान चलाने वाले दुकानदार से एक लाख रुपये रिश्वत मांगने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने आरोपी सिपाही को शुक्रवार शाम बर्खास्त कर दिया है। मामले में जांच अधिकारी को भी सस्पेंड कर रबूपुरा कोतवाली प्रभारी के खिलाफ भी जांच शुरू कर दी गई है। रिश्वत मांगने की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी।

पिछले दिनों रबूपुरा पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने के आरोप में एक कबाड़ी समेत चार लोगों को जेल भेजा था। उधर कुछ लोगों को रुपये लेकर छोड़ने का आरोप भी पुलिस पर लगा था।

इसी प्रकरण की आड़ में रबूपुरा कोतवाली में तैनात सिपाही अंकित बालियान भाईपुर गांव में कबाड़ की दुकान चलाने वाले व्यक्ति वसीम से एक लाख रुपये रिश्वत की मांग कर रहा था। रुपये न देने पर आरोपी सिपाही कबाड़ी को मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दे रहा था। उधर कबाड़ी वसीम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर इसकी शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। आरोपी सिपाही द्वारा डरा धमकाकर हर माह पच्चीस हजार रुपए वसूलने का आरोप भी कबाड़ी ने लगाया था। रिश्वत मांगने का ऑडियो गुरुवार को सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ था।

### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज

मीडिया में खबर वायरल होने के बाद डीसीपी ग्रेटर नोएडा की जांच रिपोर्ट पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सिपाही अंकित बालियान को नौकरी से बर्खास्त कर दिया।

# गुरुग्राम में अवैध निर्माण पर बड़े एक्शन की तैयारी

## कई मकान मालिकों और 4 आर्किटेक्ट को भेजे नोटिस

गुरुग्राम जिला नगर योजनाकार प्रवर्तन की तरफ से ओसी के बाद अवैध निर्माण और आधी-अधूरी निर्माण का कब्जा प्रमाण पत्र (ओसी) जारी करने पर 18 मकान मालिकों तथा चार वास्तुकारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मकान मालिकों को जारी नोटिस में पूछा गया है कि अवैध निर्माण को लेकर क्यों न इमारत की ओसी रद्द कर उनके विरुद्व एफआईआर दर्ज कराई जाए। इसी तरह वास्तुकारो को भी कहा गया कि आधी-अधूरी इमारत में किस आधार पर ओसी जारी किया गया। नोटिस का जवाब देने के लिए सात दिन का समय दिया गया है, जवाब नहीं देने पर हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट एक्ट 1975 के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

डीटीपी प्रवर्तन के निर्देश पर गठित टीम ने डीएलएफ फेज-1, 2, 3, 4, सुशांतलोक-1, 2, 3, सेक्टर-104 के बीपीटीपी एम्सटोरिया, सेक्टर-65 के एमरल्ड हिल्स, मेफील्ड गार्डन, ब्रहा



सिटी कॉलोनियों में करीब 45 मकानों का निरीक्षण किया गया।

जुलाई में वास्तुकारों द्वारा जारी किए गए ओसी में से करीब 19 मकान और एक अगस्त से दस अगस्त के बीच जारी हुए। ओसी में से करीब 26 मकान रेंडम चुने गए। डीएलएफ-एक, दो, तीन, सुशांतलोक-एक, दो, एमरल्ड हिल्स तथा ब्रहा सिटी के 18 मकानों मालिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। अभी 17 मकानों को और नोटिस जारी किए जाएंगे।

इन वास्तुकारों से भी जवाब मांगा ओसी जारी करने वाले वास्तुकार मानिक गुप्ता, प्रनव, प्रवीण, तथा दीपक को भी शोकाज नोटिस जारी किया गया है। इनसे पूछा गया है कि अवैध निर्माण और आधी-अधूरी इमारतों को ओसी किस आधार पर जारी किया गया है। इनसे भी मामले में नोटिस का संतोषजनक जवाब मांगा गया है। अगर इसमें लापरवाही बरती गई है तो इन सभी पर कार्रवाई होगी।

मामले में डीटीपी इंफोर्समेंट गुरुग्राम मनीष यादव का कहना है कि ओसी के बाद अवैध निर्माण किया गया, आधी-अधूरी मकानों को ओसी जारी करने की जांच की गई। टीम की रिपोर्ट में 45 में से 35 इमारतों में नियमो का उलंघन पाया गया। अभी 18 इमारत मालिकों को शोकाज नोटिस जारी कर दिया गया है। अगले दो से तीन दिन में 17 मकानों को भी नोटिस जारी कर दिए जाएगे। मकान सील किए जाएंगे अधूरे मकाना को ओसी देने वास्तुकारों को नोटिस देकर सात दिन में जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एफआईआर कराकर मकान की सीलिंग होगी।

### इस तरह किया जा रहा अवैध निर्माण

डीटीपी टीम को अधिकांश मकानों में निरीक्षण के दौरान ओसी के बाद अवैध निर्माण होता पाया गया। हरियाणा बिल्डिंग कोड के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। इसमें बेसमेंट में पार्टिशन, अतिरिक्त ग्राउंड कवरेज, कट आउट कवरेज, स्टिल्ट में अवैध निर्माण, छत पर अवैध कमरों तथा बाथरूम का निर्माण, मकान के पिछले हिस्से में प्रोजेक्शन में अवैध निर्माण मिला।

# शराब के नशे में कर दी दोस्त की हत्या

## सिर पर किया ईंट से हमला, पीने के लिए मांगे थे पैसे; पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा।** बरौला टी पाइंट के पास केबल की दुकान पर काम करने वाले युवक विवाद में ढाबे पर काम करने वाले युवक का सिर और मुहं ईंट से कूचकर हत्या कर दी। विवाद शराब के पैसे न देने पर घटना को अंजाम दिया गया। दोनों ने पहले शराब पी, आरोपी और शराब पीना चाहता था।

मृतक ने पैसा देने से इनकार किया और दोनों के बीच बढ़ गया। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। अगले दिन सुबह जब राहगीर घटनास्थल के पास से गुजरे जब उन्हें घटना की जानकारी हुई। सेक्टर-49 पुलिस ने सर्विलांस की मदद से हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एसीपी सौम्य सिंह ने बताया कि घटना के समय आरोपी शराब के नशे में धुत था। पुलिस ने हत्यारोपी के कब्जे से घटना में प्रयोग हुआ पत्थर भी बरामद कर दिया है। दरअसल, बुलंदशहर का 31 वर्षीय पिंटू सिंह बरौला गांव स्थित साईं ढाबे पर काम करता था।



उसकी केबल की दुकान पर काम करने वाले अमरोहा के मोनू सिंह से दोस्ती थी। छह सितंबर की रात आठ बजे के करीब पिंटू ने ढाबे से पांच सौ रुपए लिए और मोनू के साथ निकल गया। दोनों शराब के ठेके पर पहुंचे थे।

आरोप है कि यहां पर मोनू और पिंटू के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई।

बरौला टी प्वाइंट के पास स्थित झाड़ियों के पास जब दोनों पहुंचे तो मोनू ने शराब के नशे में पिंटू के सिर पर ईंट के वार कर हत्या कर दी। आरोपी ने शव को झाड़ियों में छिपा दिया और फरार हो गया। पूछताछ और जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने मोनू को सेक्टर-47 की रेड लाइट से गिरफ्तार कर लिया।

बता दे करीब पांच साल पहले पिंटू रोजगार के सिलसिले में नोएडा आया था। कासना सहित कई अन्य जगहों पर स्थित ढाबा और होटल में उसने नौकरी की। वर्तमान में वह बरौला गांव स्थित ढाबे पर नौकरी कर रहा था।

पिंटू के माता-पिता की मौत हो चुकी है। भाई सहित घर के अन्य सदस्यों का खर्चा पिंटू ही भेजता था। हत्या की जानकारी मिलने के बाद उसका भाई नोएडा आया। फिलहाल मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### पति से विवाद के बाद फांसी लगाकर दी जान

**मोदीनगर।** मोदीनगर में मुरादनगर की नूरगंज कॉलोनी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। महिला का शव अपने कमरे में पंखे से लटका मिला। पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की बात कही जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है। नूरगंज कॉलोनी के भूड मोहल्ले में शाहिद अपनी 28 साल की पत्नी रुबीना व तीन बच्चों के साथ रहते हैं। बताया जा रहा है कि दोपहर को पति व पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट भी हुई। इसके बाद पति शाहिद घर के बाहर चला गया और महिला अपने कमरे में। देर रात जब शाहिद घर वापस आया तो महिला के कमरे का दरवाजा बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उसे तोड़ा गया। दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो महिला पंखे से लटकी हुई मिली।

# गाजियाबाद में चोरी के शक में युवक की पीटकर हत्या

गाजियाबाद। गाजियाबाद में चोरी के शक में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए तीनों युवक पुराना फर्नीचर बेचते हैं और उनका दावा है कि मरने वाले को उन्होंने दुकान में चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा था और पिटाई के बाद छोड़ दिया था। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश करेगी।

शालीमार गार्डन इलाके के ,ष्टक्क सूर्यबली मौर्य ने बताया, 7 सितंबर की सुबह करीब 8 बजे डायल-112 को सूचना मिली कि टीला मोड़ थाना क्षेत्र के तुलसी निकेतन इलाके में एक युवक की लाश पड़ी हुई है। मृतक की पहचान 24 वर्षीय अनिल के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

एसीपी ने बताया, पुलिस ने जब इस केस की छानबीन शुरू की तो पता चला कि अनिल को कुछ लोगों ने 6




सितंबर की रात पीटा था। लंबी जांच-पड़ताल के बाद गुरुवार देर रात पुलिस ने इस मामले में नौशाद, अखलाक, सुब्हान को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया, वे टीला मोड़ थाना क्षेत्र में सफेद गेट से लाल गेट के बीच पुराना फर्नीचर और लकड़ी बेचने की दुकान करते हैं। उनकी दुकानों में पिछले कई दिन से चोरियां हो रही थीं। 6 सितंबर की रात करीब एक बजे चौकीदार ने सूचना दी कि दुकान के अंदर एक युवक घुसा हुआ है। दुकानदारों ने बताया, जब वे मौके पर पहुंचे तो एक युवक पकड़ा गया। उसकी पहचान अनिल के रूप में हुई। वो बेहद नशे में था।

# पॉर्न साइट पर डाली एडवोकेट महिला की अश्लील फोटो

**जेवर।** गौतमबुद्ध नगर में रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक एडवोकेट महिला की फोटो को पॉर्न साइट पर डालने का मामला सामने आया है। फोटो डालने वाला आरोपी और कोई नहीं बल्कि एक महिला है। वह पीड़िता की रिश्तेदार है। आरोप है कि महिला पीड़िता की फोटो को फोटोशॉप की मदद से अश्लील बनाकर पॉर्न साइट पर डालने की धमकी देकर 1 लाख रुपये की मांग कर रही है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र की एक सोसायटी निवासी पीड़ित महिला ने पुलिस से शिकायत की है कि गोरखपुर की रहने वाली उसकी रिश्तेदार महिला ने एक सितंबर को फोन कर पीड़ित के अश्लील फोटो होने का दावा किया। एक लाख रुपये की मांग करते हुए धमकी दी कि रुपये न देने पर वह उसके व उसके पति के फोटो को फोटोशॉप की मदद से अश्लील बनाकर पॉर्न साइट पर डाल देगी। पीड़ित ने जब उसकी धमकी पर ध्यान नहीं दिया तो आरोपी महिला ने उसकी फोटो व मोबाइल नंबर पॉर्न साइट पर डाल दिया।

इसके साथ ही अन्य रिश्तेदारों को पीड़ित व उसकी बहन और माता द्वारा वेश्यावृत्ति किये जाने का दावा किया है। पीड़ित की शिकायत पर रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने आरोपी महिला निधि सिंह निवासी गोरखपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि जब से आरोपी द्वारा धमकी दी गई है। तब से वह और उसका परिवार मानसिक परेशानी से गुजर रहा है।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रभु श्रीराम होंगे मुख्य थीम

## फेयर में ब्रज, पूर्वांचल, अवध, पश्चिमाचल, रूहेलखंड व बुंदेलखंडी कलाकार विदेशी मेहमानों का करेंगे स्वागत

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में 21 से 25 सितंबर तक इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होने जा रहा है। इस प्रोग्राम के मुख्य थीम में प्रभु श्रीराम होंगे। कार्यक्रम की पहचान श्रद्धा, सम्मान के साथ सांस्कृतिक विरासत के तौर पर भी होगी। ये मंच विश्व को एक सांस्कृतिक डोर में बांधने का ज़रिया भी बनेगी। थाइलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया, साउथ कोरिया से श्री राम से जुड़े संस्मरण, लोक कलाओं, गायन व नृत्य नाटिकाओं का मंचन किया जाएगा। इसका शुभारंभ राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू करेंगी।

### मेहमानों के स्वागत में गाए जाएंगे लोक गीत

इंटरनेशनल ट्रेड शो में आने वाले विदेशी मेहमानों का स्वागत कल्चरल ग्रुप के आर्टिस्ट करेंगे और उनके




प्रोग्राम में श्रीराम से जुड़े लोक गीत प्रमुख होंगे। फेयर में हिस्सा लेने वाले हस्त शिल्पियों की ओर से तैयार की गई कलाकृतियों में भी प्रभु श्रीराम की झलक देखने को मिलेगी।

इसके अलावा इनॉगरेशन सेशन के दौरान कल्चरल टैब्ल्यू का प्रेजेंटेशन होगा, जिसमें ब्रज, पूर्वांचल, अवध, पश्चिमाचल, रूहेलखंड व बुंदेलखंड के कलाकारों की प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। इनमें से 12 कलाकार मंच पर अतिथियों को लेकर आएंगे।

इंटरनेशनल ट्रेड शो में ईशा फाउंडेशन के फाउंडर सद्गुरु भी आएंगे। वे इंटरैक्टिव सेशन के माध्यम से न केवल अध्यात्म से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे बल्कि व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक गुणों से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान को लेकर भी चर्चा कर सकते हैं।

विभिन्न विभागों के उत्पाद को वैश्विक पहचान दिलाने का काम ट्रेड शो के जरिए किया जाएगा। यहां कुल 17 विभागों को इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो में स्टॉल लगाने की मंजूरी दे दी गई है।

ये सभी स्टॉल सेकेंड फ्लोर के हॉल नंबर 2 में लगाए जाएंगे, जहां आने वाले नेशनल और इंटरनेशनल बायर्स के लिए तमाम तरह की पब्लिक एमिनिटीज का भी ख्याल रखा जाएगा।

बायर्स न सिर्फ इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेंगे, बल्कि यूपी के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संभावनाओं पर भी काम करेंगे। ओडीओपी के स्टॉल पर प्रदेश में तमाम जिलों के खास और यूनीक उत्पाद की श्रृंखला रहेगी।

# संपादकीय

## 'रैगिंग' करने वाले छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई

कुछ साल पहले तक शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग का चलन आतंक का पर्याय बन चुका था।

नए सत्र में दाखिला लेने वाले छात्रों के साथ परिचय और मिलने-जुलने के नाम पर वरिष्ठ छात्रों की बदसलूकी यानी 'रैगिंग' रोकने के लिए कड़े कानून बनाए गए। शिक्षण संस्थानों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि उनमें रैगिंग न होने पाए, इससे संबंधित प्रतिज्ञा भी संस्थान परिसर में लगाते हैं। विद्यार्थियों से इससे संबंधित वचन-पत्र भरवाए जाते हैं।

इसके बावजूद रैगिंग का रोग खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। ताजा मामला हिमाचल प्रदेश के मंडी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान यानी आइआइटी का है। पिछले महीने वहां के वरिष्ठ छात्रों ने नए आए छात्रों को बंद कमरे में देर तक मुर्गा बना कर रखा। इसके चलते कई छात्र दहशत में आ गए। छात्रों का कहना था कि ऐसा उन्होंने नए छात्रों के साथ मेलजोल बढ़ाने के लिए किया था।

इस घटना की सूचना जब आइआइटी प्रबंधन को मिली तो उसने खबर को दबाए रखा और अपने स्तर पर गहन जांच कराई। अब करीब पचहत्तर छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। कुछ को छह महीने के लिए संस्थान से बाहर कर दिया गया है, तो कइयों पर पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। निस्संदेह आइआइटी मंडी के प्रबंधन के इस कदम से संबंधित छात्रों को अपनी गलती का अहसास हुआ होगा और दूसरे संस्थानों के छात्रों को भी इससे सबक मिलेगा।

दरअसल, कुछ साल पहले तक शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग का चलन आतंक का पर्याय बन चुका था। यह रिवायत-सी बन गई थी कि पुराने छात्र नए छात्रों से परिचय के नाम पर उन्हें प्रताड़ित किया करते थे, उनसे अशोभन हरकतें कराते, उनके साथ अभद्र भाषा में बात करते थे। तमाम शैक्षणिक संस्थान भी इसे एक आम चलन की तरह स्वीकार कर लेते थे। मगर इसके चलते बहुत सारे कोमल मन के विद्यार्थी दहशत से भर उठते थे।

अनेक छात्रों ने रैगिंग के चलते खुदकुशी तक कर ली। जब यह सिलसिला बढ़ता गया तब अदालतों को संज्ञान लेना पड़ा और सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती के बाद शैक्षणिक संस्थानों को अपनी जिम्मेदारी का अहसास हुआ। रैगिंग करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाने लगी। फिर भी छात्रावासों में ऐसी गतिविधियां चोरी-छिपे चलती रहीं। दरअसल, पुराने छात्रों ने रैगिंग को एक तरह से अपने मनोरंजन और अपनी कुंठा निकालने का माध्यम बना लिया था। इस पर कठोरता से रोक लगाने के प्रयासों से काफी हद तक ऐसी गतिविधियां रुकी हैं। मगर आइआइटी मंडी की घटना से जाहिर है कि यह पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है।


इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि शैक्षणिक संस्थानों में नए-नए आए विद्यार्थियों का अपने वरिष्ठ विद्यार्थियों के साथ मेलजोल बढ़ना चाहिए। इससे पठन-पाठन का बेहतर वातावरण बनता है, कनिष्ठ विद्यार्थियों को वरिष्ठ विद्यार्थियों से काफी सहयोग मिल जाता है। मगर मेलजोल बढ़ाने का यह अर्थ कतई नहीं होता कि नए विद्यार्थियों को प्रताड़ित किया जाए, उन्हें अपमानित और उनके साथ अशोभन हरकतें की जाएं।

उनका आत्मविश्वास और आत्मसम्मान इस कदर तोड़ दिया जाए कि वे कुंठित रहने लगें या फिर खुदकुशी तक कर लें। उनसे स्नेहिल व्यवहार के जरिए मेलजोल बढ़ाना अधिक टिकाऊ हो सकता है। वरिष्ठ होने का अर्थ अपने कनिष्ठ के प्रति सुरक्षात्मक और सहयोगी होना होता है, न कि उसे प्रताड़ित करना। यह भाव विद्यार्थियों में पैदा करने की जिम्मेदारी शैक्षणिक संस्थानों की है। रैगिंग की घटनाएं खासकर तकनीकी संस्थानों में अधिक देखी जाती रही हैं। उन संस्थानों से सतर्कता की अपेक्षा की जाती है।

## पर्यावरण की परवाह

जलवायु परिवर्तन का असर साफ दिखने लगा है और धरती का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। यूरोपीय संघ के कॉपरनिकस जलवायु परिवर्तन पैनल ने कहा है कि पिछला महीना अगस्त वैश्विक स्तर पर सबसे गरम रहा, जो अब तक के सबसे गरम जून और जुलाई के बाद ऐसा रिकॉर्ड बनाने वाला लगातार तीसरा महीना बन गया है। कॉपरनिकस की उप-प्रमुख सामंथा बर्गेस ने फिर गुहार लगाई है कि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन दुनिया में तत्काल बंद किया जाए। दुनिया के अनेक इलाकों में बाढ़ की स्थिति है, तो अनेक जगह आग लगी हुई है। यूरोप की अगर बात करें, तो पिछले महीने अगस्त में मध्य यूरोप और स्कैंडिनेविया के बड़े हिस्से में बाढ़ देखी गई, जबकि फ्रांस, ग्रीस, इटली और पुर्तगाल में ऐसा सूखा पड़ा कि जंगलों में आग लग गई। अगस्त में ऑस्ट्रेलिया, अनेक दक्षिण अमेरिकी देशों और अंटार्कटिका के आसपास भी औसत से काफी ऊपर तापमान दर्ज किया गया। इस साल में अब तीन ही महीने बचे हैं और ऐसा लग रहा है कि साल 2023 सबसे गरम वर्ष के रूप में दर्ज हो जाएगा। झठ्ठअब दुनिया के दिग्गज देशों को जरूर सोचना चाहिए कि क्या बढ़ते तापमान को कम करने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं? वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने का लक्ष्य 2015 में 196 देशों ने पेरिस अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन समझौते के तहत तय किया था। इस दिशा में कितनी कामयाबी मिली है? यह वाकई परखने का समय है, वरना यह दुनिया इंसान के लिए दिनोंदिन मुश्किल होती चली जाएगी। भारत में भी अगस्त में औसत रूप से रिकॉर्ड गरमी दर्ज की गई है। वर्ष 1901 के बाद यह सबसे गरम अगस्त बताया जा रहा है। भारत में भी कहीं सूखे की स्थिति है, तो कहीं जरूरत से ज्यादा बारिश से तबाही का मंजर है। शायद अभी भी लोग जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का प्रभाव भारत में भी महसूस किया जा रहा है। वैश्विक तापमान में वृद्धि के प्रभाव में भारत में भी औसत तापमान में वृद्धि हुई है। हिंद महासागर के स्तर में भी वृद्धि हुई है, जो भारतीय भूभाग को हर वर्ष 3.3 मिमी की मात्रा में निगल रहा है। भारतीय संसद में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, 1993 और 2017 के बीच, भारत के आसपास समुद्र के स्तर में कुल 7.92 सेंटीमीटर की वृद्धि हो चुकी है।

वैसे अनेक अन्य देशों की तुलना में भारत पर्यावरण की दृष्टि से ज्यादा सजग और संवेदनशील है। सरकार हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए लगातार पहल कर रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने और 2030 तक 50 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के विकास के लिए 3,760 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। यह बहुत सुखद सूचना है कि सरकार का लक्ष्य 2030 तक 4,000 मेगावाट की बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं विकसित करना है। दरअसल, अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार को बड़े पैमाने पर आर्थिक सहयोग देने की जरूरत है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा जैसे विकल्पों को सस्ता बनाना जरूरी है। ऊर्जा पैदा करने के लिए अभिनव प्रयासों को बढ़ावा देना होगा, ताकि ऊर्जा के परंपरागत स्रोतों पर दबाव कम हो। पर्यावरण के मोर्चे पर जी-20 के आगामी शिखर सम्मेलन से भी बड़ी उम्मीदें हैं। दुनिया के महत्वपूर्ण देशों को पर्यावरण की रक्षा के लिए और गंभीरता से आगे आना चाहिए।



# उत्तर प्रदेश की दर्जन भर लोकसभा सीटों ने बढ़ा रखी है भाजपा नेतृत्व की टेंशन

स्वदेश कुमार



भाजपा का पहला लक्ष्य 2014 में जीती हुई सीटों को वापस हासिल करना है। वर्ष 2014 में भाजपा ने 71 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं, सहयोगी अपना दल-एस को 2 सीटों पर जीत मिली थी। उस चुनाव में समाजवादी पार्टी को 5 और कांग्रेस को 2 सीटें मिली थीं।

भारतीय जनता पार्टी के नेता भले ही सार्वजनिक रूप से अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत का दावा कर रहे हों, लेकिन अंदर खाने की खबर यही है कि फिलहाल बीजेपी आलाकमान 68-70 सीटों से आगे जीत का अनुमान नहीं लगा पा रहा है। बीजेपी मुस्लिम बाहुल्य कुछ सीटों पर हमेशा से कमजोर रही है तो कई मौजूदा सांसद जनता के बीच अपनी खराब छवि के चलते पार्टी के लिए बोझ बन गए हैं। अब आलाकमान को यह तय करना है कि ऐसे सांसदों का क्या किए जाये जो इस बार बीजेपी के लिए जीत की गारंटी नहीं रह गए हैं। यह सब बातें बीजेपी के आंतरिक सर्वे में भी सामने आ चुकी हैं। इसीलिए पार्टी ने कुछ लोकसभा सीटों के प्रत्याशी बदलने का भी मन बना लिया है। सूत्र बताते हैं कि पार्टी के आंतरिक सर्वे में करीब 16 सीटें ऐसी मिली हैं, जहां पर पार्टी की स्थिति अत्यंत कमजोर है। इन सीटों पर जीत के लिए पार्टी को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अच्छी बात यह कि इन सीटों पर भी बीजेपी हार की संभावना के बीच भी लड़ती हुई नजर आयेगी। पार्टी के भीतर कुछ सांसदो का टिकट काटे जाने की चर्चा शुरू होते ही उन सांसदों ने दिल्ली से लेकर लखनऊ तक में बैठे अपने आकाओं के यहां दौड़ लगाना शुरू कर दिया है, जिनकी टिकट बंटवारे में अहम भूमिका रहती है। लेकिन बीजेपी आलाकमान इन सब बातों को अनदेखा करते हुए मिशन 80 पूरा करने में लगा है।

उत्तर प्रदेश में मिशन 2024 के तहत पार्टी सभी 80 सीटों पर जीत की रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा की कोशिश सहयोगी दलों से बेहतर समन्वय स्थापित कर चुनावी मैदान में उतरने की है। टिकट बंटवारे के समय एनडीए के सहयोगियों के बीच में किसी प्रकार की खींचतान का न होना, इस बार सकारात्मक संदेश दे रहा है। दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में सीटों को लेकर दावेदारी बढ़ने लगी है। बीजेपी इस बात से भी खुश है कि बसपा सुप्रीमो मायावती विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे बड़ा खतरा बनती दिख रही हैं। बसपा के उम्मीदवार चुनावी मैदान में किसी भी दल के प्रत्याशी का खेल ऊपर-नीचे कर सकते हैं। मायावती का चुनावी मैदान में उतरना विपक्षी गठबंधन के लिए किसी भी स्थिति में सही नहीं होगा। विपक्ष मान रहा है कि आमने-सामने का मुकाबला हो तभी भाजपा को हराना संभव हो पाएगा। ऐसे में विपक्ष को एक पाले में लाना होगा। वहीं, भाजपा 50 फीसदी से अधिक वोट शेयर हासिल करने के लिए लोकसभा क्षेत्रवार अपनी रणनीति तैयार करने में जुट गई है।

भाजपा का पहला लक्ष्य 2014 में जीती हुई सीटों को वापस हासिल करना है। वर्ष 2014 में भाजपा ने 71 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं, सहयोगी अपना दल-एस को 2 सीटों पर जीत मिली थी। उस चुनाव में समाजवादी पार्टी को 5 और कांग्रेस को 2 सीटें मिली थीं। लेकिन, 2019 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन के कारण बसपा के सीटों की संख्या बढ़कर 10 हो गई। कांग्रेस एक सीट पर सिमटी।

सपा ने एक बार फिर 5 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा के सीटों की संख्या घटकर 62 रह गई। अपना दल-एस ने अपने 2 सीटों के आंकड़े को बरकरार रखा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा यूपी की हारी हुई सीटों को रेड जोन में रखा है। साथ ही, जिन सीटों पर सांसदों का परफॉर्मेंस खराब है, उसे भी रेड जोन में रखते हुए तैयारियां चल रही हैं।

केंद्रीय नेतृत्व ने तय किया है कि उसके आदेशों को अनदेखा करके जो सांसद अभी तक अपनी छवि सुधारने में नहीं जुटे हैं। ऐसे बेपरवाह रहने वाले सांसदों का टिकट इस बार कट सकता है। वैसे कुछ सांसद नेतृत्व के निर्देशानुसार टिकट कटने की स्थिति से बचने के लिए क्षेत्र में अपनी छवि चमकाने की कवायद में जुट गए हैं। इस बार भाजपा के अंदरूनी सर्वे में वर्ष 2019 के चुनाव में जीती गई फिरोजाबाद, बदायूं और इटावा जैसी लोकसभा सीटों को सबसे मुश्किल श्रेणी में में रखा गया है। इसी तर भले ही भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ उप चुनाव में जीत हासिल की हो, लेकिन दोनों सीटों पर अभी भी बीजेपी जीत का दावा करने की स्थिति में नहीं हैं। इन सीटों पर जीत हासिल करन के लिए विशेष तौर पर रणनीति तैयार की जा रही है।

बात पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कि जाए तो यहां की मुरादाबाद, संभल, रामपुर, नगीना, बिजनौर, बदायूं, फिरोजाबाद, इटावा और मैनपुरी सीटों को जीतने के लिए पार्टी द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहा है। वहीं, पूर्वी यूपी की आजमगढ़, घोसी, लालगंज, गाजीपुर, जौनपुर, श्रावस्ती और अंबेडकरनगर जैसी सीटें भी भाजपा की चिंता बढ़ा रही हैं। वर्ष 2014 में भाजपा ने मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अंबेडकर नगर, नगीना, गाजीपुर, घोसी और लालगंज में जीत हासिल की। भाजपा की कोशिश इन सीटों को फिर से जीतने की है। वहीं, 2019 में बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, रायबरेली, घोसी, लालगंज, जौनपुर, अंबेडकर नगर, गाजीपुर, श्रावस्ती, मैनपुरी, सहारनपुर, आजमगढ़, रामपुर और नगीना में मिली हार को जीत में बदलने की भी कोशिश होगी।

खैर, बात मीडिया सर्वे के आधार पर लोकसभा चुनाव में हार-जीत की कि जाए तो टाइम्स नवभारत और ईटीसी के सर्वे के अनुसार एनडीए गठबंधन को 69-73 सीटों पर जीत मिलते नजर आ रही है। जिसका मतलब यह है कि अगर वर्तमान में लोकसभा चुनाव कराए जाएं तो यूपी में एनडीए को 70 से ज्यादा सीटें जीतने को मिल सकती हैं। वहीं इंडिया गठबंधन जिसमें समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर देखे जा रहे हैं उसे सिर्फ 5 से 9 सीटें ही मिल रही हैं। वहीं बसपा को शुन्य से एक सीट पर जीत मिल सकती है और अन्य के खाते में 1 से 3 सीट जाते हुए नजर आ रही है। फिलहाल इस सर्वे की सबसे बड़ी बात यह है कि 70 से ज्यादा सीटें बीजेपी के खाते में जा रही है, वहीं समाजवादी पार्टी का गठबंधन अपना पिछला आंकड़ा भी नहीं छू पा रहा है। सर्वे के अनुसार वोट शेयर की बात करें तो एनडीए को 51.2 प्रतिशत वोट शेयर, इंडिया गठबंधन को 38.2 प्रतिशत वोट शेयर, बसपा को 6.4 प्रतिशत वोट शेयर और अन्य के खाते में 4.2 प्रतिशत वोट शेयर जा रहे हैं।

# राष्ट्र निर्माण में सनातनी धर्म, शिक्षा और संस्कृति का महत्वपूर्ण योगदान

भारत में वर्तमान में सनातन धर्म और उसके अस्तित्व को लेकर विवादित राजनैतिक बयान दिए जा रहे हैं, यह निश्चित तौर पर बयान देने वाले लोगों का अल्प ज्ञान और ज्ञानहीन होना ही प्रमाणित करता है। खैर मैं विवादित बातों में नहीं उलझना चाहता हूं पर यह तथ्य सर्व विदीत एवं अर्वाचीन कल से स्थापित है कि भारत में प्रागैतिहासिक वैदिक तथा सनातनी शिक्षा धर्म और उसके ज्ञान का स्वरूप बड़ा ही विस्तृत है।

हमें अपनी वैदिक सनातनी परंपराओं शिक्षा के विराट स्वरूप एवं संस्कृति पर सदैव गर्व होना चाहिए। भारत को भारतवर्ष भी आदिकाल की सांस्कृतिक शिक्षा और विशाल ज्ञान के भरपूर स्रोतों के कारण ही कहा जाता रहा है। भारत के ऋषि, मुनि, गौतम और अनेक संस्कृत के शिक्षकों ने भारत भूमि को न सिर्फ गौरवशाली बनाया बल्कि ऐतिहासिक रूप से इसे विश्व में सर्वोपरि स्थान दिलाया है। भारत के गौरव को और ऊंचा उठाने में स्वामी विवेकानंद जी की शिकागो यात्रा और उन के शक्तिशाली व्याख्यान ने द्विगुणित करने की भूमिका निभाई है।

भारतीय वेदों और संस्कृति ने वैश्विक स्तर पर नए नए आयाम का सृजन किया है।

वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप हैद्य यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है।

जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगीद्य मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा, भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा हैद्य शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती हैद्य शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है।

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं।

शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया हैद्य वस्तुत: पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है।




# दुनियां जीडीपी के दृष्टिकोण से हटकर अब मानव केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ चली है



अंतरराष्ट्रीय मंचों रूपी प्लेटफार्म से सशक्त कल्याणकारी मानवीय श्रृंखला बनाकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना समय की मांग है

वैश्विक मानव निर्मित व प्राकृतिक विपत्तियों से निपटाने मज़बूत मानव श्रृंखला उपाय की सटीकता को रेखांकित करना समय की मांग – एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया

गोंदिया – वैश्विक स्तरपर कोरोना महामारी के दौरान करीब करीब हर देश के स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, विज्ञान सहित अनेक तकनीकें भी पीड़ितों और मृतकों की संख्या कम नहीं कर पाई। याने सभी तथाकथित सुदृढ़ संसाधन इस महामारी के सामने पंगु नज़र आए। परंतु इसमें हमने एक बात नोट किए कि लगभग सभी देशों नें मिलकर दवाइयां, मेडिकल, मेडिकल इंस्ट्रूमेंट, खाद्य सहित अनेक क्षेत्रों की सहायता कुछल कल्याणकारी मानवीय चैन बनाकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर, एक दूसरे की मदद कर रहे थे। भारत में भी करीब 150 देशों को वैक्सीन की आपूर्ति की तो भारत को भी भारी विपत्ति के समय विकसित और विकासशील देशों द्वारा मेडिकल इंस्ट्रूमेंट की मदद की गई थी। यह बात हम आज इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि भारत में 9-10 सितंबर जी-20 शिखर सम्मेलन वसुधैव कुटुम्बकम शुरू है। इसके पहले 5-7 सितंबर 2023को आसियान शिखर सम्मेलन, इसके पहले जी-10, शंघाई इत्यादि शिखर सम्मेलनों सहित अनेक वैश्विक शिखर सम्मेलनों में एक बात उभर कर आई है कि मानवीय मूल्यों पर अधिक महत्व दिया जा रहा है। चूंकि भारत आदि अनादि काल से मानवीय मूल्यों की तरफदारी करता रहा है, अब इसमें चार कदम आगे बढ़कर जी-20 शिखर सम्मेलन को वसुधैव कुटुम्बकम यानें पूरा विश्व एक परिवार है की थीम बनाकर अब जीडीपी केंद्रित दृष्टिकोण से मानव केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने का काम जोरों पर किया जा रहा है। इसपर पूरी दुनियां को साझा दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है,जिससे वैश्विक मानव निर्मित व प्राकृतिक विपरीताओं से निपटने के लिए मजबूत मानव श्रृंखला उपाय की सटीकता को रेखांकित किया जाना चाहिए। चूंकि अब पूरी दुनियां का अब वसुधैव कुटुम्बकम पर ध्यान है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय मंचों रूपी प्लेटफार्मससे सशक्तकल्याणकारी मानवीय श्रृंखला बनाकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम भारत की आदि अनादि काल से सोच और जलवायु परिवर्तन के संबंध में दृष्टिकोण की करें तो, वसुधैव कुटुम्बकम, हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, पूरी दुनिया एक परिवार है।यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन ना हो।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 7 सितंबर 2023 को व्यक्त किए गए अपने विचारोंकी करें तोजलवायु परिवर्तन केकारण खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इससे निपटने में मोटा अनाज या श्रीअन्न से बड़ी मदद मिल सकती है। श्रीअन्न क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स के दौरान हमने श्रीअन्न को वैश्विक स्तरपर पहुंचाया है। द डेक्कन हाई लेवल प्रिंसिपल्स ऑन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन से भी इस दिशा में सहायता मिल सकती है।टेक्नॉलजी परिवर्तनकारी है लेकिन इसे समावेशी भी बनाने की जरूरत है। अतीत में तकनीकी प्रगति का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से नहीं मिला। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने दिखाया है कि कैसे टेक्नॉलजी का लाभ उठाकर असमानताओं को कम किया जा सकता है।उदाहरण के लिए, दुनियां भर में अरबों लोग जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं है, या जिनके पास डिजिटल पहचान नहीं है, उन्हें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के माध्यम से साथ लिया जा सकता है।डीपीआई का उपयोग करके हमने जो परिणाम प्राप्त किए हैं, उन्हें पूरी दुनियां देख रही है,उसके महत्व को स्वीकार कर रही है। अब, जी-20 के माध्यम से हम विकासशील देशों को डीपीआई अपनाने, तैयार करने और उसका विस्तार करने में मदद करेंगे,ताकि वो समावेशी विकास की ताकत हासिल कर सकें। भारत में, प्राचीन काल से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर आगे बढ़ना हमारा एक आदर्श रहा है और हम आधुनिक समय में भी क्लाइमेट एक्शन में अपना योगदान दे रहे हैं। ग्लोबल साउथ के कई देश विकास के विभिन्न चरणों में हैं और इस दौरान क्लाइमेट एक्शन का ध्यान रखा जाना चाहिए। क्लाइमेट एक्शन की आकांक्षा के साथ हमें ये भी देखना होगा कि क्लाइमेट फाइनेंस और ट्रांसफर ऑफ टेक्नॉलजी का भी ख्याल रखा जाए। हमारा मानना है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पाबंदियों वाले रवैये को बदलना चाहिए। क्या नहीं किया जाना चाहिए से हटकर क्या किया जा सकता है वाली सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें एक रचनात्मक कार्य संस्कृति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।एक टिकाऊ और सुदृढ़ ब्लू इकॉनमी के लिए चेन्नई एचएलपी हमारे महासागरों को स्वस्थ रखने में जुटी है।साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के अर्थव्यवस्था और जी-20 के संबंध में विचारों की करें तो, भारत की डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेवलपमेंट के बारे में किसी और से सुनना एक बात है और उसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करना बिल्कुल अलग है। मुझे विश्वास है कि हमारे जी-20 प्रतिनिधि इसे स्वयं महसूस करेंगे। हमारी जी-20 अध्यक्षता विभाजन को पाटने, बाधाओं को दूर करने और सहयोग को गहरा करने का प्रयास करती है। हमारी भावना एक ऐसी दुनिया के निर्माण की है, जहां एकता हर मतभेद से ऊपर हो, जहां साझा लक्ष्य अलगाव की सोच को खत्म कर दे। जी-20 अध्यक्ष के रूप में, हमने वैश्विक पटल को बड़ा बनाने का संकल्प लिया था, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि हर आवाज सुनी जाए और हर देश अपना योगदान दे। मुझे विश्वास है कि हमने कार्यों और स्पष्ट परिणामों के साथ अपने संकल्प पूरे किये है।जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान, यह विचार मानवकेंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम वन अर्थ के रूप में, मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं।

हम वन फ़ैमिली के रूप में विकास के लिए एक-दूसरे के सहयोगी बन रहे हैं। और वन फ्यूचर के लिए हम एक साझा उज्जवल भविष्य की ओर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। भारत के लिए, जी-20 की अध्यक्षता केवल एक उच्च स्तरीय कूटनीतिक प्रयास नहीं है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी और मॉडल ऑफ डाइवर्सिटी के रूप में हमने इस अनुभव के दरवाजे दुनिया के लिए खोल दिये हैं।आज किसी काम को बड़े स्तर पर करने की बात आती है तो सहज ही भारत का नाम आ जाता है। जी-20 की अध्यक्षता भी इसका अपवाद नहीं है।यह भारत में एक जनआंदोलन बन गया है।जी-20 प्रेसीडेंसी का हमारा कार्यकाल खत्म होने तक भारत के 60 शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की जा चुकी होंगी। इस दौरान हम 125 देशों के लगभग एक लाख प्रतिनिधियों की मेजबानी कर चुके होंगे। किसी भी प्रेसीडेंसी ने कभी भी इतने विशाल और विविध भौगोलिक विस्तार को इस तरह से शामिल नहीं किया है।भारत का सबसे तेज गति से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाना कोई आकस्मिक घटना नहीं है। हमारे सरल, व्यावहारिक औरसस्टेनेबल तरीकों ने कमजोर और वंचित लोगों को हमारी विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाया है। अंतरिक्ष से लेकर खेल, अर्थव्यवस्था से लेकर उद्यमिता तक, भारतीय महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। आज महिलाओं के विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व में विकास के मंत्र पर भारत आगे बढ़ रहा है।

## शार्ट न्यूज

### फर्रुखाबाद में दो पुलिस सब इंस्पेक्टर निलंबित व 5 इंस्पेक्टर स्थानांतरित

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के दो पुलिस सब-इंस्पेक्टर को ड्यूटी के प्रति लापरवाही वर्तने के मामले में तत्कालिक प्रभाव निलम्बित कर दिया गया तथा पांच इंस्पेक्टर स्थानांतरित किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने आज शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने ड्यूटी के प्रति लापरवाही बर्तने के मामले में पुलिस लाइन में तैनात पुलिस सब इंस्पेक्टर विक्रम सिंह तथा सर्विलांस सेल के प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगदीश भाटी को तत्कालिक प्रभाव से निलंबित कर दिया। प्रवक्ता ने बताया कि इसी क्रम में जिले के फतेहगढ़ पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक अनुराग मिश्रा को, यूपी 112 का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया व यूपी 112 प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार को, निरीक्षक अपराध कोतवाली फर्रुखाबाद बनाया गया। जहानगंज थाना पुलिस चौकी राजपूताना इंचार्ज इंस्पेक्टर भोलेंद्र चतुर्वेदी को, कायमगंज कोतवाली में अपराध निरीक्षक पद पर तैनात किया गया। डीसीआरबी में तैनात प्रभारी निरीक्षक निर्भयचंद्र को, निरीक्षक अपराध कोतवाली मोहम्मदाबाद पद पर भेजा गया तथा फतेहगढ़ पुलिस लाइन से निरीक्षक मंजेश कुमार को ,प्रभारी निरीक्षक डीसीआरबी फतेहगढ़ बनाया गया।

### बागपत जिलाधिकारी ने स्कूलों में कम उपस्थिति पर जताई नाराजगी, रोका वेतन

**बागपत।** उत्तर प्रदेश में बागपत के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज उच्च प्राथमिक विद्यालय संविलियन बडौली का निरीक्षण किया, जिसमें पंजीकृत 103 विद्यार्थियों के सापेक्ष मात्र 28 छात्र-छात्राएं ही उपस्थित मिले। उन्होंने विद्यार्थियों की कम संख्या होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बच्चों से मिड डे मील के संबंध में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बड़ौत बडौली का निरीक्षण किया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी राशिद सिद्दीकी मौके पर नहीं मिले। जिलाधिकारी ने कार्यालय में उपस्थिति रजिस्टर देखा जिसमें रूपल जैन लेखाकार व अनिरुद्ध तोमर कार्यालय सहायक अनुपस्थित मिले। कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि बागपत किसी कार्य से गए हैं उसके बावजूद भी उनके मूवमेंट रजिस्टर में कोई एंट्री नहीं मिली। इस पर जिलाधिकारी ने उनके वेतन रोकने के निर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी को दो माह से अधिक कार्यभार ग्रहण किए हो गए हैं। उनका न तो बोर्ड पर नाम लिखा मिला और न ही कार्यालय के बाहर नेम प्लेट चस्पा थी। जिलाधिकारी ने बरती जा रही लापरवाही और कार्यालय के प्रति गंभीर न होने पर नाराजगी व्यक्त की और उनका जवाब तलब करने के निर्देश दिए।

### मोबाइल टॉवर से गिरकर युवक की मौत

**झांसी।** मोबाइल टॉवर से गिरकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वह टॉवर पर पेंट का काम कर रहा था। तभी पैर फिसलने से हादसा हो गया। उसने सेफ्टी बेल्ट पहन रखी थी, लेकिन वो भी टूट गई। मृतक का नाम मोनू भारत (27) पुत्र मंगला प्रसाद भारती था। वह प्रयागराज के मेजा थाना क्षेत्र के उरुआ गांव का रहने वाला था। बड़े भाई वीनू ने बताया कि पलेरा के पास चरी गांव में बीएसएनएल का नया टॉवर लगा है। शुक्रवार को छोटा भाई मोनू टॉवर पर चढ़कर पेंट कर रहा था। तभी पैर फिसलने से हादसा हो गया। बड़े भाई ने बताया कि मोनू करीब 20 फुट ऊपर से नीचे गिरा। उसने सेफ्टी बेल्ट पहन रखी थी। लेकिन जब वह नीचे गिरा तो सेफ्टी बेल्ट पुरानी होने के कारण टूट गई। इसके बाद मोनू सिर के बल टॉवर के सीमेंट के बेस पर गिरा। इसके उसके सिर में गंभीर चोट आई। हादसे के बाद आसपास के लोग एकत्र हो गए। तुरंत मोनू को अस्पताल ले गए। वहां से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोनू के घर पर एक ओर खुशी का माहौल था, क्योंकि 15 दिन पहले ही उसकी पत्नी सीमा ने एक बेटे को जन्म दिया था। इस मौके पर मोनू घर नहीं जा पाया था। अभी उसने अपने बेटे का मुंह भी नहीं देख पाया था कि हादसे में उसकी जान चली गई।

### हमीरपुर कलक्ट्रेट में महिलाओं का प्रदर्शन

**हमीरपुर।** हमीरपुर में आज महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। महिलाओं ने बताया कि बीते एक साल से उनके मोहल्लों में सिर्फ एक घंटे की वाटर सप्लाई की जा रही है। ऐसे में नहाने सहित अन्य कामों के लिए पानी की समस्या बनी रहती है। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए पानी की मांग करने पहुंची महिलाएं हमीरपुर मुख्यालय में कजियाना मोहल्ले की निषाद बस्ती की रहने वाली थीं। इस इलाके में बीते एक साल से सिर्फ एक घंटे की वाटर सप्लाई हो रही है। ऐसे में इन लोगों ने पानी की मांग को लेकर कई बार जल संस्थान को ज्ञापन दिया, लेकिन सुनवाई के नाम पर दो चार दिन के लिए सुचारू रूप से पानी की सप्लाई हो जाती है। कुछ दिन बाद फिर वही हालत हो जाते हैं। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचीं महिला अराधना, संगीता, राधा, रेनू सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर जल संस्थान को कई बार ज्ञापन दिया गया, लेकिन सुनवाई के नाम पर दो चार दिन के लिए पानी की सप्लाई मिलती है। उसी से तंग आकर आज जिलाधिकारी की चौखट पर आना पड़ा है।

### लखीमपुर-खीरी में जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर में अपराधियों के खिलाफ़ चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को पुलिस टीम ने जिला बदर अपराधी को गांजे के साथ गिरफ़्तार करने में कामयाबी हासिल की। आरोपी को कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। गुरुवार को ईसानगर थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र के मितौला रपटा पुल के पास से जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यालायल भेजा, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी पर ईसानगर थाने में करीब आधा दर्जन संगीन धाराओं में मुकदमा पहले से ही पंजीकृत है। इस बाबत थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार को उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहे जिला बदर अपराधी रोज अली पुत्र मुबारक़ निवासी ग्राम गनेशपुर कुरतहिया थाना ईसानगर को मितौला रपटा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है। इस पर ईसानगर थाने में करीब आधा दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। जिसको अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक खीरी के द्वारा 6 माह के लिए जनपद खीरी की सीमा से निष्कासित किया गया था। निष्कासन की तिथि से पहले ही वह क्षेत्र में आ गया, जिसकी सूचना मिलते ही उसे गिरफ़्तार कर लिया गया, जिसके पास से एक 850 ग्राम गांजा भी बरामद हुआ है। उस पर विधिक कार्रवाई के बाद न्यालालय भेजा गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### लेखपाल को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

पीलीभीत। पीलीभीत में एंटी करप्शन की टीम ने रु 5000 की रिश्वत लेते एक लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ा है। पूरा मामला जिले की कलीनगर तहसील का बताया जा रहा है। जहां तहसील में तैनात लेखपाल केके सागर को एंटी करप्शन की टीम ने शुक्रवार को किसान से रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है तहसील से जुड़े काम के संबंध में आरोपी लेखपाल किसान से रु 5000 की रिश्वत मांग रहा था। किसान इस मनमानी से परेशान हो गया और उसने पूरे मामले की शिकायत एंटी करप्शन के ऑफिस पहुंचकर की। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन की टीम ने ट्रैप के जरिए शुक्रवार को रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़ लिया। एंटी करप्शन की टीम के साथ कुछ सरकारी गवाह भी मौजूद थे। सरकारी गवाहों की मौजूदगी में एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथों के के सागर लेखपाल को रिश्वत लेते पकड़ा है। लेखपाल को एंटी करप्शन की टीम अपने साथ लेकर पीलीभीत के गजरौला थाने पहुंची है जहां पूरे मामले के संबंध में लेखपाल पर एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। एंटी करप्शन की टीम ने कलीनगर तहसील के बाहर से ही आरोपी लेखपाल को किसान से रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।लेखपाल को टीम अपने साथ गजरौला थाने ले गयी है जहां लेखपाल के विरुद्ध कागजी कार्यवाही की जा रही है।

# दाम्पत्य विवादों को सुलझाने में भी लोक अदालतें निभा रहीं सकारात्मक भूमिका

- उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022-23 व 2023-24 के बीच अब तक कुल मिलाकर 6 चरणों में लोक अदालतों का हुआ आयोजन, इसमें दाम्पत्य व पारिवारिक विवाद से जुड़े 5632 मामलों का हुआ निस्तारण
- बैंक रिकवरी से संबंधित विवादों में त्वरित समाधान उपलब्ध कराने में भी मिली सफलता, 27782 मामलों का वर्ष 2022-23 व 2023-24 के बीच हुआ निस्तारण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को सुधारने के साथ-साथ योगी सरकार ने न्यायिक प्रक्रिया तक आम लोगों की पहुंच को आसान बनाने के जो प्रयास किए हैं, वह अब धरातल पर अपना असर दिखाने लगे हैं। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश में लोक अदालतें भी जनता को जटिल कानूनी प्रक्रियाओं के पेंच से निकालकर लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण का मार्ग प्रशस्त कर रही है। जटिल न्यायिक प्रक्रिया में सरलीकरण की यह मुहिम रंग ला रही है और यूपी स्टेट लीगल सर्विसेस अथॉरिटी की रिपोर्ट ने इस बात पर मुहर भी लगा दी है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2022-23 व 2023-24 के मध्य अब तक कुल 6 चरणों में लोक अदालतें लगाई गईं जिसमें कुल मिलाकर रिकॉर्ड 3.30 करोड़ मामलों का निस्तारण हुआ। वहीं, दांपत्य व पारिवारिक विवाद के मामलों को सुलझाने में भी उत्तर प्रदेश में लगाई गई लोक अदालतों को व्यापक सफलता मिली है।

यही कारण है कि बात चाहें अपराधिक मामलों में न्याय की हो, पारिवारिक व दांपत्व विवाद सुलझाने की हो या फिर बैंक रिकवरी के केसेस में त्वरित समाधान उपलब्ध कराने की हो, उत्तर प्रदेश एक मिसाल बनकर उभरा है।

उत्तर प्रदेश देश में उन राज्यों में शुमार है जो लगातार मिसाल कायम कर रहे हैं। लोक अदालतों के जरिए जटिल न्यायिक प्रक्रिया के सरलीकरण व त्वरित समाधान उप्लब्ध कराने की दिशा में योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश के अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल सरीखा साबित हो रहा है।

#### दांपत्य व पारिवारिक विवादों के निस्तारण में आई तेजी

यूपी स्टेट लीगल सर्विसेस अथॉरिटी की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022-23 व वर्ष 2023-24 के मध्य अब तक 6 चरणों में प्रदेश भर में लोक अदालतें लगाई गईं। इनमें पारिवारिक विवादों के निस्तारण के साथ ही दांपत्व विवादों के मामलों में त्वरित समाधान व निस्तारण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पर जोर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इन विवादों को सुलझाने के लिए प्री लिटिगेशन स्टेज में ही सुलह कराए जाने और दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बनाने के लिए प्रयास किए जाते हैं।

# महोबा : बिजली चोरी के बड़े मामले का भंड़ाफोड़

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के अजनर क्षेत्र में विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को बिजली चोरी के एक बड़े मामले का भंडाफोड़ करके अवैध तरीके से संचालित पूरी पावर लाइन और उससे जुड़े 9 ट्रांसफार्मर बरामद किए ।

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के कुलपहाड़ क्षेत्र में उपखण्ड अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान स्यावन गांव के निकट कतिपय लोगों द्वारा अवैध लाइन बिछा कर विद्युत चोरी किये जाने के मामले का खुलासा हुआ। बिजली चोरों ने यहां खेतो के मध्य एक स्थान पर गैरकानूनी तरीके से 25 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगा रखा था और निकट से गुजरी धौर्रा फीडर की ग्यारह हजार केवीए की लाइन से उसे जोड़ रखा था। इस प्रकार बिजली चोरों द्वारा यहां विद्युत विभाग की लाइन के समानांतर एक अन्य लाइन डालकर बड़ी संख्या में लोगों को कनेक्शन बांट कर विद्युत चोरी की जा रही थी।

उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि बिजली विभाग के समानांतर लाइन डालकर बिजली चोरी किये जाने का यह बड़ा प्रकरण देख विजिलेंस टीम सहित सभी विभागीय अधिकारी सन्न रह गए। मामले में तत्काल कार्रवाई अमल में लाकर तत्काल फीडर की आपूर्ति बंद कराई गई और गैरकानूनी विद्युत लाइन को उतार कर सीज कराया गया। इस कार्रवाई में विजिलेंस टीम ने कुल 9 ट्रांसफार्मर भी बरामद किए है, जिनमे एक 25 केवीए क्षमता और 08 ट्रांसफार्मर 05 केवीए क्षमता के है। यह ट्रांसफार्मर बिजली विभाग द्वारा प्रमाणित नही थे।

### झांसी: सरकारी राशन की कालाबाजारी का विरोध करने पर युवक को मारी गोली


झांसी। झांसी के मऊरानीपुर थानाक्षेत्र के टकटौली गांव में सरकारी राशन की कालाबाजारी का विरोध करने पर युवक को गोली मारे जाने का मामला आज प्रकाश में आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टकटौली गांव में सरकारी राशन की दुकान का कोटा एक दलित परिवार के पास है लेकिन पिछले करीब नौ साल से गांव का एक दबंग श्यामाकांत तिवारी कोटे का संचालन कर रहा है । ग्रामीणों का आरोप है कि तिवारी सरकारी राशन को नहीं बांटता है बल्कि उसकी कालाबाजारी कर देता है। इसी क्रम में इस बार भी तिवारी ने सरकारी राशन की दुकान पर राशन नहीं बांटा । गुरूवार देर रात वह राशन ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर बेचने ले जा रहा था। सरकारी राशन की कालाबाजारी होते देख ग्रामीण मुकेश परिहार(34)इसका वीडियो बनाने लगा। मुकेश के भाई प्रकाश ने बताया कि कोटेदार रात के अंधेरे में सरकारी राशन ले जा रहा था और इसी पर मुकेश ने उससे ऐसा करने का कारण पूछा तो तिवारी बौखला गया और उसने मुकेश को गोली मार दी ।इतना ही नहीं मुकेश को गोली मारने के बाद वह हवाई फायर कर धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आरोपी के साथ तीन अन्य लोग भी थे। गोली लगने से घायल हुए युवक को झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।मेडिकल कॉलेज सूत्रों के अनुसार युवक की हालत गंभीर है।

### धोखाधड़ी कर खाते से निकाले 20 हजार

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुरी-खीरी में पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारियों व सक्रिय दलालों ने फर्जी तरीके से युवक के खाते से दस-दस हजार कर 20 हजार रुपए निकाल लिए। खाता धारक ने जब बैंक के शाखा प्रबंधक से शिकायत की तो बैंक कर्मचारियों ने उसे ही धमकाकर भगा दिया। जिससे आहत खाता धारक ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करवाने की गुहार लगाई है। पंजाब नेशनल बैंक शाखा लाखुन के खाताधारक संतोष पुत्र राम खेलावन ने मुख्यमंत्री पोर्टल समेत जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा है कि पीएनबी बैंक शाखा में उसका बचत खाता है, जिसमें 20556 रुपए जमा थे।

# बाराबंकी : विवाद के बाद युवक ने महिला पर चढ़ा दी पिकअप, हुई मौत

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के असंद्रा थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच विवाद के बाद गुस्साये युवक ने दूसरे पक्ष की महिला पर पिकअप चढ़ा दी है, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो बच्चे घायल हो गये हैं।




पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना असंद्रा इलाके के मोतिकपुर गांव निवासी रउफ और रईस सगे भाई है। गुरूवार देर शाम दोनों के परिवारों का विवाद पड़ोसी अब्दुल गफ्फार के यहां से चल रहा था।

आरोप है कि अब्दुल गफ्फार के पक्ष ने रउफ के पक्ष के एक बच्चे को जमकर पीटा जिसमें वह लहूलुहान हो गया, इसे लेकर दोनों पक्षों में तनातनी हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि भारी शोरगुल के दौरान रउफ के पक्ष के एक युवक ने अपनी पिकअप स्टार्ट की और अचानक तेज एक्सीलेटर लेते हुए अब्दुल गफ्फार की पत्नी कतीबुल निशा (60) पर चढ़ा दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, इसे लेकर गांव में दहशत फैल गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात संभाले। इस दौरान पता लगा कि एक बच्चा पिटाई से घायल है जबकि दूसरा पिकअप की चपेट में आकर। पुलिस ने दोनों बच्चों को तत्काल स्थानीय अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने पिकअप बरामद कर ली है। रउफ और रईस के परिवार के सभी सदस्य घर छोड़कर भाग गए हैं। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों का इलाज कराया जा रहा है। गांव में पुलिस तैनात है।

# वाराणसी के 34 हजार घरों की होगी कुर्की

### 104 करोड़ रुपए हाउस टैक्स न चुकाने पर नगर निगम ने दी नोटिस

वाराणसी। वाराणसी में 34 हजार 827 घरों की कुर्की और एकाउंट सीज करने के आदेश दिए गए हैं। 104 करोड़ रुपए बकाया हाउस टैक्स न देने पर नगर निगम ने ये बड़ा कदम उठाया है। नगर निगम आयुक्त शिपू गिरि की ओर से आज समीक्षा बैठक में कहा गया कि वाराणसी शहर में 34 हजार 827 ऐसे भवन स्वामी हैं, जिनके द्वारा बीते कई साल से हाउस टैक्स नहीं जमा किए हैं। जबकि, इन लोगों को पहले कई बार नोटिस दी जा चुकी है। नगर आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि जोनवार ऐसे सभी भवनों पर तत्काल नगर निगम अधिनियम में वर्णित धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की जाए। उनके घरों पर कुर्की के साथ खातों को सीज किया जाए।




नगर आयुक्त की समीक्षा बैठक में यह भी सामने आया है कि सबसे बड़े बकायेदार वरुणापार जोन में हैं। यहां 10537 भवनों के मालिकों ने 26.70 करोड़ हाउस टैक्स अब तक नहीं जमा किए हैं। दूसरे पर दशाश्वमेध जोन है। यहां पर 6732 भवनों के 25.45 करोड़ रुपए टैक्स बाकी हैं। आदमपुर जोन में 7869 भवनों से 18.42 करोड़ रुपए हाउस टैक्स के नहीं मिले हैं। कोतवाली जोन में 3337 भवनों पर 17.71 करोड़ रुपए और भेलूपुर जोन में 6352 भवनों पर 15.68 करोड़ रुपए टैक्स के बकाया हैं।

#### कंप्यूटर से इशू हुई नोटिस

नगर आयुक्त के द्वारा दिए गए निर्देश पर कम्प्यूटर सेल द्वारा निर्धारित प्रारूप पर नोटिस निर्गत कर दी गई है। जिसे सभी जोनल अधिकारियों को रिसीव कराया जा रहा है।

इसे नगर निगम अधिनियम में वर्णित धाराओं के अंतर्गत जल्द ही गृहकर वसूली के लिए इन भवनों पर कुर्की आदि की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। नगर आयुक्त ने कहा कि यदि कार्यवाही से पहले ही हाउस टैक्स जमा कर देंगे तो उन घरों की कुर्की नहीं की जाएगी।

### दफन शव को पोस्टमॉर्टम के लिए निकाला गया

**उन्नाव।** उन्नाव में जमीन के लालच में दामाद पर ससुर की हत्या का आरोप लगाकर मृतक की पत्नी ने कोर्ट में वाद दायर किया था। शव निकलवाकर पोस्टमार्टम करवाने की मांग उठाई थी। कोर्ट के निर्देश पर सफीपुर कोतवाली पुलिस आज शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम कराएगी। कोतवाली क्षेत्र के सलीन्द गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मोइनुउद्दीन उर्फ मुन्ना की पत्नी फरहत उस्मानी ने कोर्ट में वाद दायर किया था। उसने बताया कि 29 अप्रैल 2023 को बांगरमऊ निवासी दामाद जैद अपने साथी के साथ ससुराल सलीन्द गांव आया और ससुर मोइनुद्दीन को लेकर अब्दुल्लापुर गांव के समीप प्लाट ले गया।

# कन्नौज में वकीलों का लगातार 5वें दिन हड़ताल रही जारी

**कन्नौज।** कन्नौज में वकील लगातार 5वें दिन हड़ताल पर रहे। वकीलों ने नारेबाजी करते हुए हापुड़ की घटना को लेकर नाराजगी जताई और लाठीचार्ज करवाने वाले अफसरों पर कार्रवाई की मांग करते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपा।

बार एसोसिएशन कन्नौज के वकील 4 सितंबर से लगातार हड़ताल पर हैं। हापुड़ की घटना को लेकर वकीलों में बार कौंसिल ऑफ इंडिया के आदेशानुसार कलम बन्द हड़ताल रखी। 2 दिन पहले कोर्ट परिसर में ही यूपी के प्रमुख सचिव व डीजीपी का पुतला फूंक कर गुस्से का इजहार किया था। वकीलों की मांग है कि हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करवाने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाए। इसके अलावा हापुड़ के डीएम और एसपी का तत्काल तबादला किया जाए।

वकीलों का आरोप है कि शासन-प्रशासन ने उनकी न तो मांगों पर अब तक कोई ध्यान दिया और न ही आरोपी पुलिस अधिकारियों पर कोई कार्रवाई की गई।

जिस कारण बार एसोसिएशन कन्नौज के वकील बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार हड़ताल पर रहकर विरोध दर्ज कराते रहेंगे। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार सारस्वत, महासचिव सतेंद्र प्रताप, पूर्व अध्यक्ष रामेंद्र त्रिवेदी, रंजन टंडन के प्रतिनिधि मंडल ने डीएम सुभ्रान्त कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंपा।

# आजमगढ़ में लाठी-डंडे से हमलाकर ट्रक चालक की हत्या

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के तहबरपुर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में भाई द्वारा भाई की हत्या का मामला सामने आया है। जिले के तहबरपुर थाना क्षेत्र के बसही जरमेजयपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर ट्रक चालक की लाठी डंडा से हमला कर कर दिया। इस हमले में गंभीर चोटें आई और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

जिले के बसही जरमेजयपुर गांव निवासी राज नरायन सरोज (44) पुत्र स्व. बिंदर सरोज कोलकाता में रहकर ट्रक चलाता था। वह तीन दिन पूर्व कोलकाता से अपने घर वापस आया था। परिजनों का कहना है कि राज नरायन का अपने सगे भाई नरायन सरोज से भूमि को लेकर आपस में काफी दिनों से विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर गुरुवार की देर शाम लगभग छह बजे दोनों पक्षों के बीच कहा-सुनी होने लगी। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडा से राज नरायन के उपर हमला कर दिये। इस हमले में राज नरायन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे परिवार के लोग मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।

### आजमगढ़ में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले में कैफियात एक्सप्रेस से कटकर युवक की मौत का मामला सामने आया है। रेलवे स्टेशन के पश्चिमी आउटर सिंगनल के अंदर ओवर ब्रिज के निकट युवक की कैफियात ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के काफी देर तक युवक की पहचान नहीं हो पाई। मृतक युवक की उम्र लगभग 20 वर्ष के करीब बताई जा रही है। हालांकि जीआरपी की टीम युवक के शव के शिनाख्त के प्रयास में जुट गई है।

# दारा चौहान ने गवाई अपनी सदस्यता, सपा ने बचाई सीट

मऊ। उत्तर प्रदेश में मऊ जनपद की घोसी विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी सुधाकर सिंह 42,759 मतों से चुनाव जीत गए, जिन्हें कुल 1,24,427 मत प्राप्त हुए हैं। उनके प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी व कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान को 81,668 मतों पर संतोष करना पड़ा। इस प्रकार समाजवादी पार्टी ने अपनी सीट अपने कब्जे में बरकरार रखी वहीं। वर्ष 2022 आम चुनाव में विधायक चुने गए दारा सिंह चौहान अब किसी भी सदन के सदस्य नहीं रह गए।



वर्ष 2022 आम विधानसभा चुनाव में दारा सिंह चौहान सपा प्रत्याशी के रूप में घोसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे लेकिन 16 माह बाद ही उन्होंने समाजवादी पार्टी से ही नहीं बल्कि अपने विधानसभा सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद घोसी विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव होना सुनिश्चित हुआ।सपा से 2022 के चुनाव में विधायक चुने गए दारा सिंह चौहान इस बार भाजपा से प्रत्याशी बने। वहीं समाजवादी पार्टी से सपा के कद्दावर नेता और पहले दो बार विधायक रह चुके सुधाकर सिंह समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी बने।

इस उपचुनाव में काफी गहमागहमी रही। पूरे प्रदेश में केवल एक ही सीट पर हो रहे उपचुनाव के चलते उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री विधायक से लेकर उप मुख्यमंत्री तक का कैंप होता रहा। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी जनसभा कर दारा के पक्ष में मतदान की अपील की गई। शुरू से ही दारा के प्रति जनता का आक्रोश देखा जाता रहा जो कम होने का नाम नहीं ले रहा था। लगातार लोगों द्वारा बयान दिए जा रहे थे कि दारा ने दलबदल केवल मंत्री बनने के लिए किया है, जो व्यक्ति पूर्व में भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहते हुए क्षेत्र में कोई विकास नहीं कर पाया। वह विधायक के रूप में 16 माह भी बगैर मंत्री पद के बर्दाश्त नहीं कर पाया। घोसी क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि सबक सिखाना जरूरी था। लोगों की तरह-तरह की बातों का सामना दारा चौहान व भाजपा नेताओं को करना पड़ रहा था। जनता का आक्रोश समाप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक लगभग एक हफ्ते तक कैंप किए वहीं पूरा संगठन मऊ जनपद के घोसी विधानसभा क्षेत्र में ही पड़ा रहा।

वहीं समाजवादी पार्टी से भी शिवपाल यादव, रामगोपाल सहित सपा के साथ ही प्रमुख सपा नेता क्षेत्र में जमे रहे। खास विषय यह रहा कि उपचुनाव में प्रचार के लिए नहीं निकलने वाले अखिलेश यादव ने भी सुधाकर सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया।

आज 8 सितंबर शुक्रवार को जब मतगणना हो रही थी तब मतगणना के प्रथम चरण से ही सुधाकर सिंह ने दारा पर एक मजबूत बढ़त बनानी शुरू करी। जो निर्धारित 33 व अंतिम राउंड तक जारी रहा। जहां दारा चौहान को 81668 मत प्राप्त हुए। वहीं सुधाकर सिंह 124427 मत प्राप्त कर 42759 वोटों के अंतर से विजेता घोषित हुए।

मतगणना के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं की माने तो खुद सपा कार्यकर्ता भी इतनी बड़ी जीत की उम्मीद नहीं किए थे।

# अलीगढ़ में प्रधानों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

### जनता की समस्याओं को दूर करने की मांग, सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

अलीगढ़। अलीगढ़ में शुक्रवार को ग्राम प्रधानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। गांवों में होने वाली विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए जिले भर के ग्राम प्रधान एकजुट होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों से मुलाकात की।

अधिकारियों से मिलकर उन्होंने बताया कि गांवों में विकास के काम काफी धीमी गति से हो रहे हैं। विकास कार्यों के लिए मिलने वाला बजट भी काफी न्यून है, जिसके कारण गांव में वह काम नहीं करा पा रहे हैं। इससे उनके गांव में असंतुष्टि का माहौल है और ग्रामीण लगातार उनके ऊपर सवालिया निशन लगा रहे हैं। प्रधानों ने अधिकारियों को अपना मांग पत्र सौंपा है।

खेड़िया के प्रधान और प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी उर्फ बनी सिंह ने बताया कि प्रधानों को काफी समस्याएं आ रही हैं। सरकार अपना पत्र भेज देती है और प्रधानों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंप देती है। लेकिन इसके अनुरूप बजट नहीं देती। जो वादे वह अपनी जनता से करने के बाद चुने गए थे, उसे पूरा ही नहीं कर पा रहे हैं।

गांव में पंचायत सहायक का मानदेच ज्यादा है, जबकि ग्राम प्रधान का मानदेय काफी कम है। इसके अलावा गोवंशों के लिए सिर्फ 30 रुपए ही आता है, जिसमें उनके भोजन की भरपूर व्यवस्था नहीं हो पाती है। वहीं दूसरी ओर जो केयरटेकर है, उसके लिए सिर्फ 3500 रुपए ही आ रहे हैं। जिसमें वह काम करने को राजी नहीं हो रहा है। इसी तरह की तमाम समस्याएं हैं, जिससे प्रधानों को जूझना पड़ रहा है।

## शार्ट न्यूज

### सीतारमण ने नाइजीरिया के मंत्रियों के साथ चर्चा की



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार से राजधानी में हो रहे दो दिवसीय जी- 20 शिखर सम्मेलन की पृष्ठभूमि में आज यहां नाइजीरिया के वित्त और अर्थव्यवस्था मंत्री अदेबायो ओलावाले एडुन और नाइजीरिया के बजट और राष्ट्रीय योजना मंत्री अबुबकर अतीकू बागुडु से मुलाकात की। इस दौरान इन मंत्रियों ने कई क्षेत्रों में आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की। श्रीमती सीतारमण ने भारतीय क्रेडिट लाइन, केंद्रीय बैंकों के बीच सहयोग, नीति आयोग के सहयोग के माध्यम से नाइजीरिया के लोगों को उनके विकास पथ में भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया। नाइजीरियो के मंत्री एडुन ने नाइजीरियाई अर्थव्यवस्था के विकास में भारतीय मूल के नाइजीरियाई नागरिकों के समृद्ध योगदान की सराहना की।

### रायबरेली: आधुनिक रेल डिब्बा कारखाने को मिला तीन साल का ग्रीन कंपनी रेटिंग सिस्टम

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के लालगंज में स्थित आधुनिक रेल डिब्बा कारखाने को भारतीय उद्योगों के संघ की ओर से ग्रीन को ग्रीन कम्पनी रेटिंग सिस्टम का तीन वर्ष का प्रमाण पत्र जारी किया गया। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना अरेडिका के प्रवक्ता अनिल कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय उद्योगों के संघ की ओर से ग्रीन को ग्रीन कम्पनी रेटिंग सिस्टम का तीन वर्ष का प्रमाण पत्र जारी किया गया है। अन्य डिब्बा उत्पादक कारखानाओ में लालगंज स्थित अरेडिका को ही इस प्रमाणपत्र से नवाजा गया है। यह प्रमाण पत्र अरेडिका को एन्वॉयरमेंट फ्रेंडली होने के कारण जारी हुआ हैं। जबकि अन्य तीन रेल डिब्बा निर्माण करने वाले कारखाने जो कि कपूरथला समेत अन्य स्थानों पर है उनमें अरेडिका को ही यह प्रमाणपत्र मिला है। उन्होंने बताया कि अरेडिका ने सोलर एनर्जी , रेन वाटर हार्वेस्टिंग वाटर कंजरवेशन पेड़ पौधों का रोपण समेत एन्वॉयरमेंट को पुष्ट करने और उसके अनुकूलन के अनेको कार्य किये गए है जिसके कारण उसे ग्रीन को रेटिंग सिस्टम का प्रमाणपत्र भारतीय उद्योग संघ की ओर से जारी हुआ है।

### पीवीआर ने आईमैक्स थिएटर का किया विस्तार

**नयी दिल्ली।** प्रीमियम सिनेमा एक्ज़िबिटर पीवीआर आईनॉक्स ने राजधानी के नेहरू प्लेस में स्थित पारस सिनेमा को एक नए अवतार में फिर से खोला है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके साथ ही दिल्ली में पाँचवाँ आईमैक्स और भारत में दूसरा स्टैंडअलोन आईमैक्स थिएटर शुरू हो गया है, जिसमें अगली पीढ़ी के लेज़र प्रोजेक्शन और लेज़र टेक्नोलॉजी के साथ आईमैक्स और एक मल्टी-चैनल साउंड सिस्टम है, जो इमर्सिव अनुभव प्रदान करने के लिए आईमैक्स थिएटरों में मिलता है। इस नये सिनेमा के साथ पीवीआर आईनॉक्स के पास नई दिल्ली के 27 सिनेमाघरों में 108 स्क्रीन हो गई हैं, और उत्तर भारत की 103 प्रॉपर्टीज़ में कुल 457 स्क्रीन हो गई हैं। साउथ दिल्ली के वाणिज्यिक केंद्र में स्थित पारस सिनेमा 305 दर्शकों के बैठने की क्षमता के साथ दुनिया के सबसे इमर्सिव सिनेमा अनुभव के साथ वापसी कर रहा है। लेज़र के साथ आईमैक्स में 4के लेज़र प्रोजेक्शन सिस्टम है, जिसमें एक नया ऑप्टिकल इंजन और प्रोप्राइटरी आईमैक्स टेक्नोलॉजी है।

### अमेजन पर शॉपिंग स्प्री की शुरूआत

बेंगलुरु। ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन डॉटइन पर शॉपिंग स्प्री की शुरुआत की गयी जिसमें ग्राहक होम डेकोर, होम इंप्रूवमेंट, किचन अप्लायंसेस, लॉन एवं गार्डन से जुड़े उपकरणों से लेकर वॉल डेकोर, मिक्सर ग्राइंडर, पंखे, वैक्यूम, कुकवेयर, पावर टूल्स, ऑटो प्रोडक्ट, बाथरूम फिटिंग आदि की खरीद ऑफर के साथ कर सकते हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इन उत्पादों पर 70 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाया जा सकता है। होम शॉपिंग स्प्री पावर्ड बाय हिंदवेयर में होम किचन और आउटडोर प्रोडक्ट जैसे होमम डेकोर, होम इंप्रूवमेंट, किचन अप्लायंसेज, लॉन एंड गार्डन, स्पोर्ट्स इक्विपमेंट्स, पावर टूल्स आदि की शॉपिंग की जा सकती है। उसने कहा कि एचडीएफसी बैंक के साथ 12 महीने तक के लिए उपलब्ध ईएमआई विकल्पों के साथ 5000 रुपये तक इंस्टेंट डिस्काउंट का लाभ उठाया जा सकता है। इसके अलावा वनकार्ड बैंक के साथ 9 महीने और उससे अधिक के लिए उपलब्ध ईएमआई विकल्पों के साथ 2000 रुपये तक के इंस्टेंट डिस्काउंट का भी लाभ उठा सकते हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 01 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह तीन करोड़ डॉलर कम होकर 594.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.44 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 530.7 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 58.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.9 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 10 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### वृद्धिशील सीआरआर को चरणबद्ध तरीके से वापस लिया जाएगा, आरबीआई ने किया फैसला

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को वृद्धिशील नकद आरक्षित अनुपात (आई-सीआरआर) को वापस लेने का फैसला किया। इसे 2,000 रुपये के नोट चलन से हटाने की घोषणा के बाद अतिरिक्त नकदी में कटौती के लिए लागू किया गया था। आरबीआई ने एक बयान में आई-सीआरआर को चरणबद्ध ढंग से वापस लिए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि इसकी शुरुआत शनिवार से हो जाएगी। रिजर्व बैंक ने 10 अगस्त को बैंकों को जारी निर्देश में कहा था कि 19 मई और 28 जुलाई के बीच वे 10 प्रतिशत वृद्धिशील नकद आरक्षित अनुपात (आई-सीआरआर) को बनाए रखें। इस कदम का मकसद बैंकिंग प्रणाली में 2,000 रुपये के नोटों की वापसी समेत विभिन्न कारकों से पैदा हुई अतिरिक्त नकदी को अवशोषित करना था। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा, समीक्षा के बाद आई-सीआरआर को चरणबद्ध तरीके से वापस लेने का निर्णय लिया गया है।

### विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में जन-धन, आधार और मोबाइल की तिकड़ी को सराहा

नई दिल्ली। विश्व बैंक ने भारत, सिंगापुर और ब्राजील जैसे देशों द्वारा विकसित मॉडलों से प्रेरित प्रौद्योगिकी आधारित सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की वकालत की है। इस बुनियादी ढांचे की कल्पना वित्तीय समावेशन प्राप्त करने और स्वास्थ्य, शिक्षा और स्थिरता कार्यक्रमों को बढ़ावा देने में सरकारों की सहायता करने के लिए की गई है। यह सुझाव विश्व बैंक की एक रिपोर्ट से आया है, जिसका नाम है, %डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से वित्तीय समावेशन और उत्पादकता लाभ को आगे बढ़ाने के लिए जी 20 नीति सिफारिशें। जी-20 इंडिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को स्वैच्छिक रूप से अपनाने का समर्थन किया गया है। वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रिपोर्ट तैयार करने में मदद की।

# क्लाउड आधारित कृत्रिम-बुद्धमत्ता के लिए जियो प्लेटफॉर्म, एनविडिया की साझेदारी

मुंबई। जियो प्लेटफॉर्म्स ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वह अत्याधुनिक क्लाउड बेस्ड आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) का ढांचा बनाने के लिए एनविडिया के साथ मिलकर काम करेगा।

कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि भारत पहले ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में आगे बढ़कर काम कर रहा है लेकिन जियो और एनविडिया का साथ आना भारत को इस क्षेत्र में तेज़ी से बढ़ने में मदद करेगा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने हाल ही में कंपनी के शेयरधारकों की वार्षिक महासभा में वादा किया था कि जियो हर भारतीय तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की सुविधा पहुँचाएगी।

अंबानी ने कहा है कि इस भागीदारी से भारत का विकास और तेज़ी पकड़ेगा उन्होंने कहा, भारत बहुत सारा डेटा का इस्तेमाल कर रहा है। लेकिन अब हम इससे और आगे बढ़ रहे हैं। हम अब टेक्नॉलोजी का ढांचा बना रहे हैं जिससे देश का तेज़ी से विकास करने में मदद मिलेगी। एनविडिया के साथ मिलकर हम कंप्यूटिंग और टेक्नॉलोजी सुपर सेंटर बना रहे हैं। इससे देश को वैसी ही मदद मिलेगी जैसे कि जियो के आने के बाद डिजिटल क्षेत्र में मिली थी। मुझे खुशी है कि जियो और एनविडिया एक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक नई यात्रा साथ शुरू कर रहे हैं।

रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के अध्यक्ष आकाश अंबानी ने कहा, जियो अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की उपलब्धता और उपयोग को लोकतांत्रिक बनाकर भारत की




तकनीकी क्रांति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनवीडिया के साथ हमारा सहयोग इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

साथ मिलकर, हम एक एडवांस्ड एआई क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करेंगे जो सुरक्षित हो, सस्टेनेबल और भारत के अद्वितीय अवसरों के लिए काफी अधिक महत्वपूर्ण है। यह अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म हेल्थकेयर और शिक्षा से लेकर एंटरप्राइज सॉल्यूशंस तक सभी क्षेत्रों में एआई-संचालित इनोवेशंस में तेजी लाने में सहायक साबित होगा।

उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य एआई को देश भर के रिसर्चर्स, स्टार्ट-अप और उद्यमों के लिए सुलभ बनाना है, ताकि भारत को तेजी से एआई पावरहाउस बनने की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।

इस अवसर पर एनवीडिया के संस्थापक और सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कहा कि ' भारत के पास लार्ज स्केल, डेटा और प्रतिभा है। सबसे एडवांस्ड एआई कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ, रिलायंस इसका निर्माण कर सकता है। उनके पास बड़े भाषा मॉडल हैं जो भारत के लोगों के लिए भारत में निर्मित जेनरेटर एआई एप्लीकेशंस को पावर प्रदान करते हैं।''

विज्ञप्ति के अनुसार नया एआई क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर भारत भर में रिसर्चर्स, डेवलपर्स, स्टार्टअप, वैज्ञानिकों, एआई प्रेक्टिशनर्स और अन्य लोगों को इंस्टेंट कंप्यूटिंग और हाई-स्पीड, सुरक्षित क्लाउड नेटवर्किंग तक पहुंचने में सक्षम करेगा ताकि कार्यभार को सुरक्षित रूप से और अत्यधिक एनर्जी कुशलता से चलाया जा सके।

नया बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर भारत की प्रमुख पहलों और एआई परियोजनाओं की एक विस्तृत सीरीज को गति देगा, जिसमें एआई चैटबॉट, ड्रग डिस्कवरी, क्लाइमेट रिसर्च और ऐसी बहुत सी चीजें शामिल हैं।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस नई सहभागिता के तौर पर, एनवीडिया को सबसे एडवांस्ड एआई मॉडल्स बनाने के लिए जियो को सीपीयू, जीपीयू, नेटवर्किंग और एआई ऑपरेटिंग सिस्टम और फ्रेमवर्क सहित एंड-टू-एंड सुपरकंप्यूटर तकनीक प्रदान करेगा। जियो क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रबंधन और रखरखाव करेगा और कस्टमर कनेक्ट और एक्सेस की देखरेख करेगा।

# शेयर बाजार में छठे दिन भी तेजी

## 32 कंपनियों में लिवाली जबकि 18 में बिकवाली हुई

मुंबई। विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, पावर, तेल एवं गैस, कैपिटल गुड्स और ऊर्जा समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज लगातार छठे दिन भी तेज रही।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 333.35 अंक की छलांग लगाकर 66598.91 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 92.90 अंक की तेजी लेकर 19819.95 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.92 प्रतिशत उछलकर 32,672.00 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 38,266.53 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3820 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2048 में तेजी जबकि 1645 में गिरावट रही वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह 32 कंपनियों में लिवाली जबकि 18 में बिकवाली हुई।

बीएसई में आईटी, कमोडिटीज, एफएमसीजी और हेल्थकेयर की 0.29



प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 16 में तेजी का रुख रहा। इस दौरान रियल्टी 2.13, सीडी 0.61, ऊर्जा 1.33, वित्तीय सेवाएं 0.85, इंडस्ट्रियल्स 1.25, दूरसंचार 0.80, यूटिलिटीज 1.32, ऑटो 0.66, बैंकिंग 0.57, कैपिटल गुड्स 1.51, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.35, धातु 0.07, तेल एवं गैस 1.43, पावर 1.48, टेक 0.12 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.10 प्रतिशत चढ़ गए। वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान 0.33, जर्मनी का डैक्स 0.69, जापान का निक्केई 1.16 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत गिर गया। हालांकि हांगकांग के हैंगसेंग में तेजी का रुख रहा।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 116 अंक की तेजी लेकर 66,381.43 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 66,299.30 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 66,766.92 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,265.56 अंक के मुकाबले 0.50 प्रतिशत मजबूत होकर 66,598.91 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 48 अंक चढ़कर 19,774.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,727.05 अंक के निचले जबकि 19,867.15 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,727.05 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत बढ़कर 19,819.95 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 21 कंपनियों में से एनटीपीसी ने सबसे अधिक 2.65 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही टाटा मोटर्स 2.02, एलटी 1.93, भारती एयरटेल 1.02, टाइटन 0.85, एचडीएफसी बैंक 0.82, रिलायंस 0.72, एसबीआई 0.72, पावरग्रिड 0.70, एचसीएल टेक 0.63, आईसीआईसीआई बैंक 0.53, मारुति 0.48, एक्सिस बैंक 0.33, इंफोसिस 0.20, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.05 और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.05 प्रतिशत चढ़े।

वहीं, अल्ट्रासिमको 0.79, आईटीसी 0.71, विप्रो 0.58, टेक महिंद्रा 0.54, टाटा स्टील 0.46, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.42, एशियन पेंट 0.36, टीसीएस 0.36 और सन फार्मा ने 0.06 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# एप्पल का बाजार पूंजीकरण 16.40 लाख करोड़ घटा

## नजारा में निवेश करेगा एसबीआई म्यूचुअल फंड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बाजार पूंजीकरण के लिहाज से दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी एपल को दो दिनों में करीब 200 अरब डॉलर (16.40 लाख करोड़ रुपये) का झटका लगा है। दरअसल, चीन की सरकार ने सरकारी कर्मचारियों पर काम के दौरान आईफोन या फिर दूसरे विदेशी ब्रांड के उपकरणों का इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस फैसले से एपल का शेयर न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर बुधवार को चार और बृहस्पतिवार को 3 प्रतिशत से ज्यादा टूट गया। यह 4 अगस्त के बाद एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है।

पहली बार जून में एपल का बाजार पूंजीकरण तीन लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंचा था।

इस समय यह 2.77 लाख करोड़ डॉलर है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, एपल के लिए चीन तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। 2022 में एपल के कुल राजस्व में चीन का हिस्सा 18 फीसदी था।

### एचडीएफसी बैंक : कर्ज 0.15 फीसदी तक महंगा

एचडीएफसी बैंक ने चुनिंदा अवधि के कर्ज की दर में 0.15 फीसदी तक वृद्धि की है।

नई दरें 7 सितंबर से लागू हो गई हैं। एक दिन का कर्ज 8.35 से 8.50 फीसदी हो गया है। छह माह की दर 8.95 से 9: 05 प्रतिशत हो गई। एक साल की दर 9.10 से बढ़कर 9.15 फीसदी हो गई है।

### नजारा में निवेश करेगा एसबीआई म्यूचुअल फंड

एसबीआई म्यूचुअल फंड नजारा टेक्नोलॉजीज में 410 करोड़ रुपये निवेश करेगा। नजारा 714 रुपये प्रति शेयर की दर से 57,42,296 शेयर जारी करेगी। इसका मूल्य 409.99 करोड़ रुपये होगा। नजारा में निवेश एसबीआई फंड की तीन स्कीमों के जरिये किया जाएगा।


## स्टार्टअप ओडिशा 11 सितंबर को स्टार्टअप यात्रा, स्टार्टअप एक्सप्रेस शुरू करेगा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार के एमएसएमई विभाग के पहल स्टार्टअप ओडिशा ने शुक्रवार को घोषणा किया कि वह शीघ्र ही ओडिशा स्टार्टअप यात्रा और स्टार्टअप एक्सप्रेस 2023 की शुरुआत करेगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक 11 सितंबर को इन पहलों का शुभारंभ करेंगे , जिसमें नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर युवाओं के मार्गदर्शन और सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह पहल युवाओं को स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में पर्याप्त अवसरों का उपयोग करने के लिए तैयार करेगी। अभिनव विचारों की खोज करते हुए, स्टार्टअप ओडिशा राज्य के 30 जिलों में शैक्षणिक संस्थानों के साथ जुड़ेगा, जिसमें 200 से ज्यादा कॉलेज-स्कूल शामिल होंगे और इस प्रकार 25,000 से ज्यादा छात्र लाभान्वित होंगे। इन पहलों के भाग के रूप में, स्टार्टअप ओडिशा विभिन्न स्कूलों में 60 वैन शिविरों के साथ-साथ कॉलेजों में 200 से ज्यादा वैन शिविरों का आयोजन करेगा, साथ ही 120 से ज्यादा बूटकैंप आयोजित करेगा, जिससे 3,500 से ज्यादा विचार प्राप्त होंगे। स्टार्टअप ओडिशा यात्रा के पिछले संस्करण में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की गई, जिसमें 1,350 विचार प्राप्त हुए और गतिवर्धन कार्यक्रम के लिए 10,270 छात्रों में से 22 शीर्ष विचारों का चयन किया गया, जिसका समापन डेमो दिवस में हुआ, जहां 11 फाइनलिस्ट को एक लाख रुपये से सम्मानित किया गया। राज्य के उद्योग, एमएसएमई और ऊर्जा मंत्री प्रताप केशरी देब ने कहा कि स्टार्टअप यात्रा और स्टार्टअप एक्सप्रेस 2023 अभिनव विचारों को सबसे आगे लेकर आने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## पदमा योजना के तहत खानपुर गांव विकसित होगा औद्योगिक क्षेत्र

**हिसार।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हिसार जिले के खानपुर गांव की 100 एकड़ भूमि पर पदमा योजना के तहत औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की शुक्रवार को घोषणा की।

खट्टर ने हिसार जिले के नारनौंद विधानसभा के गुराना गांव में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों से सीधे संवाद करने के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस योजना के शुरू होने से खानपुर और आसपास के गांवों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम ( एमएसएमई) इकाइयों को बढ़ावा मिलेगा और बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। योजना के तहत गांव खानपुर की पंचायत 100 एकड़ भूमि देने का प्रस्ताव देगी। उन्होंने इस मौके पर स्थानीय लोगों की माँग पर गाँव की तहसील को हांसी से बदल कर




बरवाला करने और इस गांव का मार्केट कमेटी क्षेत्र भी बरवाला करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने गुराना गांव में पेयजल आपूर्ति करने, छोटूराम स्टेडियम में हॉल और चारदीवारी का निर्माण करने, गाँव के प्राथमिक और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भूमि लेवल सुधार करने और स्कूलों में नये कमरे और हॉल का निर्माण करने, शिवधाम योजना के तहत श्मशान घाट में चारदीवारी, रास्ते और शेड का निर्माण करने, पानी की आपूर्ति करने, गांव मसूदपुर में खरीद केंद्र बनाने, फिरनी के निर्माण और पानी निकासी करने, गांव डाटा में सामुदायिक केंद्र का निर्माण करने तथा सिसाय गांव की पेयजल आपूर्ति को भाखड़ा से जोड़ने की घोषणा की। इसके अलावा, गुराना से मसूदपुर सड़क निर्माण के लिए तीन करम के रास्ते को किसान द्वारा क्लेक्टर रेट पर लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराने पर सड़क निर्माण की मंजूरी प्रदान की।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में उनकी सरकार बनाते ही एक नया सिस्टम विकसित करने के साथ ही लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं।

सरकारी नौकरियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार बंद किया गया और योग्य युवाओं को नौकरियां मिली हैं। उन्होंने कहा कि गुराना गाँव में भी 55 युवकों को सरकारी नौकरी योग्यता पर मिली है।

उन्होंने इस मौके पर दो दिव्यांगों को बैटरी चालित वाहन दिये। कार्यक्रम के दौरान गांव के 10 बुजुर्गों की पेंशन बनाकर उन्हें कार्ड भी वितरित किए। खट्टर ने कहा की आयुष्मान भारत योजना के तहत ग़रीबों का पाँच लाख तक का इलाज मुफ़्त कराया जा रहा है।

इस योजना के तहत गाँव गुराना में 3290 कार्ड बने है और 170 लोगों ने योजना के तहत 62 लाख रुपये का लाभ लिया है। मुख्यमंत्री ने गाँव की दिव्या को जन्मदिन पर शुभकामना संदेश और उपहार भी भेंट किया। इस अवसर पर सांसद बृजेंद्र सिंह, विधायक रामकुमार गौतम, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आपूर्ति की कमी के बीच देश में चांदी की चमक बढ़ने का अनुमान : रिपोर्ट

नयी दिल्ली। ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक ताजा पोर्ट के अनुसार वर्तमान रुझानों और वैश्विक आर्थिक संभावनाओं के बीच घरेलू बाजार में चांदी में तेजी आएगी और भाव 15 प्रतिशत तक मजबूत हो सकते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 के पहले चार महीनों में महत्वपूर्ण लाभ दर्ज करने के बाद इसके भाव में इस समय तेज उतार चढ़ा दिखा है पर इसमें रिपोर्ट में कहा गया है, 'हर बड़ी गिरावट के बाद घरेलू चांदी की कीमतों में ऊंचे स्तर पर बदलाव देखा जाता रहा है और उम्मीद है कि यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। एमओएफएसएल का अनुमान है कि अगली कुछ तिमाहियों में इसमें 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार 2023 के पहले चार महीनों में लगभग 11 प्रतिशत की बढ़त हुई लेकिन हाल की गिरावट के बाद यह अब कुल मिलाकर 6 प्रतिशत रह गयी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय 70,500 रुपये प्रतिक किलों के भाव पर चांदी को समर्थन मिल रहा है और जबकि मजबूत मध्यम अवधि का समर्थन 68,000 रुपये के स्तर का दिखता है। इसमें अनुमान है कि अगले 1 2 महीनों में घरेलू बाजार में चांदी 82,000 और उसके बाद 85,000 रुपये तक जा सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चांदी में स्थानीय बाजार में इस वर्ष शुरू की तेजी अमेरिकी बैंकिंग और ऋण क्षेत्रों में चिंताओं से प्रेरित थी, लेकिन वहां फेडरल रिजर्व की कठोर ऋण में विराम की नीति से यह गति कुछ हद तक कम हो गई, जिससे कीमती और औद्योगिक दोनों धातुओं पर असर पड़ा है।

रिपोर्ट में कहा गया है , अमेरिकी में खुदरा महंगाई दर घट कर 3.2 प्रतिशत पर आ गयी है जो जुलाई 2022 में 9.1 प्रतिशत पर भी । ऐसे में केंद्रीय बैंक अपनी नीतियों का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं। फेडरल रिजर्व का रुख सख्ती की जगह नरमी की ओर झुक सकता है, जिससे चांदी जैसी धातुओं को लाभ हो सकता है।

चांदी की आपूर्ति में कमी के बीच आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहन, सौर ऊर्जा तथा 5जी मोबाइल उपकरण उद्योग में इसकी मांग बढ़ सकती है पर निवेश के लिए भौतिक मांग धीमी रह सकती है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भू-राजनीतिक तनाव के चलते जोखिम प्रीमियम बढ़ने से चांदी की कीमतों को समर्थन मिल रहा है। इसके अलावा डालर में तेजी तथा अमेरिका की आर्थिक वृद्धि का पूर्वानुमान फेडरल रिजर्व द्वारा ऊंचा किए जाने से भी चांदी जैसी औद्योगिक धातुओं के लिए वातावरण समान रूप से अनुकूल है।

रिपोर्ट में सिल्वर इंस्टीट्यूट के आंकड़ों से पता चलता है कि लगातार तीसरे साल बाजार में मांग की तुलना में आपूर्ति कम रह सकती है, जिससे चांदी की कीमतों को और समर्थन मिलेगा।

आर्थिक विकास और औद्योगिक मांग के संबंध में चीन से सकारात्मक संकेत चांदी के प्रदर्शन के लिए संभावित उत्प्रेरक हैं।

## अनंत अंबानी ने उत्तराखंड मुख्यमंत्री राहत कोष में 25 करोड़ दिये

देहरादून। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक अनंत अंबानी ने 25 करोड़ की धनराशि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए प्रदान की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज और अनंत अंबानी का सहयोग के लिए आभार जताया। अनंत अंबानी ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 25 करोड़ की धनराशि प्रदान की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के लिए दिये गये इस सहयोग के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज और अनंत अंबानी का आभार व्यक्त किया। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक अनंत अंबानी की ओर से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 25 करोड़ रुपये का चेक सौंपा।

## प्रदेश के माइनर मिनरल्स की रॉयल्टी एवं डेडरेंट की नई दरें जारी

**जयपुर।** राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर प्रदेश के माइनर मिनरल्स की रॉयल्टी की नई दरों के साथ ही डेडरेंट की नई दरें जारी की है। खान विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव वीनू गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान माइनर मिनरल कंसेशन रुल्स में आवश्यक संशोधन करते हुए नई दरें जारी की गई है। उन्होंने बताया कि नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश में खनन किए जा रहे 28 माइनर मिनरल्स की रॉयल्टी की नई दरें जारी करने के साथ ही पार्ट ए के 8 माइनर मिनरल्स और पार्ट बी के माइनर मिनरल्स की डेडरेंट की नई दरें भी जारी कर दी है।

निदेशक माइंस संदेश नायक ने बताया कि नई रॉयल्टी दरों के अनुसार एगेट 145 रु. प्रति टन, बाल क्ले क्रूड 90 रु. प्रति टन, बाल क्ले प्रोसेस्ड 180 रु. प्रतिटन, बेराइट्स सफेद 120 रु. प्रतिटन, बेराइट्स ऑफ कलर 80 रु. प्रतिटन, बेंटोनाइट 195 रु. प्रतिटन, केल्साइट 190 रु. प्रतिटन, चाक 80 रु. प्रतिटन, चाइना क्ले क्रूड 85 रु. प्रतिटन, चाइना क्ले प्रोसेस्ड 625 रु. प्रतिटन, क्ले (अन्य) 65 रु. प्रतिटन, कोरंडम 435 रु. प्रतिटन, डायसपोर 160 रु. प्रतिटन, डोलोमाइट ब्लॉक्स 320 रु. प्रतिटन, डोलोमाइट लंप्स 295 रु. प्रतिटन, ड्यूनाइट/पाइरोक्सेनाइट 55 रु. प्रतिटन, फेलसाइट 105 रु. प्रतिटन, फेल्सपार ब्लॉक्स 300 रु. प्रतिटन, फेल्सपार लंप्स 120 रु. प्रतिटन, फायरक्ले 100 रु. प्रतिटन, फूलर्स अर्थ 170 रु. प्रतिटन, जिप्सम 200 रु. प्रतिटन, जस्पर 150 रु. प्रतिटन, लेट्राइट 100 रु. प्रतिटन, माइका (अभ्रक) क्रूड 750 रु. प्रतिटन, माइका वेस्ट एण्ड स्क्रेप 225 रु. प्रतिटन, ओकरे (गेरु) 45 रु. प्रतिटन, पायरोफिलाइट 135 रु. प्रतिटन, क्वार्टज 135 रु. प्रतिटन, क्वार्टजाइट ब्लॉक 320 रु. प्रतिटन, क्वार्टजाइट लंप्स 205 रु. प्रतिटन, साल्टपीट्रे 4350 रु. प्रतिटन, सोपस्टोन अदर देन टाल्क ग्रेड 120 रु. प्रतिटन व उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य मिनरल्स पर पिट माइथ मूल्य का 20 प्रतिशत रायल्टी देय होगी।

## शार्ट न्यूज

### प्रदर्शनकारियों पर भड़के स्टीव स्मिथ

न्यूयॉर्क। यूएस ओपन 2023 में गुरुवार के दिन जलवायु परिवर्तन प्रदर्शनकारियों ने जमकर हंगामा किया। इसकी वजह से 50 मिनट तक महिला एकल का सेमीफाइनल मैच रुका रहा। प्रदर्शनकारी पिछले कुछ समय से बड़े मुकाबलों को अपना निशाना बनाते रहे हैं और अब यूएस ओपन की बारी थी। आर्थर ऐश स्टेडियम में अमेरिका की कोको गॉफ और करोलिना मुचोवा के बीच सेमीफाइनल मुकाबलो दूसरे सेट के दूसरे गेम में रोकना पड़ा। तीन प्रदर्शनकारियों ने जीवाश्म ईंधन समाप्त करें नारे वाली टी-शर्ट पहनकर एक ही वाक्य को जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। सुरक्षा कर्मचारियों के अंदर आने के बाद अन्य दर्शकों ने प्रदर्शनकारियों का मजाक बनाया और उन्हें बाहर निकालो के नारे लगाए। टूर्नामेंट के अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों में से एक ने अपने पैर स्टेडियम के कंक्रीट के फर्श पर चिपका दिए, जिससे उसे मैदान से बाहर ले जाने में काफी परेशानी हुई। स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे मुचोवा दूसरे सेट की शुरुआत में सर्विस करने के लिए तैयार थीं। इस समय तक गॉफ 6-4, 1-0 से आगे थीं। यूएस ओपन टूर्नामेंट के निदेशक स्टेसी एलास्टर ने बाद में पुष्टि की कि प्रदर्शनकारियों में से एक ने खुद को फर्श से चिपका लिया था। एलास्टर ने कहा, जब सुरक्षाकर्मी वहां पहुंचे तो उन्होंने पाया कि प्रदर्शनकारियों में से एक ने खुद को सीमेंट के फर्श से चिपका लिया था।

### दूसरी बार एशियाड में हर्षवीर सिंह

किसी भी खिलाड़ी के लिए एशियाई खेलों में खेलना ही बड़ी उपलब्धि होती है, लेकिन पंजाब के हर्षवीर सिंह देश के ऐसे अनोखे खिलाड़ी बनने जा रहे हैं जो दो विभिन्न खेलों में लगातार दो एशियाई खेलों में खेलने का गौरव हासिल करेंगे। लुधियाना के हर्षवीर ने 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों में रोलर स्केटिंग में भारतीय टीम का प्रतिनिधत्व किया था। एशियाई चैंपियन होने के बावजूद इस खेल में उनकी उपलब्धियों न कोई मान्यता मिली और न ही किसी ने सराहा। नतीजा यह निकला कि हर्षवीर ने स्केटिंग छोड़कर साइक्लिंग को अपना लिया। उन्होंने इस खेल में भी छाप छोड़ी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में और गुजरात राष्ट्रीय खेल में चैंपियन बनने के बाद उन्होंने ट्रैक एशिया कप में दो रजत जीते। अब वह हांगझोऊ एशियाई खेलों में इस खेल में भारतीय दल का हिस्सा होंगे। हर्षवीर के मुताबिक उन्होंने छह साल की उम्र में 2004 में चाचा के कहने पर इस लिए रोलर स्केटिंग शुरू कराई गई, क्यों कि वह बेहद मोटे थे और हर वक्त वीडियो गेम खेला करते थे। 2011 में उन्होंने राष्ट्रीय स्कूल खेलों में रजत जीता। इसके बाद उन्होंने इस खेल में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह राष्ट्रीय के साथ एशियाई चैंपियन भी बनें, लेकिन जकार्ता एशियाई खेलों में जाने से पहले उनकी इस खेल में उपलब्धियों न तो सरकार से मान्यता मिली और न ही किसी ने सराहा। हर्षवीर के मुताबिक उनके दोस्त के दोस्त गुरबाज सिंह ने उन्हें साइक्लिंग करने को कहा।

### रोहन बोपन्ना ने रचा इतिहास

न्यूयॉर्क (अमेरिका)। भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने यूएस ओपन में इतिहास रच दिया है। बोपन्ना ने अपने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर पुरुष युगल के फाइनल में जगह बना लिया। दोनों ने गुरुवार को न्यूयॉर्क में पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट और निकोलस माहुत की फ्रांसीसी जोड़ी पर 7-6 (7-3), 6-2 से जीत हासिल की। बोपन्ना का किसी ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल स्पर्धा में इस साल यह दूसरा फाइनल होगा। छठी वरीयता प्राप्त इस इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी विंबलडन के फाइनल में भी अपना स्थान पक्का किया था। हालांकि, तब हार का सामना करना पड़ा था। बोपन्ना ने फाइनल में पहुंचकर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह ग्रैंड स्लैम के ओपन एरा (1968 से) में किसी फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कनाडा के डैनियल नेस्टर का रिकॉर्ड तोड़ा। बोपन्ना 43 साल छह महीने की आयु में फाइनल तक पहुंचे हैं। वहीं, नेस्टर ने 43 साल चार महीने की आयु में यह उपलब्धि हासिल की थी। बोपन्ना 2010 के बाद यूएस ओपन में पुरुष युगल स्पर्धा के फाइनल तक पहुंचे हैं। पिछली बार उन्होंने अपने पाकिस्तानी जोड़ीदार एहसाम उल हक कुरैशी के साथ मिलकर यह उपलब्धि हासिल की थी। फाइनल में इस बार बोपन्ना और एबडेन का मुकाबला अमेरिकी जोड़ीदार राजीव राम और जोए सैलिसबरी से होगा।

### भारत-पाकिस्तान मैच पर बारिश का खतरा

एशिया कप सुपर-4 स्टेज में भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो में मैच पूरा नहीं हो पाता है तो 11 सितंबर को रिजर्व-डे रखा गया है। सुपर-4 स्टेज का तीसरा मैच भारत और पाकिस्तान के बीच 10 सितंबर को श्रीलंका के कोलंबो में खेला जाएगा। इस दिन कोलंबो में बारिश होने के 90त्न आसार हैं। तापमान 26 से 32 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। न्यूज एजेंसी ह्लद्ब के मुताबिक, भारत और पाकिस्तान के बीच सुपर-4 स्टेज मैच के लिए 11 सितंबर को रिजर्व-डे रखा गया है। 10 सितंबर को मैच जहां रुकेगा, 11 सितंबर को वहीं से खेला जाएगा। दरअसल, इससे पहले, 2 सितंबर को भारत और पाकिस्तान का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। बता दें, किसी और सुपर-4 मैच के लिए रिजर्व डे नहीं है, सिर्फ भारत-पाकिस्तान के लिए ही है। इसके अलावा किसी और मैच में बारिश होती है तो उसे रद्द कर दिया जाएगा। भारत-पाकिस्तान मैच के अलावा सिर्फ एशिया कप 2023 फाइनल के लिए रिजर्व-डे रखा गया है। एक्यूवेदर के मुताबिक, श्रीलंका के मौसम विभाग के अनुसार रविवार को कोलंबो में मैच के समय दोपहर 2 बजे से भारी बारिश के आसार हैं। भारत और पाकिस्तान का मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे से खेला जाना है। टॉस दोपहर 2.30 बजे होगा।

### 19 राज्य संघों के क्रिकेटर्स का प्रतिनिधित्व

वनडे वर्ल्ड कप के 48 साल के इतिहास में महाराष्ट्र के सबसे ज्यादा खिलाड़ी इस मेगा इवेंट में खेले हैं। इस राज्य के 40 खिलाड़ियों ने 1975 से 2019 तक वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया। इस बार भी महाराष्ट्र के चार खिलाड़ी रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शार्दूल ठाकुर, श्रेयस अय्यर वर्ल्ड कप में खेलेंगे। महाराष्ट्र में तीन राज्य संघ हैं। इसमें से मुंबई एसोसिएशन से 37, महाराष्ट्र एसोसिएशन से 4 और विदर्भ एसोसिएशन से एक खिलाड़ी वर्ल्ड कप खेला। अब तक 19 राज्य संघों के क्रिकेटर्स वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्ल्ड कप की पहली शतकीय साझेदारी मुंबई के खिलाड़ियों ने की थी। 1975 वर्ल्ड कप में सुनील गावस्कर-फारुख इंजीनियर ने ईस्ट अफ्रीका के खिलाफ 123 रन जोड़े थे। तमिलनाडु के वेंकटराघवन की कप्तानी में टीम शुरुआती 2 वर्ल्ड कप में उतरी। 1983 में हरियाणा के कपिल देव की कप्तानी में जीती। 1987 में भी वे कप्तान थे। 1992, 1996, 1999 में हैदराबाद के अजहरुद्दीन की कप्तानी में खेली। 2003 में बंगाल के गांगुली व 2007 में कर्नाटक के द्रविड़ थे। 2011 में झारखंड के धोनी ने खिताब जिताया।

### ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 3 विकेट से हराया

ब्लूमफोंटेन। ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे में 3 विकेट से हरा दिया। ब्लूमफोंटेन के मैंगॉन्ग ओवल मैदान पर पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका ने 222 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट खोकर 40.2 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। कन्कशन सब्स्टिट्यूट प्लेयर मार्नस लाबुशेन ने 80 रन बनाए। उन्होंने 8वें विकेट के लिए एश्टन एगर के साथ 112 रन की पार्टनरशिप की और टीम को आसानी से जीत के पार पहुंचाया। साउथ अफ्रीका की ओर से कप्तान तेम्बा बावुमा ने नॉट आउट 114 रन बनाए। इस जीत के साथ 5 मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा वनडे इसी मैदान पर 9 सितंबर को खेला जाएगा। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत बेहद धीमी रही। टीम ने 9वें ओवर में क्विंटन डी कॉक का विकेट भी गंवा दिया। उनके बाद रासी वान डर डसेन भी 8 रन बनाकर रन आउट हो गए। कप्तान तेम्बा बावुमा एक एंड पर टिके रहे, लेकिन दूसरे एंड पर लगातार विकेट गिरने लगे। ऐडन मार्करम 19 और हेनरिक क्लासेन 14 रन ही बना सके।

# आईसीसी ने की पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा

दुबई/नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लीग दौर के लिए 20 मैच अधिकारियों की घोषणा की है।

टूर्नामेंट के 13वें संस्करण में सोलह अंपायर अंपायरिंग करेंगे, जिसमें आईसीसी के एमिरेट्स एलीट पैनल के सभी 12 अंपायर और आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल के चार सदस्य शामिल हैं। जिनमें क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, मराइस इरास्मस, क्रिस गैफनी, माइकल गफ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, नितिन मेनन, अहसान रज़ा, पॉल रिफ़ेल, शरफुद्दौला इब्ने शैद, रॉड टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन और पॉल विल्सन के नाम हैं।

अनुभवी अंपायरों की सूची में लॉर्ड्स में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2019 फाइनल के लिए नियुक्त किए गए चार अंपायरों में से तीन - धर्मसेना, इरास्मस और टकर शामिल हैं। इसमें केवल अलीम डार का नाम नहीं है, जिन्होंने इस साल मार्च में एलीट पैनल से इस्तीफा दे दिया था। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल का प्रतिनिधित्व इस कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों, जेफ क्रो, एंडी पाइक्रॉफ्ट, रिची रिचर्डसन और जवागल श्रीनाथ की एक चौकड़ी द्वारा किया जाता है।

श्रीनाथ पांच अक्टूबर को अहमदाबाद में आखिरी प्रतियोगिता के फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच की जिम्मेदारी संभालेंगे। मेनन और धर्मसेना स्थायी अंपायर होंगे, पॉल विल्सन टीवी अंपायर होंगे और सैकत चौथे अंपायर की भूमिका निभाएंगे।

संपूर्ण लीग खंड के लिए अधिकारियों को नामित किया गया है, साथ ही टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल के चयन की घोषणा भी उचित समय पर की जाएगी।

आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान ने आईसीसी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इतने बड़े आयोजन करने के लिए आपको हर क्षेत्र पर अपना जबरदस्त प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों की आवश्यकता होती है। अंपायरों, रेफरी और इसमें शामिल अंपायरों के उभरते समूह का आईसीसी एलीट पैनल इस विश्व कप में अपार कौशल, अनुभव और विश्व स्तरीय मानक स्तर को इस्तेमाल में लाएगा। हम चुने गए अधिकारियों के समूह से खुश हैं जिसे हमने इस टूर्नामेंट के लिए चुना है।

आईसीसी प्रबंधक - अंपायर और रेफरी सीन इज़्ज़ी ने कहा, हमें मैच अधिकारियों की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है जो अब तक के सबसे बड़े आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप उनकी निगरानी में होगा। यह समूह दुनिया भर से सर्वश्रेष्ठ है और हर चुनौतीपूर्ण प्रदर्शन में अपना लोहा मनवाने के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगा।

उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि वे बेहतरीन काम करेंगे और विश्व कप को यादगार बनाने के उनके वादे के लिए उन्हें शुभकामनाएं।

## सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की घोषणा


नयी दिल्ली। भारतीय अंडर-19 पुरुष फुटबाल टीम के मुख्य कोच शुवेंदु पांडा ने नेपाल के काठमांडू में 21-30 सितंबर तक खेले जाने वाले सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

टीम शुक्रवार को सऊदी अरब में एक्सपोजर-कम-ट्रेनिंग के लिए रवाना हुई। भारतीय टीम 19 सितंबर को काठमांडू पहुंचेगी।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के सूत्रों ने कहा कि चैंपियनशिप काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। ब्लू कोल्ट्स को ग्रुप बी में भूटान और बंगलादेश के साथ रखा गया है, जबकि मेजबान नेपाल, मालदीव और पाकिस्तान ग्रुप ए में हैं। एकल राउंड-रॉबिन ग्रुप चरण के बाद दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में भिड़ेंगी।

भारत भुवनेश्वर में 2022 में आयोजित सैफ अंडर-20 के फाइनल में बंगलादेश को 5-2 से हराकर चैंपियन बना।

सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप, 2023 के लिए भारत की टीम के खिलाड़ियों में गोलकीपर- लियोनेल



डेरिल रिम्मेई, दिव्याज धवल ठक्कर और मनजोत सिंह परमार हैं।

डिफेंडर में थॉमस कनामुत्तिल चेरियन, जहांगीर अहमद शागू, विजय मरांडी, ए सिबा प्रसाद, मनबीर बसुमतारी, सूरजकुमार सिंह नगांगबाम और रिकी मीतेई शामिल हैं।

मिडफील्डर में मंगलानथिंग किपगेन, ईशान शिशोलिया, अर्जुन सिंह ओइनम, यश चिकरो, अबिंदस येसुदासन, राजा हरिजन और थूमसोल टोंगसिन।

फॉरवर्ड : ग्वागवामसर गोयारी, साहिल खुर्शीद, लिंकी मैती चाबुंगबम, केल्विन सिंह तारेम, नकुबा मैती और दिनेश सिंह सौबम हैं। भारतीय टीम के कोच शुवेंदु पांडा हैं।

## यूरो 2024 क्वालीफायर में पोलैंड ने फरो आइलैंड्स को 2-0 से हराया

वारसॉ। पौलैंड की राजधानी वारसॉ में रॉबर्ट लेवांडोवस्की के दो गोल की मदद से मेजबान टीम (पोलैंड) ने यूईएफए (यूएफा) यूरो 2024 क्वालीफायर में फरो आइलैंड्स पर 2-0 से जीत दर्ज की है।

फर्नांडो सैंटोस के खिलाड़ी सीटी बजने के बाद से दबाव में थे, लेकिन उन्हें मौके भुनाने में दिक्कतें आ रही थीं।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार ब्रेक के आठ मिनट बाद लेवांडोवस्की ने छह गज के बॉक्स के दाईं ओर से हेडर मारा और उन्होंने 73वें मिनट में ओडमार फेरो के हैंडबॉल के बाद पेनल्टी को गोल में बदलकर पोलैंड को बढ़त दिला दी।

मेजबान टीम ने गेम पर नियंत्रण कर लिया और लेवांडोव्स्की ने मैच खत्म होने से सात मिनट पहले पोस्ट के अंदर से एक और गोल दाग दिया और टीम को 2-0 से जीता दिया।

पोलैंड ग्रुप ई में छह अंकों के साथ चेक गणराज्य और अल्बानिया के बाद तीसरे स्थान पर है। फ़रो आइलैंड्स ने अब तक केवल एक अंक अर्जित किया है।

## किंग्स कप : इराक के खिलाफ शूट-आउट में हारा भारत

चियांग माई (थाईलैंड)। शानदार खेल की बदौलत भारत 49वें किंग्स कप के सेमीफाइनल में जीत के नजदीक पहुंचने के बावजूद पेनाल्टी शूट-आउट में इराक से हार गया। इस हार के साथ ही भारत का 12 मैचों से चला आ रहा शानदार अजेय क्रम समाप्त हो गया।



अपने स्टार खिलाड़ी सुनील छेत्री की गैरमौजूदगी में खेल रही भारतीय टीम ने मैच के शुरुआती चरण में इतिहास रचने के दृढ़ इरादे का प्रदर्शन किया जब नाओरेम महेश सिंह ने 16वें मिनट में सहल अब्दुल समद के शानदार पास का फायदा उठाकर भारतीय प्रशंसकों की उम्मीदें जगा दीं। हालाँकि, इराक ने तेजी से जवाब दिया और 28वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से बराबरी हासिल कर ली।

दूसरे हाफ में इराक के गोलकीपर हसन ने आत्मघाती गोल कर भारत को बढ़त दिला दी। भारत के 2-1 से आगे होने पर भारत ने अपना ध्यान रक्षा पर केंद्रित कर दिया जिसने इराक के खिलाड़ियों को बांध कर रख दिया। 80वें मिनट में इराक के लिए दूसरे पेनल्टी ने मुकाबले में नई जान फूंक दी। निखिल पुजारी और झिंगन के साथ हवाई द्वंद्व के बाद अयमेन ग़ुधबन ने स्पॉट-किक अर्जित की। ग़ुधबन ने गोल कर स्कोर एक बार फिर बराबर कर दिया और आखिरकार मैच रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में चला गया।

शूटआउट में संयम की परीक्षा थी, लेकिन अंततः इसका फायदा इराक को मिला, जिसने फाइनल में जगह पक्की करने के लिए अपने सभी पेनाल्टी को बदल दिया। ब्रैंडन फर्नांडिस का चूका हुआ पेनल्टी भारतीय टीम की हार का सबब बना। भारत अब सेमीफाइनल में हार के बाद टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के लिये दस सितंबर को लेबनान से भिड़ेगा।

# खालिस्तानियों की हिंसा-कट्टरता बर्दाश्त नहीं

### ब्रिटिश पीएम सुनक बोले- भारत से इंटेलिजेंस शेयरिंग जारी; जी 20 भारत के लिए बड़ी कामयाबी

**नई दिल्ली।** जी 20 समिट में शिरकत के लिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। उनके साथ पत्नी अक्षता मूर्ति भी आई हैं।

दिल्ली पहुंचने के बाद न्यूज एजेंसी से बातचीत में ब्रिटिश पीएम ने कहा- जी 20 भारत के लिए बहुत बड़ी कामयाबी है। सही वक्त पर सही देश इस मेगा इवेंट को होस्ट कर रहा है। उम्मीद है कि दो दिन की समिट के दौरान कई मुद्दों पर विचार होगा और बड़े फैसले लिए जाएंगे। सुनक ने कई सवालों के जवाब दिए। इनमें खालिस्तान से लेकर रूस-यूक्रेन जंग तक शामिल थे।

#### हिंसा या कट्टरता बर्दाश्त नहीं करेंगे

पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ भारत पहुंचे सुनक ने ब्रिटेन में खालिस्तान से जुड़े एक सवाल पर विस्तार से जवाब दिया। कहा- यह बहुत अहम मुद्दा है। मैं बिल्कुल साफ कर देना चाहता हूं कि कट्टरता या हिंसा, फिर वो चाहे किसी भी रूप में हो, ब्रिटेन में इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसलिए



हम इस मुद्दे पर भारत सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। खास तौर पर PKE (प्रो खालिस्तान एक्सट्रीमिज्म) के मसले पर।

सुनक ने आगे कहा- हाल ही में हमारे सिक्योरिटी मिनिस्टर ने भारत का दौरा किया था और तब इस बारे में उन्होंने बातचीत की थी। हमने कुछ वर्किंग ग्रुप्स बनाए हैं और ये इंटेलिजेंस और इन्फॉर्मेशन शेयरिंग कर रहे हैं। इसी तरह से काम करते हम इस तरह की हिंसका कट्टरता पर काबू पा सकते हैं। ये तय है कि ब्रिटेन में इस तरह की हिंसा और कट्टरता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### यूक्रेन पर हमला गलत

इस इंटरव्यू में सुनक ने रूस और यूक्रेन जंग पर भी बातचीत की। कहा- जहां तक रूस और यूक्रेन की जंग का सवाल है तो एक बात का जिक्र मैं जरूर करना चाहूंगा और वो ये कि रूस की तरफ से थोपी गई इस जंग का असर पूरी दुनिया पर हो रहा है।

सुनक ने आगे कहा- हाल ही में रूस ने ग्लोबल ग्रेन डील से किनारा कर लिया। इससे दुनिया में फूड प्रोडक्ट्स की कीमतें बेतहाशा बढ़ गईं। हर चीज आपके सामने है।

इससे लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। इसीलिए मैं कहता हूं कि रूस ने यूक्रेन पर हमला करके बहुत बड़ी गलती की है। मैं लोगों को यही बताना चाहता हूं कि इस जंग का उन पर क्या असर हो रहा है और होगा।

रूस-यूक्रेन जंग में भारत ने अब तक न्यूट्रल स्टैंड रखा है। इस बारे में पूछे गए सवाल पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा- मैं भारत को ये नहीं बता सकता कि इंटरनेशनल अफेयर्स पर उनका क्या रुख होना चाहिए। हालांकि, मैं ये भी जानता हूं कि भारत इंटरनेशनल लॉ का सम्मान करता है।

#### ट्रेड डील पर सधा हुआ जवाब

भारत और ब्रिटेन के बीच लंबे वक्त से ट्रेड डील का मसला फंसा हुआ है। करीब दो साल से जारी बातचीत अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। इस बारे में पूछे गए एक सवाल पर सुनक ने कहा- मैं और मोदी जी दोनों से अहम ट्रेड डील को पूरा करने के लिए गंभीर हैं और इस बारे में तमाम कोशिशें की जा रही हैं। हालांकि, आपके ये भी देखना होगा कि इस तरह की ट्रेड डील्स में वक्त लगता है। इससे दोनों देशों को फायदा होगा। हालांकि, हमने इस मोर्चे पर काफी प्रोग्रेस की है। दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते हैं।

प्रधानमंत्री से रिश्तों पर सुनक ने कहा- मेरे दिल में मोदी जी के लिए बहुत सम्मान है और वो भी व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए सहयोग करते रहे हैं। हम दोनों ही काफी मेहनत कर रहे हैं। मैं मोदी जी को इस फोरम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर सपोर्ट करता रहा हूं, क्योंकि ये भारत के लिए बहुत बड़ी कामयाबी है।

## अमेरिका-सऊदी के साथ रेल-पोर्ट डील में शामिल होगा भारत

### मिडिल ईस्ट में चीन को काउंटर करने के लिए बनी स्ट्रैटजी, जी20 के दौरान चर्चा संभव

भारत, अमेरिका और सऊदी अरब के बीच एक इंफ्रास्ट्रक्चर डील फाइनल हो सकती है। इसके तहत खाड़ी देशों को अरब देशों से जोड़ने के लिए रेलवे प्रोजेक्ट पर बात हुई। इस रेलवे नेटवर्क को बंदरगाह और शिपिंग लेन के जरिए भारत से भी जोड़ा जाएगा। इस डील के लिए तीनों नेताओं के बीच बात चल रही है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले के इस बात की जानकारी दी है। तीनों देशों के नेताओं की जी20 समिट के दौरान इस मुद्दे पर बातचीत संभव है। इस प्रोजेक्ट के तहत रेल और पोर्ट को डेवलप किया जाएगा। इस बात की जानकारी सबसे पहले अमेरिकी न्यूज लेटर एक्सियस से मिली है। प्रोजेक्ट शुरू करने के पीछे चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को बताया जा रहा है।

बाइडेन प्रशासन 2024 के चुनाव से पहले सऊदी अरब और इजराइल के बीच संबंधों को सामान्य कराने और इस डील को फाइनल करने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले मई में खबर आई थी कि भारत के ह्य्र अजीत डोभाल ने सऊदी अरब में अमेरिका के और, श्व के ह्य्र के साथ इस डील को लेकर बातचीत की है।

#### 18 महीनों से प्रोजेक्ट पर हो रही चर्चा

व्हाइट हाउस के प्रोजेक्ट के लिए आई 22 फोरम के तहत पिछले 18 महीनों से बातचीत हो रही है। इस फोरम में अमेरिका, इजराइल, भारत और यूएई शामिल हैं।

ये फोरम मिडिल ईस्ट में इंफ्रास्ट्रचर प्रोजेक्ट की रणनीति तय करने के लिए 2021 में बनाया गया था।

फोरम में शामिल एक इजराइली अधिकारी ने एक्सियस को बताया कि महीनों से हो रही बातचीत में किसी देश ने चीन का नाम नहीं लिया, लेकिन ये चीन की वजह से ही बनाया जा रहा है। मिडिल ईस्ट में चीन के असर को कम करने के लिए इस प्रोजेक्ट का आइडिया भी इजराइल ने दिया था। इंफ्रास्ट्रचर प्रोजेक्ट में भारत की एक्सपर्टीज को देखते हुए इसमें शामिल किया गया है।

#### प्रोजेक्ट से जुड़ने में छिपे भारत के 3 मकसद

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक चीन लगातार पश्चिमी एशिया में अपना प्रभाव बढ़ा रहा है। चीन की अगुआई में हाल ही में सऊदी अरब और ईरान के बीच समझौता हुआ उसने अमेरिका के साथ-साथ भारत को भी चौंका दिया।

## रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की भूमिका अच्छी रही : राहुल

ब्रूसेल्स,(बेल्जियम)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत सरकार के रुख का समर्थन किया और कहा कि रूस हमारा मित्र है और उसके साथ संबंध बने रहने चाहिए। यूरोप के एक सप्ताह के दौरे पर बेल्जियम की राजधानी ब्रूसेल्स पहुंचे गांधी ने आज ब्रूसेल्स प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध में भारत सरकार की भूमिका अच्छी रही है और दोनों देशों के बीच शांति की अपील करते हुए अपने हितों की रक्षा करने की मोदी सरकार की नीति से वह सहमत हैं। गांधी ने कहा, मुझे लगता है कि भारत में विपक्षी दल रूस और यूक्रेन संघर्ष के बीच भारत की वर्तमान स्थिति से लगभग सहमत होंगे।

## हांगकांग, दक्षिणी चीन में रिकॉर्ड बारिश - बाढ़ से जनजीवन प्रभावित

**बीजिंग।** हांगकांग और दक्षिणी चीन में रिकॉर्ड बारिश और बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यह जानकारी शुक्रवार को बीबीसी ने दी। शुक्रवार को, हांगकांग की सड़कों और मेट्रो स्टेशनों में पानी भर गया जिसके कारण स्कूलों और कार्यस्थलों को बंद करना पड़ा। मौसम विभाग ने कहा कि गुरुवार को शहर में हुई बारिश लगभग 140 वर्षों की सबसे अधिक है। आपातकालीन सेवाओं ने कहा कि 100 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है और कई राहत-बचाव कार्य किए गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोगों को पानी से बचने के लिए कारों और अन्य ऊंचे प्लेटफार्मों पर चढ़ते हुए देखा जा सकता है, जहां पर पानी कई मीटर ऊपर पहुंच गया है और मेट्रो के प्रवेश द्वार अवरुद्ध हो गए हैं। हांगकांग की क्रॉस हार्बर सुरंग, मुख्य द्वीप को उत्तर में कोवलून प्रायद्वीप से जोड़ने वाला एक प्रमुख मार्ग, जलमग्न हो गया है। बारिश के कारण हांगकांग के पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन भी हुआ है जिससे कुछ राजमार्ग भी अवरुद्ध हो गए हैं। शुक्रवार दोपहर तक, बारिश की तीव्रता में कुछ कमी आयी है और अधिकारियों ने बारिश की चेतावनी को कम करते हुए ब्लैक से ऐंबर कर दिया है लेकिन सचेत किया है कि बारिश शनिवार तक जारी रहने की उम्मीद है। अधिकारियों ने गुरुवार को ब्लैक अलर्ट जारी किया था, जिसे 70 मिमी प्रति घंटे से ज्यादा बारिश होने पर जारी किया जाता है।

## चीन में आईफोन पर प्रतिबंध की रिपोर्ट के बाद एप्पल के शेयरों में गिरावट

**वाशिंगटन।** चीन में सरकारी कर्मचारियों पर आईफोन का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाए जाने की रिपोर्ट के बाद अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी एप्पल के शेयरों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई है। पिछले दो दिनों में कंपनी के शेयर बाजार मूल्यांकन में 06 फीसदी से अधिक या लगभग 200 अरब डॉलर की गिरावट आई है। चीन प्रौद्योगिकी दिग्गज का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है, जिसका पिछले साल के कुल राजस्व में 18 प्रतिशत हिस्सा था। चीन में एप्पल के अधिकांश उत्पाद उसके सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता फॉक्सकॉन द्वारा निर्मित किए जाते हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) ने बुधवार को बताया कि चीन ने केंद्रीय सरकारी एजेंसी के अधिकारियों को कार्यालय में आईफोन नहीं लाने या काम के लिए उनका इस्तेमाल नहीं करने का आदेश दिया है। अगले दिन ब्लूमबर्ग न्यूज ने बताया कि प्रतिबंध राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों और सरकार समर्थित एजेंसियों के श्रमिकों पर भी लगाया जा सकता है। सूत्रों ने डब्ल्यूएसजे को बताया कि आईफोन का उपयोग न करने के निर्देश अधिकारियों को उनके वरिष्ठों द्वारा हाल के सप्ताहों में दिए गए थे। अन्य विदेशी ब्रांड वाले उपकरणों पर भी प्रतिबंध लगाए गए।

## हांगकांग शहर में वर्षा ने तोड़ा 139 साल का रिकार्ड

हांगकांग। हांगकांग में शक्तिशाली तूफान हाइकुई के कारण गुरुवार रात से जारी मूसलाधार वर्षा ने 139 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। हांगकांग वेधशाला ने बताया कि गुरुवार रात से देश के अधिकांश क्षेत्रों में 70 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई जबकि न्यू टेरिटरीज के उत्तर-पूर्वी हिस्से और हांगकांग द्वीप पर 200 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है। इस बारिश से द्वीप पर वर्ष 1884 में हुई बारिश का रिकॉर्ड टूट गया है। सुरक्षा ब्यूरो के तहत आपातकालीन निगरानी और सहायता केंद्र ने स्थानीय समयानुसार गुरुवार रात करीब 11: 05 बजे अलर्ट जारी किया। प्राकृतिक संबंधी आपदाओं को नियंत्रण रखने एवं इससे बचाव के लिए निकासी सेवा विभाग, राजमार्ग विभाग, गृह मामलों के विभाग और संबंधित विभागों सहित कई एचकेएसएआर सरकारी विभाग संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। यहां भारी बारिश से अचानक आई बाढ़ से निपटने के लिये किये गये प्रयासों को लेकर हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र सरकार ने अपने सभी विभागों को जबाव देने का निर्देश दिया है। देश के अधिकांश हिस्सों में जारी मूसलाधार वर्षा से अचानक बाढ़ आने की आशंका के चलते, एचएडी ने आपातकालीन समन्वय केंद्र को सक्रिय किया और लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए शिविर खोले गये।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं, ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### गांव की ध्वस्त नालियों को ठीक कराने को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



**उतरौला( बलरामपुर )।** विकास खंड गैंड़ास बुजुर्ग के ग्राम पंचायत कैथोलिया सलेमपुर का मजरा मोहम्मद पुर के ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में बहुत पहले बनी नाली ध्वस्त हो चुकी है दोनों ओर की ईंट बिखर जाने से चौंड़ी हो ग ?ई है जिससे घरों से निकलने वाला गंदा पानी रास्तों पर बहता है गन्दे पानी के बहने से उठने वाली दुर्गन्ध से लोग परेशान हैं बच्चों के6 नाली में गिरने व संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है।ग्रामीणों ने पक्की व अंडर ग्राउंड नाली का निर्माण कराने की मांग की है।जिससे बच्चों के गिरने व प्रदूषण से मुक्ति मिल सके। इस मौके पर उत्तम प्रसाद, राधेश्याम,जीशानुल्ला, आशिफ पाशा,मोहम्मद सलीम, शहजाद अली, मोहम्मद अरशद, बशीर अहमद,र फीउल्ला, इस्लाम, निगाह मोहम्मद, मसीहुद्दीन,रहमत अली, फिरोज अहमद,बब्लू खान,राम अवतार,कैशराम समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### मंडलायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र का निरीक्षण कर सुनी व्यापारियों व पार्षदों की समस्याएं

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद-आगरा मंडल की आयुक्त रितु माहेश्वरी ने शुक्रवार को यहां पहुंच कर नगर निगम क्षेत्र के विकास कार्यों और इंटिग्रेट ट्रैफिक सिस्टम आदि की समीक्षा की गई। व्यापारियों और पार्षदों की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण का आश्वासन दिया गया। मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने पदभार संभालने के बाद फिरोजाबाद का पहला निरीक्षण दौरा शुक्रवार को किया गया, जिसमें मुख्य रूप से नगर निगम के विकास कार्यों स्मार्ट सिटी योजना की समीक्षा थी। मंडलायुक्त ने नगर निगम के अटल पार्क का निरीक्षण किया गया। स्मार्ट योजना के तहत बनने वाली स्टेशन रोड के कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें व्यापारियों को आने वाली समस्याओं को भी उन्होंने सुना और व्यापारियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण का भी आश्वासन दिया गया है। मंडलायुक्त द्वारा नगर निगम द्वारा स्थापित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक सिस्टम की भी समीक्षा की गई जिसमें उन्होंने बताया कि अभी तक 5 करोड़ की जुर्माना राशि के चालान किए जा चुके हैं। सिस्टम में कुछ खामियां हैं उन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए हैं इसके अलावा सिस्टम के साथ कुछ प्राइवेट कैमरे भी जोड़े जाएंगे।

### शिमला में ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

शिमला। हिमाचल प्रदेश के अप्पर शिमला में बड़े पैमाने पर ट्रांसफार्मरों को चोरी करने वाला गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर चुराए गए ट्रांसफार्मरों को भी बरामद कर लिया है। जुब्बल थाना पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी की है। पकड़े गए आरोपी पड़ोसी राज्य जम्मू-कश्मीर के मूल निवासी हैं। आरोपी पिछले तीन सालों से गिरोह बनाकर ट्रांसफार्मर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपियों ने रोहड़ू, ठियोग और जुब्बल-कोटखाई में 10 जगह ट्रांसफार्मरों को चुराया था। इन्हें पकड़ने के लिए जुब्बल पुलिस ने जाल बिछाया और शुक्रवार को इन्हें दबोच लिया गया। आरोपियों की पहचान 24 वर्षीय मेहराजादीन, यशर हुसैन (27), फिरदोस अहमद (21) और शकील अहमद के तौर पर हुई है। आरोपी पहली बार पकड़ में आए हैं। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों के कब्जे से चुराए गए ट्रांसफार्मरों को बरामद कर लिया गया। संगठित तरीके से गिरोह को ऑपरेट किया जा रहा था।

### सनातन धर्म को जानबूझकर टार्गेट किया जा रहा है

शिमला। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा जानबूझकर सनातन धर्म पर हमला किया जा रहा हैं। आये दिन घमंडिया गठबंधन का कोई न कोई नेता सनातन धर्म पर अपनी घटिया मानसिकता का प्रदर्शन करता है। उनके इस कृत्य पर देश के तमाम कथित बुद्धिजीवी और नेता या ख़ामोश रहकर उनका समर्थन कर रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि सनातन को मिटाने का सपना देखने वालों को यह समझना चाहिए कि हज़ारों वर्षों से आतताइयों ने सनातन धर्म को मिटाने की कोशिश की लेकिन वह स्वयं मिट गए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विपक्ष का यह कुत्सित प्रयास बंद होना चाहिए। किसी संप्रदाय की भावनाओं को इस तरह आहत करने का क्या औचित्य है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और उसके गठबंधन के नेता एक के बाद एक सनातन धर्म के ख़िलाफ़ शर्मनाक बयान दे रहे हैं और कांग्रेस कर्ता-धर्ता ख़ामोश हैं। यह नहीं चलेगा। उन्हें देश भर के लोगों को जवाब देना पड़ेगा।उन्हें बताना पड़ेगा कि वह सनातन धर्म के खिलाफ़ आने वाले बयानों के साथ है या ख़िलाफ़।

# तिब्बतियों ने कहा जी20 चीन-तिब्बत मुद्दे पर ध्यान दे, राजधानी में प्रदर्शन किया

**नयी दिल्ली।** भारत में निर्वासन का जीवन जी रहे तिब्बतियों ने जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए यहां आ रहे विश्व के प्रमुख देशों के नेताओं से वैश्विक चर्चाओं के दौरान चीन-तिब्बत मुद्दे और उस पर प्राथमिकता देने की मांग को लेकर शुक्रवार को मजनू-का-टीला में प्रदर्शन किया।




राजधानी में तिब्बतियों की एक प्रमुख बस्ती मजनू-का-टीला के पास %तिब्बती युवा कांग्रेस% के तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान वहां पुलिस का व्यापक बंदोबस्त किया गया था। यह जगह प्रगति मैदान से दूर है जहां 9-10 सितंबर को जी20 शिखर बैठक होने जा रही है।

जी20 शिखर बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नहीं आ रहे है। चीन का प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री ली कियांग करेंगे।

तिब्बती युवा कांग्रेस ने एक बयान में कहा, हम भारत के प्रधानमंत्री और विश्व नेताओं से जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान चीन-तिब्बत मुद्दे को प्राथमिकता देने की अपील करते हैं। हम चीन से तिब्बत में मानवाधिकारों के हनन पर ध्यान देने और हमारी सांस्कृतिक पहचान को नष्ट करने वाली प्रथाओं को समाप्त करने की मांग करते हैं। युवा तिब्बतियों के इस संगठन ने राजधानी में जी20 बैठक की मेजबानी के लिए भारत की हार्दिक सराहना और सफलता की कामना की है।

संगठन ने कहा, हम चीन-तिब्बत संघर्ष को हल करने में वैश्विक एकजुटता चाहते हैं। साथ ही, तिब्बतियों को आने वाली गंभीर चुनौतियों से निपटने में एकता प्रोत्साहित करते हैं।

उनका कहना है कि तिब्बत पर चीनी सरकार के जबरन कब्जे ने तिब्बत पर लंबे समय तक बुरा प्रभाव डाला है, जिसके कारण परमपावन चौदहवें दलाई लामा और तिब्बतियों को निर्वासन के लिए मजबूर होना पड़ा।

इस कब्जे का असर हमारी सीमाओं से परे भी महसूस किया जा रहा है। चीन के 2023 के नक्शे में हालिया क्षेत्रीय दावे और उसकी विस्तारवादी महत्वाकांक्षी सभी पड़ोसी देशों के लिए चिंताजनक की बात है।

संगठन ने कहा है , हम अपनी आशा में दृढता रखते हैं कि भारत वैश्विक मंच पर स्वतंत्रता, न्याय, समानता और शांति के सिद्धांतों का समर्थन करेगा। तिब्बती सदस्य प्रतिभागियों और हितधारकों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि तिब्बती युवा कांग्रेस शांति के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रतिष्ठित आयोजन के दौरान गड़बड़ी पैदा करने का कोई इरादा नहीं रखते हैं।

बयान में कहा गया है कि 1951 का तिब्बत की शांतिपूर्ण मुक्ति के उपाय अनुरूप 17सूत्री समझौता को दबाव में हस्ताक्षरित करवाने की चीन की संदिग्ध कूटनीति प्रथाओं का एक प्रमाण दर्शाता है। बयान में यह भी कहा गया है कि फ्रीडम हाउस के मेट्रिक्स में दक्षिण सूडान और सीरिया जैसे देशों की तुलना में तिब्बत दुनिया के सबसे अल्पमुक्त क्षेत्रों में होकर बिगड़ती स्थिति में दिखना गंभीर चिंता का विषय है। चीन की नीतियों के कारण अनगिनत तिब्बती बच्चों को उनके घरों से दूर किया गया है।

गौरतलब है कि तिब्बती युवा कांग्रेस द्वारा इसी वर्ष अप्रैल और मई में तिब्बत मैटर्स मार्च '(तिब्बत का भी महत्व है) निकाला गया था। इस अभियान में 87 प्रतिभागियों ने भारत के तीन राज्यों में कुल 650 किलोमीटर तक की जनजागरण यात्राएं निकालीं।

## सभी राजनीतिक दल मिलकर 'भारत' नाम का समर्थन करें : ठाकुर दलीप सिंह जी

नामधारी मुखी ठाकुर दलीप सिंह जी ने सभी राजनीतिक दलों से, विशेष रूप से, भाजपा-विरोधी राजनीतिक दलों से सनिम्र विनती करते हुए कहा किसी भी भारतीय भाषा तथा प्राचीन ग्रंथों में हमारे देश का नाम 'इंडिया' नहीं है।'भारतम' या 'भारत', थोड़े-थोड़े अंतर से यही नाम हैं। भारतीय होने के कारण, आप 'भारत' नाम को स्वीकार कीजिए।

भाजपा द्वारा, अपने देश का वास्तविक नाम: 'भारत' स्थापित करने के लिए जो प्रयत्न किए जा रहे हैं; कृपया आप इसमें भाजपा का पूर्ण रूप से खुलकर समर्थन कीजिए तथा इस शुभ कार्य को संपन्न करने में अग्रणीय होकर भाग लीजिए। नामधारी मुखी ने सभी राजनीतिक दलों से संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप 'भारत' नाम का समर्थन करेंगे, तो उससे आपके वोट कम नहीं होंगे; बल्कि और भी अधिक मिलेंगे। ऐसा करने से, आपके 'इंडिया' गठबंधन पर भी कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा; अपितु लाभ ही होगा।

क्योंकि, लोगों के मन में 'इंडिया' नाम, जो सैंकड़े वर्षों से बैठा हुआ है, वह इतनी शीघ्रता से तो नहीं निकल पाएगा। आप ने जो अपना 'इंडिया' गठबंधन बनाया है, आप उसका लाभ लेते रहें। आप सभी राजनीतिक दल, अपनी एक बहुत बड़ी पहचान रखते हैं। भाजपा द्वारा, देश के संविधान या कागजों में अपने देश का नाम 'भारत' कर देने से, आपके प्रभाव में कोई अंतर नहीं आने वाला। परंतु, यदि आप 'भारत' नाम की विरोधता करेंगे; तो उससे लोग आपके विरुद्ध हो जाएंगे।

लोग यह समझेंगे कि आप देश-प्रेमी नहीं : आप देश विरोधी हैं। क्योंकि आप गुलामी का कलंक-चिन्ह 'इंडिया' नाम रखना चाहते हैं।

नामधारी मुखी ने सभी राजनीतिक दलों से पुनः विनती करते हुए कहा अपने देश का पुरातन वास्तविक नाम 'भारत' स्वीकार करते हुए, इस शुभ कार्य को पूर्ण रूप से सदा के लिए संपन्न करने में, भाजपा की सहायता कीजिए।

यह शुभ कार्य करके आप लोगों को बताइए कि हम अच्छे कार्यों में अग्रणीय हैं, भाजपा द्वारा देश हित में किए जा रहे अच्छे कार्यों में उनसे सहमत हैं। इस से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी, कम नहीं होगी। वैसे भी, आप ने जो अपने गठबंधन का 'इंडिया' नाम दिया है, उसका अर्थ 'भारत' देश तो है ही नहीं। फिर आपको किस बात की चिंता है ?

## दलित राज्यपाल का लगातार अपमान कर रहा शिक्षा विभाग : सुशील मोदी

**एजेंसी**

पटना। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि शिक्षा विभाग के अवर मुख्य सचिव (एसीएस) के. के. पाठक एक तरफ दलित समुदाय से आने वाले राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को अपमानित करने पर तुले हैं वहीं दूसरी तरफ शिक्षा में बदहाली को लेकर जदयू को आईना दिखा रहे हैं, इसी दल के लोग 15 साल तक शिक्षा मंत्री होते रहे।

मोदी ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि शिक्षा विभाग जब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कोटे में गया, तब मुख्यमंत्री ने मंत्री चंद्रशेखर को नियंत्रण में रखने के लिए विवादास्पद के. के. पाठक को एसीएस बना दिया। उन्होंने कहा कि पाठक की कार्यशैली से हालात ऐसे हो गए कि श्री चंद्रशेखर 22 दिन तक कार्यालय नहीं गए। भाजपा सांसद ने कहा कि यदि शिक्षा विभाग इतना बदहाल रहा कि उसमें सुधार के लिए अब किसी अधिकारी को सामूहिक वेतन कटौती और निलंबन जैसी सख्ती करनी पड़ रही है, तो जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को इस विफलता की जिम्मेदारी लेकर लाखों गरीब छात्रों के अभिभावकों से माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि के. के. पाठक की धमकाने-गलियाने और कानून का डंडा चलाने वाली कार्यशैली ही ठीक है, तो वे अब तक किसी विभाग में क्यों नहीं टिक पाए।

मोदी ने कहा कि पाठक शिक्षा विभाग में दूसरी बार लाए गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बताएं कि उत्पाद, खनन, परिवहन और निबंधन जैसे विभागों से उनको क्यों हटाना पड़ा और अब वे कब तक शिक्षा विभाग में रह कर सरकार की फजीहत कराते रहेंगे।

## दिल्ली देहात की 18सूत्री मांगो पर काम करें सरकार : थान सिंह यादव

### दिल्ली देहात व गांव बचाओ- दिल्ली बचाओ को लेकर आंदोलन होगा : पंचायत संघ प्रमुख

नईं दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ पिछले कई वर्षों से शासन प्रशासन से दिल्ली की आधी आबादी दिल्ली देहात व गांवों की आवाज उठाता आ रहा है। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री चो ब्रहम प्रकाश जी के पैतृक गांव शकूर पुर में 2अक्तूबर 2022 को 18सूत्री मांगो का पंचायत में प्रस्ताव पास कर शासन प्रशासन को भेजा था।इसके उपरांत भी दिल्ली के गांवों को रौंदा जा रहा है।

पूर्व मंत्री देवेन्द्र सिंह शौकीन ने दिल्ली देहात को बचाने के लिए सभी को एक मंच पर आने का आव्हान किया। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि गांवों के संसाधनों पर कब्जा किया जा रहा है।सरकार नये मास्टर प्लान में हमारी 18सूत्री मांगो को रखें जिसके लिए पंचायत संघ चेता रहा है। हमने जो मांग की उसमें गांवों में ग्राम सेवा केंद्र, गांवों को मालिकाना हक (दिल्ली को छोड़ कर पूरे देश में



थान सिंह यादव प्रमुख दिल्ली पंचायत संघ

मालिकाना हक दिया जा रहा है) दिल्ली नगर निगम के सभी करों से मुक्ति, भवन उप नियम से बाहर, पार्किंग, नगर निगम व दिल्ली सरकार में 100 प्रतिशत नौकरी आरक्षण, स्कूलों व कॉलेजों में 100 प्रतिशत दाखिला, गांवों के लेआउट प्लान, गरीबों के लिए मकान, कृषि भूमिहीनो के लिए नौकरी, गावों को व्यवसायिक श्रेंणी, ग्रामसभा कृषि भूमि का अधिग्रहण ना हो, अब तक अधिकृत की गई कृषि भूमि जो खाली पड़ी है उसे किसानों को वापस करें, म्यूटेशन शुरू करें। दिल्ली की कृषि भूमि का कोडियो के दाम अधिग्रहण करना बंद करे सरकार।

पंच प्रमुख शिव कुमार यादव ने कहा कि प्रस्तावित कृषि भूमि सर्कल रेट लागू पर देरी व लैंड पुलिंग स्कीम को लेकर किसानों में आक्रोश बढ रहा है। किसानों की कृषि भूमि का प्रति एकड़ 20 से 30 करोड़ मुआवजा दिया जाए। किसानों की कृषि भूमि अधिग्रहण कर स्मार्ट सिटी बनाए सरकार । पंचायत संघ सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि 2 अक्टूबर को पंचायत संघ ने गांवों के पंचायत प्रमुखों की पंचायत बुलाई है। पहले मुख्यमंत्री चो ब्रहम प्रकाश जी के पैतृक गांव शकूर पुर में जिसमें इन्ही मांगो को लेकर ठोस निर्णय लिया जाएगा। जिसमें आगामी लोकसभा व दिल्ली विधानसभा चुनावों को लेकर दिल्ली गांवों के साथ बात कर हर गांवों में गांव चौपाल का आयोजन किया जाएगा, इसमें (गांव व किसान से संवाद) सभी समस्याओं को लेकर होगा।इसमें सभी समाज की महा सभाओं की आमंत्रित किया जाएगा।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा गांव व किसान से संवाद पर दिल्ली देहात के रहे दोनों मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी ब्रहम प्रकाश जी व स्वर्गीय श्री साहिब सिंह वर्मा जी के पैतृक गांवों से 18सूत्री मांगो को लेकर मशाल रथयात्रा दिल्ली देहात व गांवों को बचाने के लिए निकाली जाएगी।दिल्ली देहात को बचाने के लिए महा आंदोलन होगा।आखिर में गांवों व किसानों से संवाद के लिए गांव चौपाल का आयोजन कर्तव्य पथ पर किया जाएगा।

## युवा शिक्षाविद डॉ. राहुल शर्मा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि

### भारत वर्चुअल यूनिवर्सिटी फ़ॉर पीस एंड एजुकेशन ने किया सम्मानित

नई दिल्ली। भारत वर्चुअल यूनिवर्सिटी फ़ॉर पीस एंड एजुकेशन ने हाल इंडियन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ ऑडिटोरियम में एक विशेष दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। समारोह में शिक्षा, समाजसेवा, चिकित्सा सहित विभिन्न श्रेणियों में सराहनीय और प्रशंसनीय कार्य करने वाली अनेक हस्तियों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर %होली ग्रुप ऑफ स्कूल्ज एंड कॉलेज% के डायरेक्टर एवं युवा शिक्षाविद डॉ. राहुल शर्मा को भी डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।



दीक्षांत समारोह में एयरपोर्ट अडवाइजरी कमेटी (मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन, भारत सरकार) के सदस्य डॉ. राहुल कुमार त्रिपाठी, होली ग्रुप ऑफ स्कूल्स एंड कॉलेज के चेयरमैन एवं वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. राकेश शर्मा समेत अनेक शख्सियतें मौजूद रहीं।

अपने सुपुत्र डॉ. राहुल शर्मा को मिली इस मानद उपाधि से गदगद डॉ. राकेश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हर माता-पिता को अपने बच्चों की निरंतर सफलता देखकर गर्व और प्रसन्नता होती है। उनके शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए अनेकों सराहनीय कार्यों की बदौलत ही आज मेरे सुपुत्र को डॉक्टरेट की यह मानद उपाधि मिली है और अब वे डॉ. राहुल शर्मा बन गए हैं।

वहीं डॉ. राहुल शर्मा ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मेरे पूजनीय माता-पिता और बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से मुझे आज इस मानद उपाधि से नवाजा गया। मैं वचन देता हूं कि समाज के प्रति अपने समर्पण भाव को आगे भी इसी तरह जारी रखूंगा और शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अपना योगदान देता रहूंगा।

### इंडिया की ताकत के आगे भाजपा क्लीन बोल्ड हुई : माले

लखनऊ। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ( भाकपा -माले) ने घोसी विधानसभा उपचुनाव परिणाम पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए शुक्रवार को कहा कि इंडिया की ताकत के आगे भाजपा क्लीन बोल्ड हो गई है। पार्टी ने उपचुनाव परिणाम का जोरदार स्वागत किया है और घोसी के मतदाताओं को धन्यवाद दिया है। माले के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि नोटबंदी के बाद नामबंदी लाने वाली भाजपा ने अभी इंडिया का ट्रेलर देखा है, जो हिट हुआ है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब पूरी पिक्चर 2024 में दिखेगी, तब क्या होगा। इंडिया गठबंधन को इरादतन ठंडे बस्ते में भेजने के लिए भारत को आगे करने की भाजपा सरकार की जुगत भी काम नहीं आई।

## मानहानि मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सम्मन

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कथित रूप से अनपढ़ शब्द के प्रयोग को लेकर बिहार के पटना में दाखिल किए गए मानहानि के शिकायती मुकदमे में आज एक विशेष अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सम्मन जारी करने का आदेश दिया।

सांसदों एवं विधायकों के मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत की प्रभारी न्यायाधीश सारिका बहालिया ने मामले में सुनवाई के बाद भारतीय दंड विधान की धारा 500 एवं 505 के तहत संज्ञान लेने के बाद यह सम्मन जारी करने का आदेश दिया है। अदालत ने मामले में श्री केजरीवाल की उपस्थिति के लिए 19 अक्टूबर 2023 की अगली तिथि निश्चित की है।

पटना उच्च न्यायालय के एक वकील रवि भूषण प्रसाद वर्मा ने यह शिकायती मुकदमा संख्या 4908/2023 मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में दाखिल किया था, जहां से स्थानांतरित होकर यह मुकदमा विशेष अदालत को प्राप्त हुआ था।

दाखिल किए गए शिकायती मुकदमे में अरविंद केजरीवाल के ट्यूटर हैंडल पर जारी संदेश को मानहानि वाला बताया गया है, जिसमें उन्होंने कथित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अनपढ़ शब्द का प्रयोग किया था।

## वसुधैव कुटुम्बकम्

दिल्ली में आज गूंज रहा है
चहुंओर वसुधैव कुटुम्बकम्,
संसार का संगम बन चुका है
दिल्ली का भारत- मंडपम् ।

जी-20सम्मेलन में दिखेगा दम
जनतंत्र की जननी भारत का,
विश्व कल्याण पर होगा चिंतन
मूलमंत्र है वंदे मातरम्- भारत का ।

मंच सजा है महारथियों का
नेतृत्व कर रहा है अपना देश,
अमेरिका,ब्रिटेन,फ्रांस,इटली भी
सुनेंगे भारत का अमृत उपदेश ।

रुस,चीन,जर्मनी,जापान भी
कर रहे समिट में भागीदारी ,
आस्ट्रेलिया,कनाडा,कोरिया भी
भारत पहुँचे हैं बारी-बारी ।

43 देशों-संगठनों के मंथन से
निकलेगा विश्व-अमृत-कलश,
लाभान्वित होंगे जग के जन-जन
गूंज रहा भारत का जन-गण-मन ।

चंद्रयान बढ़ाया भारत का गौरव
सूर्ययान बढ़ाया हमारा स्वाभिमान,
जी 20 महोत्सव ने साख बढ़ायी
हमें है विश्वमित्र होने का अभिमान।

अतिथि देवो भव: हमारी पहचान
समिट के मेहमानों को नम्र प्रणाम,
सनातन संस्कृति करती है स्वागत
भारत का भू को शत-शत सलाम!

राजीव गौतम
,कवि,
बिहार/दिल्ली
एनसीआर



# जोड़ों में रोबोटिक सर्जरी : मिथक बनाम वास्तविकता



**डॉ सुशील शर्मा**
**सीनियर जॉइंट्स रिप्लेसमेंट सर्जन**
**अध्यक्ष अर्थराइटिस फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया**

हाल के दिनों में, रोबोटिक्स जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में नई पद्धति आई है। बढ़ी हुई सटीकता, कम मानव त्रुटि, और तेज़ी से स्वास्थ्य अच्छा होने का वादा ने रोगियों और चिकित्साको दोनों को आकर्षित किया है। रोबोटिक सर्जरी की चर्चा में, प्रौद्योगिकी के वास्तविक लाभ और हानि का विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है। चलिए हम जाँचते हैं कि घुटन ? प्रत्यारोपण में रोबोटिक सर्जरी की मिथक और वास्तविकताएँ

### मिथक 1 : सटीकता अधिक

रोबोटिक सर्जरी के आसपास एक मिथक है कि यह पारंपरिक तरीकों की तुलना में सटीकता अधिक है। रोबोट्स मानव सर्जनों की तुलना में घुटना रिप्लेसमेंट बेहद सटीकता के साथ, त्रुटि कम करते हैं।

हालांकि, रोबोटिक प्रणालियों में बेहतर दृश्यीकरण, उनकी उत्कृष्टता को समर्थन करने वाले सबूत अब तक भरोसे योग्य नहीं है।

### यथार्थ : उच्च नतीजों के सीमित प्रमाण

;जर्नल ऑफ़ नी सर्जरी, स्पोर्ट्स ट्रौमेटोलॉजी, आर्थ्रोस्कोपी 2023 (31) (3) में प्रकाशित एक समीक्षा ने 12 नियंत्रित परीक्षण किये जो रोबोट सर्जरी को पारंपरिक तकनीकों के साथ तुलना करती है। आश्चर्यजनक रूप से, समीक्षा ने यह खुलासा किया कि दो तरीकों के बीच ऑपरेटिव फंक्शनल परिणाम या समस्या दरों में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं पाया गया।

### मिथक 2 : तेज़ स्वास्थ्य अच्छा होना और कम अस्पताल में रहना

एक और प्रचलित मिथक है कि रोबोटिक सर्जरी से तेज़ स्वास्थ्य अच्छा होता है और कम दिन अस्पताल में रहना होता है। तर्क यह है कि रोबोटिक प्रक्रिया हड्डी आघात को कम करती है, जिससे शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होता है। क्लीवलैंड क्लिनिक, यूएसए के अध्ययन के अनुसार, यह निष्कर्ष नहीं निकल सका और इसके लिए अधिक दीर्घकालिक आंकड़ों की आवश्यकता है।

### यथार्थ : असंतुलित स्वास्थ्य अच्छा होने की दर

कुछ अध्ययनों ने रोबोटिक सर्जरी के रोगियों का कम दिन अस्पताल में रहने की रिपोर्ट दी है, लेकिन विश्वसनीयता का सबूत दूर तक स्पष्ट नहीं है। अमेरिका ऑर्थोपेडिक सर्जन संघ की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, रोबोटिक सर्जरी के बाद अस्पताल में रहने की लंबाई संस्थानों के बीच अलग अलग थी। कुछ मामलों में, पारंपरिक ऑपरेशन कराने वाले रोगियों का अस्पताल में रहने का समय कम था। इससे यह साबित होता है कि रोबोटिक तरीके के अलावा भी ऑपरेशन के बाद स्वस्थ होने के कारण और भी है।

### मिथक 3 : लंबे समय में अधिक आर्थिक लाभ

रोबोटिक सर्जरी के प्रचारको का तर्क है कि प्रारंभिक निवेश को ना देखें दीर्घकालिक फायदा होता है। तर्क है की शुरुआत में खर्चा ज्यादा होता है पर बाद में बाकी फायदा उसे बराबर कर देते है।

### यथार्थ : उच्च प्रारंभिक और लगातार लागतें

दरअसल वास्तविकता अधिक जटिल है। रोबोटिक प्रणालियों की प्राप्ति और देखभाल लागतें अधिक हैं, जिनके कारण कई स्वास्थ्य संस्थानों को इस प्रौद्योगिकी में निवेश करने में कठिनाई होती है। जर्नल ऑफ़ ऑर्थोपेडिक सर्जरी और रिसर्च में 2020 में प्रकाशित एक अध्ययन ने जोड़ की रोबोट सर्जरियों को पारंपरिक तरीकों की तुलना में 20 प्रतिशत महंगा पाया। जाहिर है ये 20त्न बोझ रोगियों पर ही पड़ता है।

### उपरोक्त चर्चित मिथकों के अलावा, कुछ अधिक संभावित हानियाँ भी हैं -

रोबोटिक सर्जरी के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, सर्जन के प्रशिक्षण में कमी सर्जरी में दुर्घटना पैदा कर सकती है।

प्रत्येक घुटना रिप्लेसमेंट पर आमतौर पर अतिरिक्त 50 से 60 मिनट का समय बढ़ता है, जिससे संक्रमण अधिक होने की संभावना बढ़ती है।

प्रौद्योगिकी में सुधार के बावजूद, रोबोटिक प्रणालियाँ तकनीकी असफलताओं से मुक्त नहीं हैं हड्डियों में सेंसरों के लिए ड्रिल किए जाने वाले पिन कभी-कभी कमजोर हड्डियों में फ्रैक्चर और पिन ट्रैक संक्रमण पैदा कर सकते हैं, जो एक भयानक समस्या हो सकती है। रोबोटिक सर्जरी से जोड़ प्रत्यारोपण मोहित कर सकता हैं। पर हमें दोषों और चुनौतियों का मूल्यांकन करना होगा और इस तकनीकी की सीमाओं को भी स्वीकार करना होगा। केवल प्रमाणित आंकड़ों के माध्यम से हम सही निर्णय ले सकते हैं।